नई दिल्ली

शुक्रवार, 21 फरवरी 2025

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 28, अंक : 313
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00


मौसम
अधि. 31
न्यून. 18



# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


### पीएम मोदी ने दी 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी
## सरकारी कर्मचारियों की 50 प्रतिशत बढ़ेगी सैलरी!



**नई दिल्ली।** आठवें वेतन आयोग के ऐलान के साथ ही केंद्रीय सरकारी कर्मचारी अब अपनी सैलरी में बदलाव का इंतजार कर रहे हैं। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को 8वें वेतन आयोग के गठन के संबंध में जनवरी में बहुप्रतीक्षित अपडेट मिला। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुष्टि ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एनडीए पूरी एकजुटता और मजबूती से लड़ेगा बिहार और पश्चिम बंगाल का चुनाव
# नई दिल्ली में एनडीए दलों की हुई बैठक, पीएम मोदी के अलावा कई मुख्यमंत्री हुए शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और घटक दल के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में पीएम मोदी ने सभी से कहा कि हम आगामी सारे चुनाव एक जुट होकर मजबूती से लड़ेगे और देश में मजबूती से काम करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले डेढ़ साल में सभी चुनाव को चाहे बिहार हो बंगाल हो सभी एनडीए मजबूती से लड़ेगी। दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के कुछ ही घंटों बाद यह उच्च स्तरीय बैठक हुई। इसके साथ ही बैठक में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस, बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, जदयू के ललन सिंह, शिवसेना के एकनाथ शिंदे, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के अलावा केशव चंद्र मौर्य, ब्रजेश पाठक शामिल



हुए। बैठक को लेकर बीजेपी के महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि एनडीए की बैठक सभी दलों के नेता, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री बीजेपी दिल्ली सरकार के गठन में आए थे। उसके बाद प्रधानमंत्री के साथ एनडीए के सभी नेताओं बैठक हुई और सब ने प्रधानमंत्री को दिल्ली जीत पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि साथ ही आने वाले डेढ़ साल में सभी चुनाव को चाहे बिहार हो बंगाल हो सभी चुनाव एनडीए मजबूती से लड़ेगी। सभी ने प्रधानमंत्री मोदी को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में सभी चुनाव को एनडीए पूरी एकता और मजबूती के साथ लड़ेगी। बता दें कि लोकसभा चुनाव भाजपा ने एनडीए दलों के साथ मिलकर लड़ा था और उसमें एनडीए को बहुमत मिला है और पीएम मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं। लोकसभा चुनाव के बाद जितने भी विधानसभा चुनाव हुए हैं, एनडीए ने मिलकर लड़ा है और कई चुनावों में एनडीए गठबंधन को जीत भी मिली है। अब इस साल बिहार विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। भाजपा ने पहले ही ऐलान कर दिया है कि एनडीए के घटक दल और जदयू के नेता नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### कांग्रेस नेता सोनिया गांधी अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी को गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें दिल्ली के गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक सोनिया गांधी को रुटीन चेकअप के लिए भर्ती किया गया है। उन्हें आज सुबह तक अस्पताल से डिस्चार्ज किया जा सकता है।

### डिप्टी सीएम शिंदे को बम से उड़ाने की धमकी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को धमकी मिली है। उन्हें धमकी देते कहा है कि गाड़ी को बम से उड़ा देंगे। इस मामले में गोरेगांव पुलिस जांच में जुटी है। पता लगाया जा रहा है कि ये धमकी किसने दी है। गोरेगांव पुलिस, जेजे मार्ग पुलिस स्टेशन, मंत्रालय और 2 जगह पर अज्ञात शख्स ने धमकी देते हुए ईमेल किया है।

### केंद्र सरकार ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को दी चेतावनी



**नई दिल्ली।** रणवीर इलाहाबादिया और समय रैना के अश्लील टिप्पणियों का मामला जैसे ही तूल पकड़ा, केंद्र सरकार एक्शन मोड में आ गई। केंद्र ने अब सोशल मीडिया पर फैली अश्लीलता और अश्लील चुटकुलों को लेकर उठे विवाद के बीच सख्ती बरतना शुरू कर दिया है। केंद्र ने ओटीटी को कानून द्वारा बैन सामग्री प्रसारित करने के खिलाफ चेतावनी दी है।

### दिल्ली के रामलीला मैदान में उपराज्यपाल सक्सेना ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ
# रेखा गुप्ता बनीं दिल्ली की मुख्यमंत्री आधा दर्जन मंत्रियों ने भी ली शपथ

प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इंद्रराज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज बने मंत्री। पीएम मोदी, भाजपा अध्यक्ष नड्डा और गृहमंत्री शाह समेत कई मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद।



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

रेखा गुप्ता दिल्ली की मुख्यमंत्री के तौर पर अपने छह मंत्रियों के साथ बृहस्पतिवार को रामलीला मैदान में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। दिल्ली में 27 साल बाद आई भाजपा सरकार की कमान अब रेखा गुप्ता के हाथ में आ गई है। मंत्रिमंडल में शामिल किये गये विधायकों में प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इंद्रराज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह हैं। उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर पीएम नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा कई राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों सहित भाजपा संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे। रेखा गुप्ता तथा पांच मंत्रियों ने हिन्दी में शपथ ली जबकि मनजिंदर सिरसा ने पंजाबी में शपथ ली।




**प्रवेश वर्मा:** नई दिल्ली विधानसभा सीट से आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल को हराकर विधायक बने प्रवेश वर्मा ने सीएम रेखा गुप्ता के बाद शपथ ली। मुख्यमंत्री की रेस में शामिल रहे प्रवेश दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के बेटे हैं। महरौली से वे 2013 में विधायक बने। फिर 2014 और 2019 में पश्चिम दिल्ली सीट सांसद निर्वाचित हुए। प्रवेश को दिल्ली देहात का जाट नेता माना जाता है।

**आशीष सूद:** आशीष सूद ने भी मंत्री पद की शपथ ली। आशीष सूद जनकपुरी से चुनाव जीते हैं। वे पहली बार विधायक बने हैं। इससे पहले आशीष पार्षद रहे हैं। वे भाजपा के गोवा व जम्मू कश्मीर के प्रभारी भी हैं। सूद पंजाबी समाज से आते हैं। प्रदेश भाजपा नेतृत्व भी पंजाबी समाज से ही है। सूद को पंजाबी कोटे से मंत्रिमंडल में जगह दी गई है।

***मनजिंदर सिंह सिरसा:*** *मनजिंदर सिंह सिरसा को भी दिल्ली की नई कैबिनेट में शामिल किया गया। वह पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह की गुड बुक में शामिल रहे हैं। वह राजौरी गार्डन से विधायक हैं। तीसरी बार विधायक बने सिरसा दिल्ली में भाजपा का सिख चेहरा हैं। साल 2021 में मनजिंदर सिंह सिरसा शिरोमणि अकाली दल से भाजपा में शामिल हुए थे। सिरसा को दिल्ली भाजपा का सिख चेहरा माना जाता है।*

***रविन्द्र इंद्राज सिंह:*** *उत्तर पश्चिम दिल्ली की बवाना आरक्षित सीट से पहली बार विधायक बने रविन्द्र सिंह का कद दिल्ली की राजनीति में एकदम से बढ़ा है। वे पहली बार मंत्री बने हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में हार गये थे लेकिन क्षेत्र में अपनी सक्रियता के बल पर हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में उन्होंने बड़े अंतर से जीत हासिल की। रविन्द्र के पिता इंदराज सिंह 1993 में नरेला सीट से भाजपा के विधायक बने थे। उन्हें मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति के प्रतिनिधि के तौर पर* ▸▸ शेष पेज 5 पर



### मंच पर पीएम मोदी की विष्णु से आत्मीयता

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** दिल्ली में गुरुवार को नए मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता ने शपथ ली, लेकिन इस समारोह में एक ऐसा दृश्य भी देखने को मिला जिसने सबका ध्यान खींच लिया। मंच पर जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आए, तो उन्होंने एनडीए के तमाम नेताओं समेत भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों भी से बारी बारी मुलाकात की, लेकिन जब बारी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव की आई, तो माहौल अलग ही नजर आया। प्रधानमंत्री मोदी ने बड़े ही आत्मीय अंदाज में विष्णुदेव साय का हाथ थाम लिया और बस फिर क्या था! कुछ क्षणों के लिए मंच पर यह दृश्य खास बन गया। पीएम मोदी ने न सिर्फ हाथ मिलाया, बल्कि लंबे समय तक विष्णुदेव साय का हाथ थामे रहे, उनके हालचाल पूछते रहे और छत्तीसगढ़ के विकास को लेकर चर्चा की। इस दौरान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी वहां मौजूद थे। पीएम मोदी ने उनसे भी बातचीत की, लेकिन खास बात यह रही कि उनके शब्दों के साथ-साथ विष्णुदेव साय का हाथ भी मजबूती ▸▸ शेष पेज 5 पर

### तीनों सशस्त्र सेनाओं सहित तटरक्षकबल की बढ़ेगी युद्धक और परिचालन क्षमता



## रक्षा मंत्रालय ने दी 1,917 करोड़ से अधिक के दो समझौतों को मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

भारत के पड़ोस में लगातार बढ़ते सुरक्षा खतरों के बीच गुरुवार को रक्षा मंत्रालय ने कुल 1 हजार 917.47 करोड़ रुपए के दो महत्वपूर्ण समझौतों को हरी झंडी प्रदान की है। पहला समझौता 1220.12 करोड़ रुपए का है और इससे तटरक्षकबल के लिए मेसर्स भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु से 149 सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो की खरीद की जाएगी। दूसरा समझौता 697.35 करोड़ रुपए का है। जिससे मेसर्स एसीई और मेसर्स जेसीबी इंडिया लिमिटेड से तीनों सशस्त्र सेनाओं के लिए 1 हजार 868 रफ टेरेन फोर्क लिफ्ट ट्रकों (आरटीएफएलटी) की खरीद की जाएगी। दोनों समझौतों के जरिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर बताया कि इन दोनों समझौतों पर हस्ताक्षर के दौरान रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे। ▸▸ शेष पेज 5 पर

### सूचना के सुरक्षित आदान-प्रदान में सहायक

*मंत्रालय ने बताया कि तटरक्षकबल के लिए की गई रेडियो की खरीद भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत की गई है। जबकि दूसरे समझौते को बॉय (इंडियन) श्रेणी के तहत अमलीजामा पहनाया जाएगा। सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो संचार का एक अत्याधुनिक उपकरण है। जिसकी मदद से रेडियो हाई-स्पीड डेटा और सुरक्षित वॉयस संचार के जरिए सुरक्षित-विश्वसनीय सूचना साझा करने, सहयोग और संदर्भपरक जागरूकता को सक्षम करेंगे। तटरक्षकबल की समुद्री कानून प्रवर्तन, खोज-बचाव अभियान, मत्स्य, समुद्री पर्यावरण संरक्षण के साथ ही अपनी तमाम जिम्मेदारियों को पूरा करने की क्षमता मजबूत होगी। इसके अलावा यह रेडियो नौसेना के साथ संयुक्त अभियानों के लिए पारस्परिक संचालन क्षमता में इजाफा करेंगे।*

### 5 देशों में पनामा और फिलिस्तीन के राजनयिक भी शामिल
## पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति मुर्मू को सौंप दिए अपने-अपने परिचय पत्र



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

राष्ट्रपति भवन में गुरुवार को आयोजित किए गए एक समारोह में पनामा, गयाना, सूडान, डेनमार्क और फिलिस्तीन के राजदूतों व उच्चायुक्तों ने अपने परिचय पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपे। जिन्हें उन्होंने स्वीकार किया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रपति को परिचय पत्र सौंपने वाले राजनयिकों में पनामा गणराज्य के राजदूत अलोंसो कोरेया मिगुएल, गयाना के उच्चायुक्त धरमकुमार सीराज, सूडान के राजदूत डॉ.मोहम्मद अब्दुल्ला अली एल्टॉम, डेनमार्क के राजदूत रासमस एबिल्डगार्ड क्रिस्टेंसन और फिलिस्तीन के राजदूत अब्दुल्ला मोहम्मद ए.अबुशावेश शामिल ▸▸ शेष पेज 5 पर

## जी-20 की बैठक से इतर रूस, ब्राजील के विदेश मंत्रियों से मिले एस.जयशंकर

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

जी-20 के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग पहुंचे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को कई देशों के अपने समकक्षों यानी विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। इसमें रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वांग, इथोपिया के विदेश मंत्री गेडियन टिमोथियोस और सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन शामिल हैं। जयशंकर ने एक्स पर कुछ पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि



जोहान्सबर्ग में जी-20 की बैठक से इतर कुछ देशों के विदेश मंत्रियों के साथ संयुक्त रूप से मुलाकात हुई। जबकि कुछ विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठक के जरिए चर्चा की।

### ब्राजील, सिंगापुर के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक

विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा, जोहान्सबर्ग में विदेश मंत्रियों की बैठक में सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ हमेशा की तरह अच्छी बातचीत हुई। जिसमें वैश्विक स्थिति और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में हमारे कार्य पर चर्चा की गई। ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा के साथ मुलाकात में द्विपक्षीय संबंधों, वैश्विक विकास, जी-20 में हमारे कार्य और ब्राजील की ब्रिक्स की अध्यक्षता पर चर्चा की गई। इसके ▸▸ शेष पेज 5 पर

### केंद्र के मुख्य आर्थिक सलाहकार
## नागेश्वरन का कार्यकाल मार्च 2027 तक बढ़ा, मंजूरी मिली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने 28 जनवरी, 2022 को सरकार द्वारा सीईए का पदभार ग्रहण किया था। सीईए का कार्यालय विभिन्न आर्थिक नीतियों पर सरकार को सलाह देने और केंद्रीय बजट से एक दिन पहले संसद में पेश किए जाने वाले आर्थिक सर्वेक्षण का मसौदा तैयार करता है। अब उनका कार्यकाल मार्च 2027 तक के लिए बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने अनुबंध के आधार पर



नागेश्वरन के कार्यकाल को 31 मार्च 2027 तक के लिए मंजूरी दे दी है। सीईए का पदभार संभालने से पहले नागेश्वरन ने एक लेखक, शिक्षक और सलाहकार के रूप में काम किया है। वह 2019 से 2021 तक प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अंशकालिक सदस्य भी रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने भारत और सिंगापुर में कई बिजनेस स्कूलों और प्रबंधन संस्थानों में पढ़ाया है और व्यापक रूप से लेख प्रकाशित किए हैं। नागेश्वरन के पास भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद से प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (एमबीए) की डिग्री है। उन्होंने विनिमय दरों के अनुभवजन्य व्यवहार पर अपने काम के लिए 1994 में मैसाचुएट्स विश्वविद्यालय से वित्त में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की। वह आईएफएमआर ग्रेजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन और क्रेआ विश्वविद्यालय में अर्थशास्त्र के प्रतिष्ठित विजिटिंग प्रोफेसर थे। नागेश्वरन ▸▸ शेष पेज 5 पर

### अपने नागरिकों को मदद देने के लिए स्थानीय सरकार के साथ मिलकर कर रहे हैं काम
# सुरक्षित हैं अमेरिका से निकलकर पनामा के होटल में ठहराए गए भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका में अवैध प्रवेश के दौरान पकड़े जाने के बाद बाहर निकाले गए करीब 300 लोगों को पनामा के एक होटल में ठहराए जाने के मामले पर गुरुवार को भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसमें पनामा में भारतीय दूतावास ने एक्स पोस्ट में कहा कि पनामा के अधिकारियों ने हमें बताया है कि कुछ भारतीय अमेरिका से पनामा पहुंचे हैं। वे सुरक्षित हैं और एक होटल में ठहरे हुए हैं। जहां उनके लिए सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। दूतावास की टीम ने भारतीय नागरिकों से मिलने की अनुमति ले ली है। हम उनकी देखभाल के लिए स्थानीय सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा दूतावास ने अपने नागरिकों की मदद के लिए एक आपातकालीन नंबर (+50762213065) भी जारी किया है।



### अपने देश लौटने को तैयार नहीं लोग

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह 300 लोग एशिया के करीब 10 देशों के रहने वाले हैं। जिसमें श्रीलंका, नेपाल, भारत, चीन, ईरान, पाकिस्तान, अफगानिस्तान शामिल हैं। पूर्व में इनमें से 40 फीसदी लोगों का कहना था कि वो अपने देश वापस जाने के लिए तैयार नहीं हैं। क्योंकि वहां उनका जीवन सुरक्षित नहीं है। जबकि अब इस संबंध में यह जानकारी मिल रही है कि इनमें से आधे से अधिक यानी 171 लोग ▸▸ शेष पेज 5 पर

### भारत लौटे तीन बैच में 333 लोग

*गौरतलब है कि बीते 5 फरवरी से लेकर अब तक अमेरिका से तीन बैच में कुल 333 भारतीयों की वापसी हो चुकी है। इनमें से सबसे ज्यादा 126 लोग पंजाब के रहने वाले थे। जिसकी वजह से अमेरिका के सैन्य विमानों की अमृतसर हवाईअड्डे पर लैंडिंग कराई गई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले साल अपने चुनाव अभियान के दौरान और 20 जनवरी 2025 को कार्यभार संभालने के साथ ही अवैध प्रवासियों को अमेरिका से बाहर निकालने के लिए सख्त नीति अपनाने की घोषणा की थी। इसी के तहत भारत पहुंचे अवैध प्रवासियों के पहले जत्थे को विमान में बिठाने से पहले उनके हाथों में हथकड़ी और पैरों में बेड़ियां डाली गई थीं। जिसकी देश में राजनीतिक स्तर पर चौतरफा आलोचना हुई थी। इसके बाद हालांकि विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मामले पर संसद में सरकार का पक्ष रखते हुए कहा था कि अमेरिका ने इस प्रकरण में 2012 से जारी मानक प्रक्रिया (एसओपी) का ही पालन किया है।*

## बंगाल में लोकसभा चुनाव के दौरान की थी हत्या

# पॉलिटिकल पार्टी के कार्यकर्ता की हत्या में दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान पश्चिम बंगाल में एक राजनीतिक हत्या के मामले में वांछित दो फरार आरोपियों को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बमबारी और फायरिंग की थी। दोनों आरोपियों को पश्चिम बंगाल की अदालत द्वारा भगौड़ा भी घोषित किया जा चुका था।



पुलिस के अनुसार दक्षिणी रेंज, अपराध शाखा की टीम ने आया नगर इलाके से इन्हें गिरफ्तार किया। 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान केतुग्राम थाना अंतर्गत, पूर्वी वर्धमान के एक सनसनीखेज राजनीतिक हत्या के मामले में ये वांछित थे। इस मामले में एक राजनीतिक दल के एक पूर्व सदस्य की बदमाशों के एक समूह ने बमबारी और गोलीबारी करके हत्या कर दी थी। जबकि मृतक का साथी भागने में सफल रहा था। हालांकि इस हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पकड़े गये आरोपियों के नाम नूरशेद शेख (37) और असरोफ शेख (40) निवासी चेचुरी, दक्षिणपारा अनखोना, केतुग्राम, वर्धवान, पश्चिम बंगाल है। पुलिस के अनुसरा 12 मई 2024 को यह वारदात हुई थी। मिंटू शेख नाम के एक पूर्व तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता पर बदमाशों के एक समूह ने हमला किया था। घटना उस समय अंजाम दी गई थी जब वह नजरूल इस्लाम नामक शख्स के साथ मोटरसाइकिल पर सुबीपुर गांव से लौट रहे थे। मिंटू शेख को बेरहमी से चाकू मारे गये थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान बमबारी और गोलियां भी चलाई गई थी। इस घटना से क्षेत्र में चल रही मतदान प्रक्रिया के बीच तनाव बढ़ गया है। मामले में कुल छह अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था। उपरोक्त अभियुक्तों सहित शेष 10 अभियुक्त फरार थे। दोनों आरोपियों को साकेत कोर्ट में पेश किया गया। उनकी गिरफ्तारी के संबंध में केतुग्राम थाने की पुलिस को सूचित किया गया था। बंगाल पुलिस इनकी हिरासत लेने के लिए दिल्ली आई है।

## गुलाबी बाग मर्डर केस में पुलिस ने किया खुलासा

# संपत्ति हड़पने के लिये करवाई थी पति की हत्या, कांट्रेक्ट किलर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

उत्तरी जिले की पुलिस ने एक कांट्रेक्ट किलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में खुलासा किया कि गुलाबी बाग में महिला ने ही अपने पति की सुपारी देकर हत्या करवाई थी। स्पेशल स्टाफ और रूप नगर थाने की पुलिस ने कांट्रेक्ट किलर को पंजाब से गिरफ्तार किया है।

डीसीपी राजा बांठिया के अनुसार मृतक सोनू की 2 और 3 फरवरी की दरमियानी रात को गुलाबी बाग स्थित उसके घर पर हत्या कर दी गई थी। उसके शव को रूप नगर में एफसीआई गोदाम के बाहर एक बरसाती नाले में फेंक दिया गया था। फिंगरप्रिंट के आधार पर उसकी पहचान की गई थी। मृतक के फिंगरप्रिंट का विवरण डोजियर रिकॉर्ड में उपलब्ध था, क्योंकि वह कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा था। पंजाब के मुक्तसर साहिब में छापेमारी कर आरोपी बग्गा सिंह को गिरफ्तार किया गया। उसने मृतक की पत्नी की संलिप्तता का खुलासा किया।



हत्या गला घोंटकर की गई थी। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसने अपने दोस्त गुरप्रीत के साथ मिलकर अपनी पत्नी सरिता के निर्देश पर सोनू नागर की हत्या की थी। आरोपी ने खुलासा किया कि मृतक शिकायतकर्ता का दूसरा पति था। मृतक की पत्नी अपने पति से छुटकारा पाना चाहती थी। उसकी नजर पति की संपत्ति पर थी।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) CrPC. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुनील बैरवा पुत्र** स्वः कैलाश चन्द बैरवा, निवासी प्लॉट नं. 12, सैक्टर-5 डीएसआईआईडीसी बवाना, दिल्ली ने **FIR. No. 151/14 U/s 279/304A/ IPC & 3/181, 5/180,146/196 MV Act थानाः बवाना, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुनील बैरवा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुनील बैरवा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 151/14 u/s 279/304A IPC & 3/181, 5/180,146/196 MV Act. थानाः बवाना, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुनील बैरवा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सार्थक पंवार
एल.डी. एमएम–05, कमरा नं. 114
रोहणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2023/ON/2025
(court matter)


# उड़ीसा से गांजे की खेप दिल्ली लाने वाले चार दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट स्पेशल स्टाफ ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एक नाबालिग समेत चार लोगों को पकड़ा गया है। इनके पास से 32 किलो 480 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गये गांजा तस्करों के नाम गौतम कुमार शर्मा, नितिन और जयहिंद बताये गये हैं। डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के अनुसार यह गैंग ट्रेन के जरिये गांजा की तस्करी करते थे। तीनों बालिग आरोपी उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर, बहराइच और नोएडा के रहने वाले हैं। गौतम विनोद से गांजा की खेप लेता था। पुलिस टीम ने रिंग रोड पर सफदरजंग एंक्लेव के पास ट्रैप लगाकर इन्हें पकड़ा। इनसे आठ पार्सल वाला बैग बरामद हुआ था।



■ आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल

पूछताछ में पता चला कि गांजे की खेप दिल्ली पहुंचने के बाद चंद्र विहार इलाके आती थी। इसके बाद अन्य इलाकों में भेजा जाता था। हर एक डिलीवरी पर गौतम को 10 हजार रुपये कमीशन मिलता था। बरामद किए गए गांजे की कीमत छह लाख के आसपास बताई गई है।

# एमपी का महिला गैंग बैंक ग्राहकों को बनाता था ठगी का शिकार



■ ग्रुप में घेरकर और बातों में उलझाकर दिखाती थी हाथ की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

मायापुरी पुलिस ने दो महिला चोरों को गिरफ्तार किया है। ये बैंक ग्राहकों को टारगेट करती थी। इनके नाम नरगिस और अंजलि बताये गये हैं। दोनों मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले की रहने वाली है। इनके पास से पुलिस ने चुराए गए पैसों से खरीदे गए कपड़े भी जब्त किये हैं।

पुलिस के अनुसार 11 फरवरी को एक महिला द्वारा शिकायत की गई थी। महिला ने बताया कि वह 7 फरवरी को कैश लेकर बैंक के बाहर निकली तो तीन चार महिलाओं ने उन्हें बातों में लगा लिया। इसी दौरान उनके बैग से दो लाख रुपये चुरा लिये गये। एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गये। आखिरकार कई दिनों की मशक्कत के बाद उनके ठिकाने के बारे में पता चल गया। पूछताछ से पता चला कि ये महिलाएं ग्रुप में वारदात करती थी। खासकर सरकारी बैंक के ग्राहकों को टारगेट करती थी, जहां पर अक्सर ज्यादा भीड़भाड़ होती है। वारदात को अंजाम देने के बाद वे कभी ई रिक्शा तो कभी ऑटो और अन्य ट्रांसपोर्ट के साधनों से तुरंत फरार हो जाती थी।

# डंपर से कुचलकर छात्रा समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

गोविंदपुरी इलाके में बुधवार को बाइक सवार 10वीं कक्षा की छात्रा और एक युवक को नगर निगम के डंपर ने कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक छात्रा ने पेपर में लेट होने की वजह से बाइक सवार से लिफ्ट ली थी। हादसा ओखला एस्टेट मार्ग पर हुआ। गोविंदपुरी पुलिस ने आरोपी डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार सेक्टर-45,



फरीदाबाद निवासी मनोज कलोसिया की बेटी मायरा राज कालकाजी एक्सटेंशन स्थित स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा थी। मनोज पहले दक्षिणपुरी में ही रहते थे। मगर कुछ समय पहले वह फरीदाबाद शिफ्ट हो गए थे। ऐसे में बेटी की दसवीं बोर्ड परीक्षाओं का सेंटर दिल्ली में था। छात्रा का बुधवार को दसवीं का साइंस का पेपर था। मायरा अपने पिता मनोज के साथ कार में गोविंदपुरी स्थित सेंटर पर पेपर देने जा रही थी। तुगलकाबाद एक्सटेंशन के पास ट्रैफिक ज्यादा होने के कारण उन्हें सेंटर पहुंचने में देर हो रही थी। मनोज ने वहां से गुजर रहे बाइक सवार शाहीन बाग निवासी जावेद खान को रोककर बेटी की बोर्ड परीक्षा में हो रही देरी की बात बताई। उसे सेंटर तक छोड़ने का अनुरोध किया। युवक ने छात्रा को लिफ्ट दी और चल पड़ा। आगे ओखला एस्टेट रोड पर चल रहे एमसीडी डंपर ने मोटरसाइकिल को साइड मार दी। मायरा और जावेद डंपर के पिछले टायर के नीचे आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा लिफ्ट वाली जगह से 25-30 मीटर की दूरी पर ही हुआ। अपने सामने बेटी की दुर्घटना में मौत देख मनोज कलोसिया बेसुध हो गये। उधर जावेद की छह महीने की बेटी है। डेढ़ साल पहले ही उसकी शादी हुई थी। वह इंश्योरेंस कंपनी में एग्जीक्यूटिव थे और सुबह अपने आफिस जा रहे थे।

## दिल्ली आर्थिक अपराध शाखा ने 80 लाख रुपये की ठगी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सालभर में निवेश राशि दोगुना करने का झूठा वादा कर 65 से अधिक लोगों को धोखा देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कहा कि आरोपी इंद्रजीत सिंह (55) ने लोगों से लगभग 80 लाख रुपये ठगे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (ईओडब्ल्यू) अमृता गुगुलोथ ने एक बयान में कहा, ₹आरोपी जहांगीरपुरी के महेंद्र पार्क का निवासी है और वह बड़े पैमाने पर पोंजी स्कीम चला रहा था। पीड़ित मनमीत सिंह की शिकायत के आधार पर आर्थिक अपराध शाखा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने उन्हें एक निजी फर्म के तहत धोखाधड़ी वाली योजनाओं में निवेश के लिए प्रलोभन किया। पुलिस ने कहा कि जांच से पता चला है कि इंद्रजीत ने फर्जी रसीदें जारी करके धन का दुरुपयोग किया और बाद में जब पीड़ितों ने अपने पैसे मांगे तो वह फरार हो गया। आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों ने जांच में पाया कि इंद्रजीत ने एक 'पोंजी' स्कीम मॉडल का इस्तेमाल किया, जहां शुरुआती निवेशकों को नए निवेशकों के पैसे का इस्तेमाल कर भुगतान किया जाता था ताकि उनमें विश्वास पैदा हो सके। शुरुआती भुगतान से उत्साहित होकर पीड़ितों ने अपने रिश्तेदारों को इस योजना से परिचित कराया, जिससे धोखाधड़ी और बढ़ गई। पुलिस ने इंद्रजीत को 15 फरवरी को गिरफ्तार किया और जांच के लिए उसे पुलिस हिरासत में ले लिया गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## गोकुलपुरी में पत्नी की हत्या के आरोप में पति दबोचा


**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके में पुलिस ने एक व्यक्ति को पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी हर्ष गोयल (34) को खजूरी खास इलाके से गिरफ्तार किया गया और उससे मिली जानकारी के आधार पर हत्या में इस्तेमाल किया गया चाकू बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, 17 फरवरी को सुबह नौ बजकर आठ मिनट पर गोकुलपुरी थाने में एक पीसीआर कॉल आई जिसमें जोहरीपुर पुलिया इलाके में 27 वर्षीय एक महिला पर हमले की सूचना दी गई थी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और टीम को सड़क पर खून के निशान मिले। घायल महिला को पहले ही जेपीसी अस्पताल ले जाया जा चुका था जहां पेट में गंभीर चोटों के कारण उसने दम तोड़ दिया। घटनास्थल से उसका मोबाइल फोन गायब था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गयी और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की समीक्षा के बाद गोयल की पहचान हुई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। गोयल ने वैवाहिक विवादों के कारण अपनी पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने बताया कि जांच में यह भी सामने आया कि गोयल का आपराधिक इतिहास रहा है और तमिलनाडु में उसके खिलाफ दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने महिला का लापता मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। मामले में जांच जारी है।

## अधिकतम तापमान रहा सामान्य से चार डिग्री ज्यादा

# कई दिनों बाद हुई हल्की बारिश दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

राजधानी में लंबे इंतजार के बाद बुधवार देर रात के बाद दूसरे दिन गुरुवार को कई क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी दर्ज हुई, जिसके बाद मौसम ने हल्की करवट ले ली है। दिन भर आसमान पर बादलों का आना जाना लगा रहा, लेकिन दोपहर बाद बारिश देखने को नहीं मिली। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार सर्दियों के तहत फरवरी माह में यह गुरुवार दूसरी बार है जब हल्की बारिश दर्ज



हुई। इससे पहले इसी माह 4-5 फरवरी को दिल्ली में पहली बारिश के रूप में महज 0.5 मिमी ही बरसात दर्ज हुई। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में 21.5 मिमी बारिश होती रही है, लेकिन इस बार बारिश का आंकड़ा महज खानापूर्ति वाला ही रहा है। आईएमडी का अनुमान है कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली-एनसीआर में कल भी हल्की बारिश की संभावना बन रही है। आईएमडी के अनुसार दिन का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 10.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य के बराबर है। वहीं निजी मौसम विज्ञान अनुमान कंपनी स्काईमेट वेदर का कहना है कि दिल्ली एनसीआर में बुधवार देर रात हुई बारिश से हल्की ठंड महसूस की गई। जिसके बाद दिल्ली में गुरुवार सुबह 8 बजे तापमान 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं इससे पहले बुधवार को न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 2.2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा था। वहीं अधिक तापमान 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अनुमान है कि 21 से 25 फरवरी के बीच आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इस बीच अधिकतम तापमान 26 से 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10 से 14 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा सकता है।


**IndusInd Bank**

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**HYPOTHECATED REPOSSESSED VEHICLE AUCTION/SALE NOTICE TO GENERAL PUBLIC**

**IndusInd Bank Ltd.** is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Soecification on "**AS IS WHERE IS BASIS**" Vehicle's Model & Reaistration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DDF02480D | DELHI ORRISA ASSAM ROADWAYS | HR38AE6706 | PNEZ401584 | MB1AZGCD9PAMN6481 | AL ECOMET STAR 1815 HSD BS6 | 2023 |
| DGP00873D | RCM LOGISTICS | RJ14GQ2919 | PLPZ111951 | MB1CWCHD6PPLW0193 | AL 2820 32FT BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2023 |
| DBR01976C | MAMTA M | DL9CAZ8126 | K12NP1300864 | MBHCZCB3SNJA95772 | MARUTI NEW SWIFT S CNG VXI BS VI | 2022 |
| DBR02256C | PRAVEEN K SHARMA | DL3CCX6362 | REVTRN13PXXKH0356 | MAT637056NKPB5749 | TATA TIGOR XZ+ 1.2 CNG BS VI | 2023 |
| DDY04064C | BRIJESH KUMAR | UP16DD1770 | K12NP7005018 | MBHHWB13SNB103550 | MARUTI BALENO DELTA 1.2 ISS 5MT BS VI | 2022 |
| AA3C52330 | SUHEL AHMED | UP14FU5482 | G4LAPM722686 | MALB341CLPM233018 | HYUNDAI AURA VTVT SX CNG BS VI | 2023 |
| DDV03801C | K DEEPAK | UP14DB8501 | 101A2000-0618845 | MAT624051GPD14219 | TATA ZEST XT 90 PS QJET 1.3 DIESEL BS IV | 2017 |
| DDV04387C | TODDY ALCOFFERS | UP16DK9999 | 0009Y398 | WBACW2701NY412298 | BMW X7 XDRIVE 40I M SPORT BS 6 | 2022 |
| DDV04404C | C INTZAR | UP16BV9984 | D13A-5632607 | MA3NYFB1SJD374008 | MARUTI VITARA BREZZA VDI | 2018 |
| DDV04405C | C INTZAR | UP16BV9984 | D13A-5632607 | MA3NYFB1SJD374008 | MARUTI VITARA BREZZA VDI | 2018 |
| DED01561C | K TASLIM | DL5CU0711 | K10CNC051004 | MA3JMTB1SNC655525 | MARUTI WAGON R LXI 1.0L CNG BS VI | 2022 |
| DED01755C | K ROHIT | DL10CH2524 | L15Z12216293 | MAKGM65DEF4102845 | HONDA CITY 1.5 VX MT I-DTEC | 2015 |
| DED02150C | S MOHINI | UP14FM8602 | D4FAPM775867 | MALFC81DLPM427597 | HYUNDAI VENUE 1.5 CRDI S+ MT BS VI | 2023 |
| DED02356C | G ADITYA | UP14MT9342 | G4LAPM595474 | MALB241CLPM206077 | HYUNDAI AURA VTVT S CNG BS VI | 2023 |
| DED02359C | B HARENDRA RAGHAV | UP14FC2015 | K12NP7045225 | MBHHWB13SND148844 | MARUTI BALENO ZETA 1.2 ISS 5MT BS VI | 2022 |
| DED02360C | B HARENDRA RAGHAV | UP14FC2015 | K12NP7045225 | MBHHWB13SND148844 | MARUTI BALENO ZETA 1.2 ISS 5MT BS VI | 2022 |
| DDV04312C | R SACHIN | UP16DS1766 | K12NP1401659 | MBHCZCB3SPCC12019 | MARUTI NEW SWIFT LXI 1197 CC BS VI | 2023 |
| 940000047950 | K RAM | UP16MT5330 | E416NCPM459121 | MC2EGKRC0RA543162 | EICHER PRO 2059 XP F HSD BS6 CNG 16FT P | 2024 |
| 940000062366 | RAJESH KUMAR K R | HR38AG5833 | SLTNG6LN283251 | MBUWEL4HBM0296214 | SARTAJ HG 72 BS VI CNG | 2024 |
| 940000243932 | DHARMVEER D RAGHUVEER | UP16NT5111 | TTP4G19512 | MA1RE2TTKP6G46753 | MAHINDRA MAXX HD 2.0 L LX BS6II | 2024 |
| 999000033920 | S ASHOK | DL1LAG7532 | E416NCNB383565 | MC2EHGRC0NB502907 | EICHER PRO 2075 G BS6 CNG HSD 17FT | 2024 |
| DAS04118L | K LALIT | HR55AN3380 | E426CDPA419014 | MC2CBMRC0PA084087 | EICHER PRO 3018 22FT HSD DIESEL BS6 | 2023 |
| DDP00672L | Y GOVIND | HR55AN5367 | UKN1G27619 | MA1ZP2UKKN1G72241 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2022 |
| DDV02291L | S OMPARKASH | DL1LAJ7351 | MPH016322P | MB1AA23E4PRMG1118 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2023 |
| DDV02653L | RS SCAFFOLDINGS | DL1LAM0379 | LYP4K33909 | MA1RE2LYKP6K25006 | MAHINDRA BOLERO MAXX CITY1.5 LX BS6II | 2024 |
| DDZ02544L | S ASHOK | DL1LAG7532 | E416NCNB383565 | MC2EHGRC0NB502907 | EICHER PRO 2075 G BS6 CNG HSD 17FT | 2022 |
| DED00836L | K SATYENDRA | DL1LAL4102 | UKP1A80607 | MA1ZP2UKKP1A15530 | BMT PLUS CNG PS BS VI | 2023 |
| DED00884L | Z MOHD | DL1LAL5303 | LYP1E10680 | MA1RD2LYKP6F35512 | BOLERO MAXX CITY LX BS6 | 2023 |
| DED00942L | K SHATRUDHAN | DL1LAL9058 | LYP4K25342 | MA1RD2LYKP6L33866 | BOLERO MAXX CITY LX BS6 | 2024 |
| DSG00566L | T LALIT | DL1LAJ5313 | 4SPCR16AWX603018 | MAT804709P8A01607 | TATA LPT 710 38 HSD BS VI | 2023 |
| 940000066357 | MOHAMMAD ANWAR | DL1LAM3580 | PRH011368P | MB1AA23E0RRPT2327 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2024 |
| DDM01065L | K SUJEET | DL1LAH7689 | E416NCNE394089 | MC2EGFRC0NEB15132 | EICHER PRO 2059 XP F HSD BS6 CNG 16FT P | 2022 |
| DDM01112L | K RAKESH | DL1LAJ1489 | GNH040421P | MB1AA23E1NRGZ2840 | AL DOST CNG LS FSD BS 6 | 2022 |
| DDV01923L | O AMIT | UP16HT8307 | 38SGI79BXX604888 | MAT810016N8B04422 | TATA 709G LPT DCR38 CBC CNG BS VI | 2022 |
| DDZ02739L | M SULEMAN | DL1LAH9343 | UKN1G26081 | MA1ZN2UKKN1G65184 | BOLERO PIK-UP CNG PS BS VI | 2022 |
| DDZ03259L | S AMIT KUMAR SINGH | DL1LAM1061 | LYP4K15608 | MA1RD2LYKP6K28995 | BOLERO MAXX CITY LX BS6 | 2023 |
| 930000001230 | K RUPESH | DL1LAM1819 | 275CNG18KWXSE0035 | MAT556013PVK59297 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2024 |
| 930000016278 | KAJIM UDDIN AHAMED | HR55AS5474 | AZXWRK61538 | MD2B25BX0RWK00813 | BAJAJ MAXIMA CARGO CNG BS6 | 2024 |
| 930000045896 | HARISH H RAM ASRE | UP26AT1897 | AZXWRK69726 | MD2B47AXXRWK18498 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2024 |
| 930000073387 | VIKESH V RATAN SINGH | HR38AG6792 | AZXWPG65577 | MD2B47AX3PWG42427 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2024 |
| 930000073974 | MD. ANSARUL | HR55AT9602 | AZXWPG36971 | MD2B47AX6PWG26934 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2024 |
| 930000111430 | MEENU KASHPAY | UP85ET4595 | TD3CSC23025684 | MBX000ACF3C393685 | APE AUTO HT DX CNG BS6 | 2024 |
| 930000118105 | VIJAY KUMAR | UP80JT1587 | AZXWRA04959 | MD2B47AX2RWA64775 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2024 |
| 933000010888 | ASHOK KUMAR | HR73B6224 | 275CNG18PWXSG5040 | MAT556012PVP70047 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2024 |
| 933000029439 | MANU KUMAR K KUMAR | UP12CT5408 | 700CCDI02NWXF7288 | MAT559038PYN55539 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2024 |
| 933000029569 | BHUPENDRA B VED PRAKASH | UP19AT3651 | 700CCDI04KWXSD3768 | MAT559033PYK48825 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2024 |
| 933000032309 | VAJID V KALLU | UP20BT6427 | 700CCDI04JWXSC3677 | MAT559033PZJ25022 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2024 |
| 933000038899 | MUSKAN AGENCY | UP81FT1762 | 700CCDI02CVXS27904 | MAT559038RVC13041 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2024 |
| 933000040328 | SALIM S S O KALUVA | UP21ET1859 | PXP6M30720 | MA1FN2PXRR6A10308 | MAHINDRA SUPRO PROFITTRUCK MINI VX BS 6 | 2024 |
| 933000040953 | MAMNOON M SALEEM | UP12CT5766 | REVTRN18HWXSA7499 | MAT535327PYJ41132 | TATA INTRA V20 BIFUEL BS6 | 2024 |
| 936000034281 | DAYARAM D SIYA | UP25GT5374 | AMER2074453 | MARER207L23K04453 | AVON E-RICK E207 | 2024 |
| DAA02372G | S CHANDRAPAL | UP80GT3854 | G12BN1116071 | MA3EZLF1T00245273 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DAA02723G | A FARUKH | UP80HT2314 | K12NN4094811 | MA3EDC03TPF287774 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2023 |
| DAA02860G | R ANSH | UP80HT6344 | K12NN4099255 | MA3EDC03TPG288957 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2023 |
| DAB00706G | S SOHAN | UP13CT3998 | G12BN1172759 | MA3EZLF1T00259768 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2022 |
| DAB00804G | K SACHIN | UP13CT6672 | 275CNG17BWXS26219 | MAT556002PVB11617 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DAL01622G | K KRISHNA | UP81ET6046 | M481000SNO. G23C000217 | MZTL5D00323000656 | ANDAAZ LX | 2023 |
| DAL01753G | S LATOOR | UP81ET9367 | AZXWPF89257 | MD2B25BX2PWF11109 | BAJAJ MAXIMA CARGO CNG BS6 | 2024 |
| DAM05096G | S RUSTAM | UP85CT5173 | 275CNG17AXXS11135 | MAT556002NVA05484 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DAM05843G | BHAHULAVAN TEXTILES | UP85DT7909 | G12BN1159973 | MA3EZLF1T00256744 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2023 |
| DAM05867G | R GANGA | UP85DT3159 | TBP0SJ13007465 | MBX0009HF1J223574 | APE CITY NXT+ CNG BS6 | 2023 |
| DAM06132G | T RENU | UP85DT6259 | 275CNG17NXXSF2851 | MAT556006NVN63801 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DAM06170G | ARJUN SINGH | UP86AT1801 | REVTRN18EWXS58968 | MAT535327PYE23168 | TATA INTRA V20 BIFUEL BS6 | 2023 |
| DAP00403G | I SHOAIB | UP37AT8583 | 700CCDI02CWXS3523 | MAT559029PVC15691 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DAS00954G | K RAKESH | DL1LAL0507 | REVTRN18EWXS56397 | MAT535327PYE21109 | TATA INTRA V20 BIFUEL BS6 | 2023 |
| DAS00976G | N BECHELAL | DL1LAL3353 | 275CNG17BWXS24894 | MAT556002PVB12401 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2023 |
| DBR00589G | A NIRAJ | DL1LAH7924 | 275CNG17GXXSA5700 | MAT556004NVG44386 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| DDB03900G | A MOHAN | HR38AG5623 | AZXWPG43023 | MD2B47AX4PWG30254 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDU03492G | S KRIPAL | HR55AL9585 | DEAYM24684 | M1YDECB04822K4684 | CITYLIFE XV850 – PASSENGER E-RICKSHAW | 2022 |
| DDU04132G | J RAHUL | HR55AQ4729 | TD3CSL13016674 | MBX0007MF2A260270 | APE AUTO HT DX CNG BS6 | 2023 |
| DMM03558G | A JAHEER | UP12BT9243 | 1.5CR06KXXSE2178 | MAT535093NYK47901 | TATA INTRA V50 BS6 | 2023 |
| DMM03609G | C AKASH | UP15GT1266 | 700CCDI02GXXSA8117 | MAT559029NVH50171 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DMM03620G | K RAKESH | UP15GT1496 | 275CNG17EXXS65160 | MAT556002NVE28299 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DMM03970G | P BANTI KUMAR PAL | UP15GT8933 | 275CNG18JWXSC1907 | MAT556012PVJ51764 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2023 |
| DNG02281G | P SATISH KUMAR | DL1LAF5373 | 275CNG17JYXS88124 | MAT556002MVJ46038 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DNG02512G | S OM PRAKASH | DL1LAG7325 | 275CNG17BXXS28168 | MAT556002NVC12119 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DUB00332G | K RAJAT | UP20BT3223 | G12BN1200118 | MA3EZLF1T00272648 | MARUTI SUPER CARRY CNG BS VI | 2023 |
| DUS00229G | NAVAB . | UP19T9648 | 700CCDI02DXXS56695 | MAT559029NZD10727 | TATA ACE GOLD PLUS BSVI | 2022 |
| DUZ01240G | B SADAB | UP12BT9892 | TXTCSJ13012192 | MBX0008LB1L238466 | APE XTRA LDX CNG PU BS VI | 2023 |
| UHH01254G | D BRAJESH | UK06TA6880 | AZXWNJ02875 | MD2B17AX5NWJ43471 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS VI | 2022 |
| UHK00663G | H ALI | UK18ER4314 | AZXWPL95882 | MD2B47AX8PWL40189 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| UHM02216G | K AJAY | UP23AT5327 | BAXWPA27287 | MD2A97AX0PWA13804 | BAJAJ RE DIESEL BS VI | 2023 |
| UHM02228G | G ROHIT | UP23AT5414 | BAXWPA27334 | MD2A97AX9PWA13803 | BAJAJ RE DIESEL BS VI | 2023 |
| UHM02404G | K SHIVAM | UP23AT6847 | AZXWPE53665 | MD2B47AX6PWE80583 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| ULY04739G | L SANJEEV | UP25FT4293 | UIYF48V85029292 | M4LUERSADJM029284 | PANTHER E-RICKSHAW 1+4 PASSENGER | 2023 |
| ULY04805G | K IBRAHIM | UP25FT6260 | AZXWPA58102 | MD2B47AX5PWA65965 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| ULY04965G | A WASIM | UP25GT1244 | 700CCDI02BXXS23973 | MAT559029NYC09470 | TATA ACE GOLD DIESEL BS VI | 2023 |
| UYN00585G | M ATUL | UP24AT5027 | AZXWPL84849 | MD2B47AX7PWL35095 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| UYN00813G | K RAKESH | UP24AT7594 | LF4GP4X00285 | MD6M1LCF4P4G00258 | TVS KING ZD225 LC FI CNG BS6 | 2023 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 2 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

**Place : NEW DELHI.**

Contact Person : NAME YOGESH SAINI, MOBILE NO. 8860862245





# सीएम रेखा गुप्ता ने की कैबिनेट सहयोगियों के साथ वासुदेव घाट पर यमुना की आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को सचिवालय में दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री के रूप में औपचारिक रूप से कार्यभार संभालने के तुरंत बाद वासुदेव घाट पर अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ यमुना आरती की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अपने कैबिनेट सहयोगियों प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्रराज सिंह, कपिल मिश्रा और पंकज कुमार सिंह के साथ कैबिनेट की पहली बैठक से पहले मां यमुना पूजा की। इस दौरान घाट पर राम भजन बजाए गए। वहीं जय श्री राम और यमुना मैया की जय के जयकारे लगाए गए। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना नदी में प्रदूषण और इसकी सफाई बड़ा चुनावी मुद्दा बन गया था। आप संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर यमुना के अत्यधिक प्रदूषित होने को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ने हमला किया था।

## दिल्ली सचिवालय पहुंच रेखा गुप्ता ने संभाला पदभार

**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत तमाम भाजपा के वरिष्ठ नेता दिल्ली सचिवालय पहुंचे और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई दी**



**नई दिल्ली।** रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण के बाद गुरुवार को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया। गौरतलब है कि सीएम रेखा गुप्ता गुरुवार को दोपहर तीन बजे आईटीओ स्थित दिल्ली सचिवालय में अपने सभी मंत्रियों के साथ पहुंची और पदभार ग्रहण किया। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा समेत तमाम भाजपा के वरिष्ठ नेता पहुंचे और उन्हें बधाई दी। सीएम रेखा गुप्ता जैसे ही सचिवालय में दाखिल वहां सचिवालय में मौजूद मुख्य सचिव धर्मेंद्र कुमार सहित कई अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। जिसके बाद वह सीधे सीएम ऑफिस पहुंची और अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद भाजपा सांसदों और नेताओं ने उन्हें गुलदस्ता देकर बधाई दी।

## दिल्लीवालों से किए गए उन सभी वादों को पूरा करेगी भाजपा की नई सरकार : सचदेवा

**नई दिल्ली।** भाजपा की नई सरकार दिल्लीवालों से किए गए उन सभी वादों को पूरा करेगी जिस पर विश्वास करके दिल्ली के लोगों ने भाजपा को दिल्ली की सत्ता सौंपी है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को नवनियुक्त भाजपा सरकार की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित सभी मंत्रियों को बधाई देते हुए यह संबोधन दिया। साथ ही उन्होंने आगामी पांच साल के उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। सचदेवा ने कहा कि भाजपा की नई सरकार अपने घोषणापत्र में किए गए हर वादों को पूरा करेगी।

# नरेंद्र मोदी और नारी शक्ति जिंदाबाद के नारों से गूंजा रामलीला मैदान

*उत्साह से भरी नजर आईं महिलाएं, ढोल-नगाड़ों पर झूमकर व्यक्त की खुशी*



विनोद मणि गौतम ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले रामलीला मैदान नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और नारी शक्ति जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचने वाली महिलाएं काफी उत्साह से भरी थी और जय श्री राम और नारी शक्ति जिंदाबाद के नारे लगाते हुए रामलीला मैदान की ओर जा रही थी। शपथ ग्रहण समारोह से पहले राजघाट से ही रामलीला मैदान तक वाहनों की आवाजाही पर रोक लगा दी गई थी। जिससे कारण रामलीला मैदान तक भाजपा समर्थक पैदल ही जा रहे थे। वहीं जो लोग बसों में आए थे उनकी बसों को राजघाट रोड पर ही रोक दिया गया था। जहां से समथकों के जत्थे नारे लगाते हुए पैदल ही रामलीला मैदान पहुंच रहे थे।

**पगड़ी बांधकर आईं महिलाओं ने किया लोगों को आकर्षित**

*नई दिल्ली। रामलीला मैदान में अपनी महिला मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को शपथ लेते हुए देखने के लिए यमुना खादर से महिलाएं विशेष पोशाक में नजर आईं। ये महिलाएं केसरिया रंग की पगड़ी सर पर बांधकर रामलीला मैदान की ओर बए रही थी तो हर कोई उनकी तरफ देख रहा था। यमुना खादर से आई मीना राजपूत नाम की महिला ने बताया हम सभी पगड़ी बांधकर आए हैं। हमें इस बात की खुशी है कि रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री पद की शपथ ले रही हैं। इससे नारी शक्ति और मजबूत होगी।*

### नगाड़ों पर झूमी महिलाएं

नई दिल्ली। रामलीला मैदान के बाहर बैंड और ढोल नगाड़े भी बज रहे थे। यहां शास्त्री पार्क की रहने वाली कई महिलाएं रुकी और उन्होंने खुद नगाड़ों को बजाया और डांस किया। इस दौरान पूजा शर्मा ने कहा कि वह बहुत खुश है। उनके हाथ में एक मिठाई का डिब्बा भी था जिसमें वह लोगों को मिठाई भी खिला रही थी।

### बुजुर्गों में भी दिखा उत्साह

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने कई बुजुर्ग भी पहुंचे। त्रिलोकपुरी निवासी 70 साल रामपति कहते हैं आज बहुत खुशी की बात है कि दिल्ली में भाजपा की महिला सीएम ने शपथ ली है। उन्होंने कहा कि हमें आशा है कि नई सीएम दिल्ली के विकास के काम करेगी।

## हम पूरे चुनाव संकल्प पत्र पर जल्द शुरू करेंगे कार्य : भाजपा

**नई दिल्ली।** हमने चुनाव प्रचार के दौरान पहली कैबिनेट में आयुष्मान भारत योजना लागू करने का वादा किया था और गुरूवार को भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार ने भाजपा के स्वास्थ्य से जुड़े जन संकल्प को पूरा किया है। जल्द ही हम पूरे चुनाव संकल्प पत्र पर काम शुरू करेंगे। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गुरूवार को यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में गुरूवार को स्थापित भाजपा सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक करके ना सिर्फ दिल्ली वालों को आयुष्मान भारत योजना जैसा तोहफा दिया है वहीं विधानसभा में सीएजी की लंबित सभी रिपोर्टों को रखने का प्रस्ताव पारित कर भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस का संकल्प दर्शाया। उन्होंने कहा कि यमुना आरती करके सरकार ने समयबद्ध यमुना सफाई करने के स्वप्न के संकल्प को दोहराया है। सचदेवा ने कहा है कि दिल्ली सरकार अब नगर निगम, डीडीए और शेष दोनों नगर निकायों में समन्वय बना कर विकसित दिल्ली का संकल्प पूरा करेगी।

**शुभकामनाएं**

## कांग्रेस ने दी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बधाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की नई मुख्यमंत्री बनी भाजपा की रेखा गुप्ता को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शुभकामनाएं और पूरा समर्थन देते हुए कहा कि राजधानी के खोए गौरव को पुन प्राप्त करने में कांग्रेस हर संभव समर्थन देगी। प्रदेश अध्यक्ष यादव ने कहा कि हमें उम्मीद है कि नई मुख्यमंत्री बनी रेखा जी पूर्व सीएम शीला दीक्षित से प्रेरणा लेकर दिल्ली का विकास करेंगी जिसे पीछे छोड़ दिया था। यादव ने कहा कि महिला मुख्यमंत्री होने के नाते रेखा गुप्ता के लिए स्वर्गीय शीला दीक्षित एक बेहतरीन रोल मॉडल हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय राजधानी को एक स्वच्छ और हरित विश्वस्तरीय शहर में बदल दिया था।

## भाजपा सांसदों ने रेखा को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** शपथ ग्रहण के बाद रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उसके बाद दिल्ली के सांसदों ने उनके कार्यालय में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पुष्प गुच्छ भेंट करके शुभकामनाएं दी। इस दौरान सांसदों ने कहा कि दिल्ली की भाजपा सरकार नए मानदंड स्थापित करेगी और दिल्ली को विकसित एवं खुशहाल राजधानी बनाएगी।

# सदन की पहली बैठक में पेश होंगी कैग की रिपोर्ट, लागू होगी आयुष्मान योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार शाम को पहली कैबिनेट की बैठक में दो महत्वपूर्ण फैसले लिए। जिनमें विधानसभा की पहली बैठक में सदन में कैग की 14 रिपोर्ट को पेश किया जाएगा जिन्हें पिछली सरकार ने पेश नहीं किया है। वहीं दिल्ली में भी केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना को लागू किया जाएगा। इन दोनों प्रस्ताव को मंत्रिमंडल में मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने प्रैसवार्ता में बताया कि पहली कैबिनेट बैठक में हमने दो एजेंडों पर चर्चा की और उन्हें पारित किया। जिनमें दिल्ली में 5 लाख रुपये के टॉप-अप के साथ आयुष्मान भारत योजना को लागू करना और विधानसभा की पहली बैठक में 14 कैग रिपोर्ट पेश करना शामिल है। सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में सभी मंत्री शामिल हुए। बैठक में मंत्री प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिंह सिरसा, आशीष सूद, कपिल मिश्रा, रविंद्र इंद्रराज और पंकज कुमार सिंह मौजूद रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने महिला सम्मान निधि योजना को लेकर कहा कि अभी इस योजना पर विस्तार से चर्चा करने की जरूरत है।

इस योजना पर शीघ्र ही चर्चा करने के बाद लागू किया जाएगा। प्रेसवार्ता की शुरुआत में सीएम रेखा गुप्ता ने अपने पास रखे विभागों और मंत्रियों को दिए गए विभागों के बारे में जानकारी दी।

जनजातीय उद्यमिता, शिल्प, संस्कृति, व्यंजन और वाणिज्य का उत्सव

आदि महोत्सव

16 से 24 फरवरी, 2025 तक सुबह 11:00 बजे से रात 8:00 बजे तक

मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, नई दिल्ली

मुख्य आकर्षण

- राज्य मंडप: देशव्यापी जनजातीय कारीगरों के हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों की बिक्री सह-प्रदर्शनी
- जनजातीय हाट: जनजातीय प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों का प्रदर्शन
- आदि चित्रा: जनजातीय चित्रकारी की प्रदर्शनी
- पी.वी.टी.जी. उत्पाद: पी.वी.टी.जी. समूह द्वारा उत्पादित विभिन्न वन उत्पाद/वनोपज
- स्वदेशी जनजातीय व्यंजन: देशव्यापी स्वदेशी जनजातीय व्यंजन

क्यूआर कोड स्कैन करें और ट्राइब्स इंडिया गिफ्ट वाउचर पाएँ

प्रवेश नि:शुल्क

गेट नं. 3, 5 एवं 7 से प्रवेश



"आदि महोत्सव विविधता में एकता के हमारे सामर्थ्य को नयी ऊँचाई दे रहा है। आदिवासी समाज को लेकर आज देश, जिस गौरव के साथ आगे बढ़ रहा है, वैसा पहले कभी नहीं हुआ।"
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

आदि महोत्सव में आएं और 'वोकल फॉर लोकल' मुहिम को आगे बढ़ाएं

#AadiMahotsav #Vocal4Local #BuyTribal | हम से जुड़ें @tribesindia

CBC 43104/15/0028/2425

खबर संक्षेप

### वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत




**गुरुग्राम।** मानेसर थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्चुरी रूम में रखवा दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। दरअसल, हेड कांस्टेबल संदीप कुमार अपनी टीम के साथ डयूटी पर तैनात था। उन्हें सूचना मिली कि आईएमटी मानेसर फ्लाईओवर के निकट एक युवक डिवाईडर पर पड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची। युवक को किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। पुलिस ने घायलावस्था में पड़े युवक को अस्पताल पहुंचाया।

### वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत



**गुरुग्राम।** खेड़कीदौला थाना एरिया में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में बिहार के नवादा निवासी रवि चौहान ने कहा कि वह गुरुग्राम के खेड़कीदौला में रहता है। वह यहां बेलदारी का काम करता है। उसका भांजा नवादा निवासी चंदन कुमार भी मजदूरी करता था। बीती 18 फरवरी की देर सांय करीब आठ बजे चंदन कुमार स्कूटी लेकर बाजार सामान लेने के लिए गया था।

### आग से बुजुर्ग महिला की दर्दनाक मौत



**गुरुग्राम।** सेक्टर-29 थाना क्षेत्र में सरस्वती विहार स्थित एक मकान में बुधवार की रात आग लगने से एक बुजुर्ग महिला की जलने से दर्दनाक मौत हो गई। आग हीटर में शॉर्ट सर्किट के चलते लगी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी रखवा दिया है। जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार के स्वामी विवेकानंद ब्लॉक स्थित मकान नंबर 940 में 80 वर्षीया अंजली बख्शी अपने बेटे के साथ रहती थी। अंजली मकान के प्रथम तल पर, जबकि उसका बेटा व परिवार के अन्य सदस्य भूतल पर रहते है।

# लाखों-करोड़ों टैक्स देने के बावजूद फरीदाबाद की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल: प्रदेशाध्यक्ष गुप्ता

*सतीश चोपड़ा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर फरीदाबाद वासियों को मिल रहा केवल रेफर, आपरेशन करने की सुविधा उपलब्ध नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आम आदमी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद एवं हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा है कि इतनी बड़ी विडंबना है कि लाखों करोड़ों का टैक्स देने के बावजूद भी फरीदाबाद शहर की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल है। चार वर्ष से पहले शुरू हुए अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज होने के बावजूद उसमें आईपीडी सेवाऐं तक उपलब्ध नहीं है। नेशनल मेडिकल बोर्ड देखें न वहां आईसीयू है और न ही आपरेशन करने की सुविधा उपलब्ध है।

मरीज आने पर केवल और केवल उसे रेफर किया जा रहा है। जो नियमों के खिलाफ भी है। जबकि दिल्ली में हमारी सरकार होने पर वहां ज्यादातर टेस्ट व अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध रही है। पूर्व राज्यसभा सांसद ने कहा कि मैं व आम आदमी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा वाहन संचालक सतीश



चोपड़ा के नेतृत्व में दिए जा रहे इस रेफर मुक्त संघर्ष समिति अभियान को अपना पूर्ण समर्थन देते है। इस मौके पर धरने के संयोजक सतीश चोपड़ा ने समर्थन देने के लिए उनका धन्यवाद करते हुए कहा कि वह फरीदाबाद की 24 लाख की आबादी के लिए ट्रोमा सेंटर की मांग कर रहे है ताकि इलाज के अभाव में वह दम न तोड़ सकें। चौपड़ा ने कहा कि उन्होंने 12 साल में सैकड़ों लोगों को अपने हाथों में दम तोड़ते हुए देखा है। पिछले 80 दिनों से यह धरना निर्बाध रूप से चल रहा है और संघर्ष समिति की टीम को उम्मीद है कि आगामी बजट में उनकी मांगों को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मानते हुए शहर वासियों को ट्रोमा सेंटर उपहार के रूप में देगें। इस मौके पर आम आदमी पार्टी से पं. राजेन्द्र शर्मा, आभाष चंदीला, मंजू गुप्ता, नीतू मान, अमन गोयल, रविन्द्र फौजदार के अलावा संघर्ष समिति के प्रमोद भड़ाना, विकास कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

भगवान शिव को समर्पित शिव धी माही नृत्य की मनमोहक रही प्रस्तुति

# थीम स्टेट ओडिशा के लोक कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य और गायन से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



38वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला

38वें सूरजकुण्ड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में सांस्कृतिक संध्या में ओडिशा राज्य के लोक कलाकारों ने अपने पारंपरिक शास्त्रीय नृत्य और गायन से समा बांध दिया। सांस्कृतिक संध्या में बतौर मुख्य अतिथि मेले के थीम स्टेट ओडिशा की उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा और हरियाणा के विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने शिरकत की।

उन्होंने ओडिशा के लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रशंसा की। पर्यटन निगम और कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में निरंतर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर पर्यटकों का मनोरंजन किया जा रहा है। बड़ी चौपाल पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में ओडिशा प्रदेश के लोक कलाकारों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर खूब रंग जमाया। ओडिशा की प्रसिद्ध कोरियोग्राफर, नृत्यांगना एवं नृत्य अकादमी ओडिशा की सचिव पद्मश्री डॉ. अरुणा मोहंती द्वारा तैयार करवाई गई भगवान शिव को समर्पित शिव धी माही नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति से लोक कलाकारों ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। वहीं ओडिशा के पारंपरिक नृत्य, गायन और वादन की शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर, स्पेशल रेजिडेंट कमिश्नर ओडिशा मृणालिनी दरसवाल, राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया, हरियाणा टूरिज्म कारपोरेशन के एमडी डॉ. सुनील कुमार, जीएम यूएस भारद्वाज, कुलदीप सिंह, ओडिशा मंडप के नोडल अधिकारी प्रणब कुमार चांद, पर्यटन निगम हरियाणा के एजीएम हरविंद्र सिंह, एजीएम राजपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सूरजकुंड में महा स्टेज, चौपाल और नाट्यशाला में बिखर रहे कला-संस्कृति के रंग



*फरीदाबाद। सूरजकुंड में चल रहा 38वां अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला पूरे शबाब पर है। मेला में आने वाले प्रत्येक पर्यटक को कलाकार, बुनकर, शिल्पकारों के साथ ही देशी विदेशी लजीज व्यंजनों का स्वाद चखने को मिल रहा है। मेला में अब तक 13 लाख से ज्यादा पर्यटक विजिट कर चुके हैं। इस बार मेला में कलाकारों के लिए एक अनोखा सांस्कृतिक महोत्सव आयोजित किया गया है, जिसमें देश के विभिन्न कोनों से आए पर्यटक और संस्कृति प्रेमी अपनी-अपनी परंपराओं और कलाओं का अद्भुत संगम देखने के लिए जुटे हैं। परिसर में अलग-अलग स्थानों पर बने चार प्रमुख मंच महा स्टेज, बड़ी चौपाल, छोटी चौपाल और नाट्यशाला में चल रहे कार्यक्रम न केवल भारतीय सांस्कृतिक विरासत को जीवंत कर रहे हैं बल्कि आधुनिकता और पारंपरिकता के बीच एक सेतु का कार्य भी कर रहे हैं। यह आयोजन पर्यटकों को विभिन्न कलात्मक शैलियोंए लोक संगीतए नृत्यए हस्तशिल्प, पारंपरिक व्यंजन और अनेक सांस्कृतिक अनुभवों का आनंद लेने का अवसर प्रदान करता है। सूरजकुंड मेला परिसर में बनी छोटी चौपाल क्षेत्र में पारंपरिक ग्रामीण जीवन की झलक देखने को मिलती है। यहां स्थानीय कलाकारों द्वारा हस्तशिल्प, लोक नृत्य, संगीत और कथा वाचन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। चौपाल में दर्शक न केवल अपने पूर्वजों की परंपराओं को आत्मसात कर रहे हैं बल्कि नए-नए प्रयोगों का भी लुत्फ उठा रहे हैं। बड़ी चौपाल पर पारंपरिकता और आधुनिकता का अद्भुत मिश्रण देखने को मिल रहा है। यहां के आयोजन में विभिन्न रंगमंचीय प्रस्तुतियांए संवाद सत्र और कला प्रदर्शनी के माध्यम से संस्कृति के रंग बिखर रहे हैं। वहीं शाम होते ही दर्शकों का महा स्टेज की ओर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो जाता है। महा स्टेज पर हर दिन रात के समय कलाए नृत्य, संगीत और थिएटर से जुड़े कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नाट्यशाला क्षेत्र उस आयोजन का केंद्र रहा है जहां विभिन्न नाटकों, मंचीय प्रस्तुतियों और संवादात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से भावनाओं का सजीव प्रदर्शन किया जा रहा है। नाट्यशाला में आयोजित नाटकों में भारतीय लोक कथाओं और आधुनिक विषयों का अनूठा संगम देखने को मिला। मंचीय प्रस्तुतियों में कलाकारों ने अपनी अदाकारी, संवाद और अभिनय कौशल से दर्शकों का मन मोह लिया। इन नाटकों में सामाजिक मुद्दों, मानवीय संवेदनाओं और जीवन की विविधताएं दर्शाई गई, जिससे दर्शक अलग-अलग देश व विदेशी कला व संस्कृति से सीधे तौर पर रूबरू हो रहे हैं। पर्यटन निगम हरियाणा के एमडी डा. सुनील कुमार कहते हैं कि महाकुंभ स्वरूप शिल्प महाकुंभ मेला में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए सरकार के निर्देशानुसार कलाकारोंए शिल्पकारों और पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। मेला में हर पर्यटक को विभिन्न देश व विदेशी कला और संस्कृति की जानकारी मिलेए इसके लिए मेला परिसर में अलग अलग चार मंच बनाए गए हैं, जहां प्रतिदिन कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर आगन्तुकों का भरपूर मनोरंजन किया जा रहा है।*

## हरियाणा की तर्ज पर पर्यटन कला और संस्कृति में गोवा का भी अहम योगदान : महाप्रबंधक डायस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में गोवा के पर्यटन विकास निगम के तत्वावधान में गुरुवार को गोवा-डे मनाया गया। मुख्य चौपाल पर गोवा के कलाकारों ने लैंप डांस की सामूहिक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। गोवा पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक ग्रेविन डायस ने गोवा की कला एवं संस्कृति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के मार्गदर्शन और पर्यटन और आईटी मंत्री रोहन खाउंटे के गतिशील नेतृत्व में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई नए कार्यक्रम शुरू किए हैं। महाप्रबंधक ने अपने संबोधन में हरियाणा सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला के भव्य आयोजन की सराहना की।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हरियाणा प्रदेश अपनी सांस्कृतिक विरासत के बलबूते दुनिया में अपनी पहचान कायम किए है ठीक उसी अनुरूप गोवा भी पर्यटन, कला और संस्कृति के साथ अपना प्रभुत्व कायम किए है। उन्होंने कहा कि गोवा पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ के साथ समुदाय-केंदित पर्यटन प्रथाओं का प्रतीक हैं। राज्य की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने और इसके पारिस्थितिक संतुलन को बनाए रखने के प्रयास किए जाते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आने वाली पीढ़ियां इसके पवित्र आकर्षण का अनुभव करना जारी रख सकें। महाप्रबंधक ग्रेविन डायस ने कहा कि विदेशी और घरेलू पर्यटकों के बीच जहां आज सूरजकुंड का यह भव्य मेला दुनिया के आकर्षण का केंद्र बिंदु बना है वहीं गोवा की प्राचीन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक और क्रांतिकारी पहल, सरकार ने एकादश तीर्थ या परिवर्तन के ग्यारह स्थान शुरू किए हैं, जो गोवा में परिवर्तनकारी आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करने वाले पूजा स्थलों को दर्शाते हैं। उन्होंने गोवा डे के उपलक्ष्य में गोवा वासियों सहित पूरे देश को शुभकामनाएं देते हुए गोवा का भ्रमण करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डा.अरविंद कुमार शर्मा, पर्यटन निगम की प्रधान सचिव एवं मेला प्राधिकरण की वाइस चेयरपर्सन कला रामचंद्रन व निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. सुनील कुमार और उनकी टीम को सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले में गोवा पर्यटन को दिए गए सभी सहयोग और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। हरियाणा पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. सुनील कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी कलाकारों, शिल्पकार व बुनकरों का हरियाणा राज्य की तरफ से स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि 23 फरवरी तक चलने वाले सूरजकुंड मेला में दिन प्रतिदिन पर्यटकों का रिस्पांस बढ़ता जा रहा है। विदेशी मेहमान इस मेले को ग्लोबल प्लेटफार्म पर लेकर जा रहे हैं, जिससे पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय मेले में 44 देश और 600 से अधिक अंतरराष्ट्रीय कारीगर 1200 से अधिक स्टॉल के साथ भाग ले रहे हैं।

पत्रकार वार्ता में बोले कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान

# भाजपा राज में फरीदाबाद बन रहा भ्रष्टाचार का गढ़ गरीबों का हक छीना, अब 300 करोड़ का घोटाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने कहा कि भाजपा राज में फरीदाबाद भ्रष्टाचार का गढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा कि नगर निगम में 200 करोड़ के घोटाले की गूंज अभी ठंडी भी नहीं पडी हैं कि अब फरीदाबाद में लगभग 300 करोड से भी अधिक का घोटाला और सामने आया है।

उन्होंने फरीदाबाद में सूरजकुंड रोड स्थित ईरोज ग्रुप के लेकवुड सिटी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इस सिटी में भाजपा के बड़े नेताओं के संरक्षण में गरीबों का हक छीना गया है जिससे भाजपा का भ्रष्टाचारी चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने खुलकर आरोप लगाया कि नगर निगम में भाजपा की टिकट पर पार्षद का चुनाव लड़ रहे एक उम्मीदवार ने अपने हल्फनामे में करोडों की सम्पत्ति दर्शाई है, जबकि दूसरी तरफ इस सोसायटी के ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) व्यक्तियों के लिए आरक्षित प्लाट लिए हैं, वहीं हरियाणा सरकार के एसई स्तर के बड़े अधिकारी को भी प्लाट अलॉट किए गए हैं। जिससे साबित होता है कि इस भ्रष्टाचार के खेल में हरियाणा की भाजपा सरकार में मंत्री, विधायक व अधिकारियों का संरक्षण हैं, इसलिए इस घोटाले की जांच सीबीआई से कराई जाए।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान बृहस्पतिवार को सेक्टर-12 रोड स्थित कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता सुमित गौड़ के कार्यालय कांग्रेस भवन व कांग्रेस की मेयर उम्मीदवार लता रानी गुर्जर पत्नी रिंकू चंदीला के मुख्य चुनावी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस के सह.जिला प्रभारी रोहतास बेदी, मेयर प्रत्याशी लता रानी गुर्जर के प्रतिनिधि रिंकू चंदीला, वरिष्ठ नेता विवेक प्रताप सिंह, योगेश गौड़, लखन सिंगला, सुमित गौड़, फिरे सिंह पोसवाल, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी रोहित नागर,पराग , युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मयंक , अब्दुल कुरेशी, राजेश आर्य, प्रेम कृष्ण आर्य पप्पी, वेदपाल दायमा, डॉ. सौरभ शर्मा, अशोक रावल, संजय अनिल नेताजी सहित काफी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

**झूठी लाटरी-झूठे वादे अब जनता देगी जवाब:** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान ने शायराना अंदाज में व्यंग कसते हुए कहा कि भाजपा राज में फर्जी लाटरी, फर्जी खेल गरीब फिर से हुआ फेल और झूठी लाटरी-झूठे वादे अब जनता देगी जवाब सीधे-साधे। उन्होंने खुलकर कहा कि फरीदाबाद में सूरजकुंड रोड स्थित ईरोज ग्रुप ने लेकवुड सिटी के नाम से एक सोसायटी बनाई जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्लाट देने के नाम पर सरकार से लाईसेंस लिया गया। इस सोसायटी में मात्र आठ हजार एक सौ रुपए प्रति गज के हिसाब से प्लाट दिए जाने थे। क्योंकि यहां प्लाट का रेट लगभग 2 लाख रुपए प्रति गज है।

21 हजार वर्ग मीटर में बनेगा 5 मंजिला मुख्यालय

# अच्छी खबर: 94 करोड़ की लागत से अर्थला में बनेगा नगर निगम का नया मुख्यालय, शासन ने दी हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद नगर निगम को बहुत जल्द नया मुख्यालय मिल जाएगा नए 9494 करोड़ के लागत से बनने वाले इस मुख्यालय को शासन ने हरी झंडी दे दी है ख्याल ले 21000 वर्ग मीटर में बनेगा और उसकी पांच मंजिलें होंगी नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम शहर में कई योजनाओं को रफ्तार दे चुका है। नगर निगम का नया मुख्यालय को स्वीकृति शासन से मिल चुकी है। लगभग 94 करोड़ की लागत से निगम मुख्यालय बनाया जाएगा, कार्यदायी संस्था सीएनडीएस उत्तर प्रदेश जल निगम है। गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय की नई बिल्डिंग पूर्ण रूप से शहर वासियों के लिए सुविधाजनक रहेगी जिसमें पार्किंग की व्यवस्था भी बेहतर की गई है आगंतुकों के लिए नई बिल्डिंग गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय की आधुनिक तकनीकी से युक्त रहेगी। नगर आयुक्त ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम की एक और योजना जनहित में शासन द्वारा स्वीकृत की गई है 2026 तक नए मुख्यालय को बनाने के लिए समस्त तैयारी पूर्ण हो चुकी है। निविदा प्रक्रिया के लिए निर्माण विभाग को निर्देशित किया गया है।

नया मुख्यालय अर्थला में होगा बिल्डिंग में दो बेसमेंट एक ग्राउंड फ्लोर तथा पांच मंजिल बनाई जाएगी, लगभग 21000 वर्ग मीटर में नए गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय को बनाया जाएगा पार्किंग का एरिया 5655 वर्ग मीटर लिया गया।

**गाजियाबाद ननि के कर्मचारियों को नया मुख्यालय मिलेगा:** महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम लगातार शासन की योजनाओं को धरातल पर ला रहा है। कई योजनाएं जो की शासन से स्वीकृत हुई है निर्माण विभाग द्वारा कार्य योजना बनाई जा रही है न केवल गाजियाबाद नगर निगम कर्मचारियों अधिकारियों को एक नया मुख्यालय मिलेगा बल्कि शहर वासियों तथा आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए मुख्यालय को डिजाइन किया जाएगा।

फिल्म निर्माण में प्रसिद्ध फिल्म लेखक-निर्देशक भी उपस्थित रहे

# डीपीजी में हरियाणा फिल्म फेस्टिवल वर्कशॉप आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीपीजी डिग्री कॉलेज के कला एवं मानविकी विभाग द्वारा गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मीडिया विभाग के सहयोग से एक फिल्म वर्कशॉप का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप हरियाणा फिल्म फेस्टिवल 2025 से संबंधित थी, जिसका उद्देश्य छात्रों को फिल्म निर्माण, फिल्म फेस्टिवल में भागीदारी दिशानिर्देशों और प्रस्तुतिकरण प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

इस सत्र में फिल्म निर्माण विशेषज्ञ और प्रसिद्ध फिल्म लेखक-निर्देशक विकास बर्वाल मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को लघु फिल्मों की अवधारणा, पटकथा लेखन, निर्देशन, सिनेमैटोग्राफी और संपादन से जुड़ी बारीकियों पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही, हरियाणा फिल्म फेस्टिवल 2025 में भाग लेने की प्रक्रिया, नियम एवं शर्तों के बारे में विस्तार से बताया। कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर सलोनी परमार ने स्वागत भाषण दिया और छात्रों को इस वर्कशॉप का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित



किया। वर्कशॉप के दौरान कॉलेज के वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत, प्रिन्सिपल डॉ. एसएस बोकेन, रजिस्ट्रार अशोक गोगिया और डीन एकेडमिक डॉ. धर्मबीर सिंह भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

‘आप’ हरियाणा में मजबूती से चुनाव लड़ेगी

# आम आदमी पार्टी ने दलाल फौजदार को फरीदाबाद मेयर प्रत्याशी घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

आम आदमी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सांसद और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने निशा दलाल फौजदार को आगामी फरीदाबाद नगर निगम चुनाव के लिए मेयर प्रत्याशी घोषित किया। यह घोषणा गोल्फ क्लब फरीदाबाद में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान की।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी फरीदाबाद सहित पूरे हरियाणा में मजबूती से चुनाव लड़ेगी और भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी शासन देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आप की नीतियों और विकास के एजेंडे को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी की मेयर प्रत्याशी निशा दलाल फौजदार ने पार्टी नेतृत्व का धन्यवाद देते हुए कहा कि नगर निगम सिर्फ एक राजनैतिक प्रक्रिया ही नहीं है बल्कि हमारे



जीवन की गुणवत्ता शहर की साफ -सफाई और हमारी मूलभूल सुविधाओं का प्रतीक है। साथ ही यह भी कहा कि मैं आपसे वादा करती हूं कि फरीदाबाद को एक स्वच्छ, पारदर्शी और जनहितकारी प्रशासन देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूंगी।

प्रदेश नियर प्रत्याशी निशा दलाल फौजदार ने कहा आम आदमी पार्टी आगामी दिनों में जनसंपर्क अभियान डोर-टू-डोर प्रचार और जनसभाओं के माध्यम से जनता तक अपनी नीतियों को पहुंचाएगी। पार्टी का लक्ष्य फरीदाबाद को भ्रष्टाचार मुक्त और आदर्श नगर बनाना है।

# 8 लाख 736 करोड़ 6 लाख रुपए का बजट पेश ,युवाओं को ब्याज मुक्त लोन, छात्राओं को स्कूटी, चार नए एक्सप्रेस-वे

**एजेंसी,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए 8 लाख 8 हजार 736 करोड़ 6 लाख रुपए का बजट पेश किया है, जो वर्ष 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है। इस बजट में प्रदेश की योगी सरकार ने प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान योजना के संचालन केल लिए 600 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित की है।सीएम योगी ने कहा कि 2025-26 का यह बजट गरीब, अन्नदाता किसान और युवा महिलाओं के उत्थान को समर्पित है। इसके तहत रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के अन्तर्गत कॉलेज जाने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी प्रदान किये जाने के लिए 400 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत 100 करोड़ रुपये की धनराशि प्रस्तावित है। वहीं, विन्ध्यांचल धाम मंडल में मां विन्ध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपए की धनराशि प्रस्तावित है।

### मथुरा पर्यटन के लिए

**125**

करोड़ रुपए
मथुरा में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरको खास देने जा ररही है। बढ़ाने के लिए 125 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

### टैबलेट की खरीद

**4,000**

करोड़ रुपए स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत सरकार करीब 25 लाख युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट देगी।

### इलेक्ट्रिक बसों के लिए

**100**

करोड़ रुपए परिवहन विभाग अतिरिक्त बजट खर्च करेगी। इस बजट से मुख्य रूप से नई इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जाएंगी।

### सौर ऊर्जा परियोजना

**150**

करोड़ रुपए का आवंटन किया गया है। झांसी में 200 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना। अमृत 2.0 योजना के लिए 4100 करोड़ की व्यवस्था।



हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी तथा हमारे तेजस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले लगभग आठ वर्षों में प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। चाहे वह कानून व्यवस्था हो, आर्थिक विकास हो, औद्योगिक विकास हो, दुर्बल वर्गों को विकास की मुख्यधारा में लाना हो, गरीबी उन्मूलन हो, अवस्थापना विकास हो अथवा वित्तीय समावेशन हो। हमने चिकित्सा सुविधाओं का तीव्र गति से विकास किया है। प्रत्येक क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के प्रयोग और नवाचार को विशेष रूप से बढ़ावा दिया गया है।

## बजट मेरे लिए...

### मैं विद्यार्थी

- मेधावी छात्रों को स्कूटी
- सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स की स्थापना के लिए 1 करोड़
- युवाओं को ब्याजमुक्त लोन

### मैं शहरवासी

- 58 नगर निकायों को 'आदर्श स्मार्ट नगर निकाय'
- हर नगर निकाय के लिए 2 .5 करोड़
- 4 नए एक्सप्रेस-वे की सौगात

### मैं गरीब

- 'जीरो पॉवर्टी अभियान' के तहत प्रत्येक गांव से निर्धनतम परिवारों को चिन्हित कर उनकी आय को 1,25,000 रुपए प्रति वर्ष ले जाना


### मैं महिला

- 2 फ्री सिलेंडर
- मुख्यमंत्री सक्षम सुपोषण योजना के लिए 100 करोड़ रुपए
- आजीविका मिशन में आबंटन


### मैं श्रमिक

- निर्माण श्रमिकों के बच्चों को निशुल्क गुणवत्तापूर्ण एवं उद्देश्यपरक शिक्षा,बैंकिग सुविधाओं का प्रावधान

किसानों को सिंचाई के लिए फ्री बिजली



राज्य में 92,000 नई नौकरियां दी जाएंगी



सौर ऊर्जा परियोजना के लिए 150 करोड़



यूपी में एक्सप्रेसवे को लेकर बड़े ऐलान



बनेगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी




### बजट खोखला है इस बजट का झोला खाली



समाजवादी पार्टी को योगी सरकार का बजट रास नहीं आया. बजट पर टिप्पणी करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यह इनका सेकेंड लास्ट बजट था, इसके बाद आखिरी होगा, फिर हमारी सरकार आएगी. अखिलेश ने कहा कि इनके कई बजटों को देखें तो वो इन लोगों के घोषणा पत्र से मेल नहीं खाते. बिना विजन के बजट आया है, कोई क्लैरिटी नहीं है बजट में।

### 25 वर्षों का रोडमैप तय करेगा बजट: मुख्यमंत्री योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट पर कहा कि यह बजट अगले 25 वर्षों के लिए रोडमैप बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। हमने संविधान की मूलभूत भावनाओं के अनुसार वंचितों की सहायता करने की थीम के साथ 2025-2026 का बजट तैयार किया है। पिछले सारे बजट की अलग-अलग थीम थे 2017 में पहला बजट अन्नदाता किसानों को समर्पित था। ये बजट युवा, उद्यमी और महिलाओं पर फोकस है। बजट में हमने 92 हजार नौकरी देने का वादा किया गया है।

### यूपी का यह बजट मध्यम वर्ग के तुष्टीकरण वाला




बीएसपी प्रमुख मायावती ने कहा, 'यूपी सरकार द्वारा विधानसभा में आज पेश 2025-26 का बजट यदि व्यापक जनहित व जनकल्याण का ज्यादा होता तो यह बेहतर होता, जबकि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, पिछड़ेपन को दूर करने व आमजन की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के प्रति पर्याप्त सरकारी नीयत-नीति का अभाव. सही विकास कैसे संभव?'

### झूठे आकड़ों व फर्जी दावों से भरा उत्तर प्रदेश का बजट



यूपी कांग्रेस अध्यक्ष राय ने कहा कि साल दर साल योगी सरकार का बजट एक रस्म अदायेगी के सिवाए और कुछ नहीं रह गया है। झूठी बातें, झूठे वादे, झूठे आकड़े और झूठे सपनों को कागज के कुछ पन्नों में बिखेर कर प्रदेश की 25 करोड़ की जनता की आंखों में धोख झोंकने का काम योगी सरकार कर रही है। कहा कि आत्मश्लाघा में डूबी यह सरकार यह दावा करती है कि प्रति व्यक्ति आय को बहुत बढ़ा दिया गया है मगर सच यह है कि आज भी पूरे भारत में प्रति व्यक्ति आय के मामले में उत्तर प्रदेश 28वें स्थान पर है।

### वित्तमंत्री ने शेर-ओ-शायरी से बांधा समां



जिस दिन से चला हूं मेरी मंजिल पर नजर है' वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने विधानसभा में योगी सरकार का नौवां बजट भाषण पढ़ते हुए शेरो शायरी के माध्यम से प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का बखान किया तो वहीं विपक्ष पर तीखे वार भी किए। उन्होंने बताया कि 2017 से पहले क्या स्थिति थी और विगत 7 वर्ष में योगी सरकार ने जो कार्य किये हैं, उससे स्थिति में कितना बदलाव हुआ है। इसके लिए उन्होंने शेर-ओ-शायरी का भी भरपूर उपयोग किया। विगत वर्ष प्रदेश में निवेश पर चर्चा करते हुए वित्त मंत्री ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा... 'जिस दिन से चला हूं मेरी मंजिल पर नजर है आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा'।

## पेज एक का शेष

### सरकारी कर्मचारियों ...

की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयोग के गठन को मंजूरी दे दी है। यह घोषणा केंद्रीय बजट 2025-26 से पहले हुई, लेकिन सरकार के लिए वित्तीय निहितार्थ के बारे में विस्तृत जानकारी का खुलासा नहीं किया गया। जानकारी दी गई थी कि 8वें वेतन आयोग का गठन 2026 तक होने की उम्मीद है। चूंकि 7वें वेतन आयोग का कार्यकाल 2026 में समाप्त हो रहा है, 2025 में प्रक्रिया शुरू होने से कार्यान्वयन से पहले सिफारिशें करने और समीक्षा करने के लिए पर्याप्त समय मिला है। 8वां वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महत्वपूर्ण वेतन वृद्धि का वादा करता है। 2.86 तक के अपेक्षित फिटमेंट फैक्टर के साथ, 40-50% तक वेतन वृद्धि का अनुमान है।

### कैबिनेट मंत्री...

शामिल किया है।

**कपिल मिश्रा:** कभी केजरीवाल के मंत्रिमंडल में शामिल रहे कपिल मिश्रा अपने विवादित बयानों के लिए चर्चित रहे हैं। करावल नगर से विधायक कपिल मिश्रा ने भी मंत्री पद की शपथ ली। उन्होंने करावल नगर से दूसरी बार जीत हासिल की है। उन्हें मंत्रिमंडल में ब्राह्मण चेहरे के तौर पर शामिल किया है।

**पंकज कुमार सिंह:** विकासपुरी से जीत हासिल करने वाले विधायक पंकज सिंह ने भी मंत्री पद की शपथ ली। पूर्व पार्षद पंकज सिंह एमसीडी में भी अहम पदों पर रह चुके हैं। वह दांतों के डॉक्टर हैं। बिहार के बक्सर के रहने वाले पंकज सिंह राजपूत हैं पहली बार विधायक बने हैं।

दिल्ली सरकार के विभागों का बंटवारा, सीएम के पास वित्त एवं राजस्व विभागः मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता- वित्त, राजस्व, जीएडी, सेवाएं, महिला एवं बाल विकास, लैंड एंड बिल्डिंग, पब्लिक रिलेशन, विजिलेंस और प्रशासनिक सुधार विभाग

प्रवेश वर्मा- पीडब्ल्यूडी, विधायी मामले, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण, जल, गुरुद्वारा चुनाव

आशीष सूद- गृह, ऊर्जा, शहरी विकास, शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण

मनजिंदर सिंह सिरसा- उद्योग, खाद्य आपूर्ति, वन एवं पर्यावरण, योजना विभाग

रविंद्र सिंह इंद्राज- समाज कल्याण, एससी/एसटी वेलफेयर, कॉरपोरेशन, इलेक्शंस

कपिल मिश्रा- लॉ एंड जस्टिस, श्रम एवं रोजगार, विकास, कला एवं संस्कृति, भाषा और पर्यटन

डॉ. पंकज कुमार सिंह- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, परिवहन, सूचना तकनीक।

### मंच पर पीएम मोदी ...

से थामे रहे। दोनों नेताओं के बीच यह आत्मीय संवाद काफ़ी देर तक चला। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और शपथ ग्रहण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री समेत कई नेता शामिल रहे।

### रक्षा मंत्रालय ने दी ...

ब्लू इकोनॉमी के उद्देश्यों की प्राप्ति होगी: यह परियोजना तटरक्षकबल की परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और समुद्री सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के साथ ही केंद्र सरकार के नीली अर्थव्यवस्था (ब्लू इकोनॉमी) के उद्देश्यों का सहयोग करने की दिशा में एक रणनीतिक कदम है। यह समझौता उन्नत सैन्य-ग्रेड संचार प्रणालियों के लिए देश की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाएगा और रोजगार के अवसर व विशेषज्ञता विकास को बढ़ावा देगा।

**तीनों सेनाओं की बढ़ेगी रणनीतिक क्षमता:** रफ टेरेन फोर्क लिफ्ट ट्रकों एक जटिल उपकरण है। जो सेना, वायुसेना और नौसेना को कई तरह के जटिल युद्धक और लॉजिस्टिक सहयोग कार्यों को परंपरागत रूप से कई स्टोर द्वारा स्वतः करने के बजाय इन ट्रकों की मदद से किया जा सकेगा। जिससे तीनों सशस्त्र सेनाओं की रणनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा होगा। साथ ही स्वदेशी राष्ट्रीय रक्षा उपकरण मैन्युफैक्चरिंग क्षमताएं भी बढ़ेंगी। इस परियोजना में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार उत्पन्न करने की बहुत अधिक संभावना है। जिससे सूक्ष्म एवं लघु उद्योग (एमएसएमई) क्षेत्र द्वारा उपकरण के संघटकों की मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा। दानों समझौतों के जरिए भारत में रक्षा मैन्युफैक्चरिंग के साथ ही स्वदेशी उद्योग सशक्त होंगे।

### पांच देशों के राजदूतों..

हैं। गौरतलब है कि बीते 17 फरवरी को भी पांच देशों के राजनयिकों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे थे। इसमें मालदीव, नेपाल, कंबोडिया, सोमालिया और क्यूबा मुख्य हैं।

### ब्राजील, सिंगापुर के ..

अलावा इथोपिया के विदेश मंत्री गेडियन टिमोथियोस के साथ बैठक को लेकर भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि इथोपियाई विदेश मंत्री से बातचीत कर खुशी हुई। उन्हें उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। चर्चा के दौरान दोनों देशों की दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत बनाने को लेकर साथ मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

### नागेश्वरन का कार्यकाल ...

ने सार्वजनिक नीति में अनुसंधान और शिक्षा के लिए एक स्वतंत्र केंद्र, तक्षशिला संस्थान की सह-स्थापना में मदद की तथा 2001 में आविष्कार समूह के पहले प्रभाव निवेश कोष को शुरू करने में मदद की।

### अपने देश लौटने ...

अंतरराष्ट्रीय संगठनों जैसे संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) और अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईईओ) की मदद से अपने देश लौटने के लिए तैयार हैं। बाकी 129 लोगों को उनके देशों तक वापस भेजने के विकल्पों पर उक्त वैश्विक संगठनों द्वारा विचार किया जा रहा है।

**हम पुल के रूप में कर रहे देखभाल: पनामा:** पनामा के उप विदेश मंत्री रुइज हर्नांडेज और सुरक्षा मंत्री फ्रैंक एब्रेगो ने दावा किया कि अमेरिका से पनामा पहुंचे लोगों के लिए भोजन और जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। मामले में हम अमेरिका के साथ एक पुल के रूप में काम कर रहे हैं।

### दिल्ली जीत के बाद पहला बिहार दौरा

## 24 फरवरी को पूर्णिया में उतरेंगे पीएम मोदी, हेलिकॉप्टर से पहुंचेंगे भागलपुर

**एजेंसी ▶▶ पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भागलपुर दौरे से जुड़ी अहम खबर है। 24 फरवरी को पीएम मोदी पहले पूर्णिया पहुंचे और वहां से भागलपुर जाएंगे।

जानकारी के मुतबिक पीएम पूर्णिया एयरपोर्ट पर दोपहर में लैंड करेंगे और वहां से हेलीकॉप्टर से भागलपुर हवाई अड्डा मैदान पहुंचेंगे। आगामी 24 फरवरी को पीएम बिहार आ रहे हैं जिसके तहत भागलपुर में किसानों के साथ संवाद का बड़ा प्रोग्राम है। पीएम



बिहार की जनता को कई सौगात भी देंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पीएम का यह दौरा काफी महत्पूर्ण है। पीएम की सभा में लाखों की भीड़ जुटने की संभावना है। इसे देखते हुए खास ट्रैफिक व्यवस्था की जा रही है। दिल्ली में 27 साल बाद सत्ता में बीजेपी के लौटने के बाद पीएम पहली बार बिहार आ रहे हैं। सीएम नीतीश कुमार भी पीएम के साथ मंच पर मौजूद होंगे। एनडीए के घटक दलों के नेताओं का दावा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों का असर बिहर में देखा जा रहा है। यहां भी एनडीए 225 सीटें जीत कर सरकार बनाएगी।

### मालवाहक ने बाइक सवार को कुचला

**गिरिडीह।** गिरिडीह-टुण्डी मुख्य पथ पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरसिंगरायडीह के पास गुरुवार सुबह सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक एक स्टील फैक्ट्री में काम करते थे। घटना में मृत युवकों में मुफफसिल थाना क्षेत्र के झगरी निवासी 32 वर्षीय शंकर साव और पचम्बा थाना क्षेत्र के बोड़ो निवासी अनीस शामिल हैं। घटना के बाद दोनों युवकों का शव सड़क पर रखकर आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया और मुआवजा की मांग करने लगे।

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
(संसद के अधिनियम संख्या 25 (2009) के तहत स्थापित)
जांट-पाली , महेंद्रगढ़-123029

ह.के.वि/ सं.स. प्र. अ/2025/4950(डी) दिनांक: 17/02/2025

**अल्पावधि निविदा सूचना**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ में दिनांक 08.03.2025, 09.03.2025 एवं 10.03.2025 को आयोजित होने वाले **"हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह-2025 तथा स्पंदन-2025"** के लिए **"वाटर प्रूफ एवं फायर प्रूफ हैंगर , टेंट , साउंड, लाइटिंग तथा संबद्ध सेवाएं"** उपलब्ध कराने हेतु दो-भागों (बोली) प्रणाली के अंतर्गत सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पूर्ण भरी हुई निविदाएं हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक खण्ड में संपदा एवं सामान्य प्रशासन अनुभाग के कक्ष संख्या 123 में दिनांक **27.02.2025 को अपराह्न 2:00** बजे तक जमा की जा सकती है। निविदा के संबंध में अधिक विवरण / नियम एवं शर्तों / शुद्धिपत्र / परिशिष्ट / इत्यादि के लिए, कृपया नियमित रूप से विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.cuh.ac.in** देखें। **कुलसचिव (प्रभारी)**

रोचक / शिखर चंद जैन

बच्चों, बालभूमि में ही हमने तुम्हें दुनिया के कुछ अनोखी डॉल्स म्यूजियम्स के बारे में बताया था। अब हम तुम्हें दुनिया के अलग-अलग देशों की मशहूर डॉल्स के बारे में बता रहे हैं। ये डॉल्स न सिर्फ अपने देश में प्रसिद्ध हैं, बल्कि पूरी दुनिया के बच्चे इन्हें खूब पसंद करते हैं।

# मन को लुभाती प्यारी-अनोखी डॉल्स



बच्चों, आज भले ही वीडियो गेम्स और अन्य तरह-तरह के गेम्स की वजहों से बच्चे गुड़ियों से कम खेलते हों, लेकिन जब भी उनकी नजर किसी प्यारी और अनोखी डॉल पर पड़ती है तो वे इसे पाने के लिए मचल उठते हैं। इसके साथ मजे से खेलते हैं।

## गुड़ियों की कैसे हुई शुरुआत

गुड़ियों को बनाने की शुरुआत सबसे पहले प्राचीन यूनान (अब ग्रीस) और मिस्र (अब इजिप्ट) में हुई। इसके बाद दुनिया के बहुत से देशों ने अपनी संस्कृति और समाज की परंपराओं, मान्यताओं, रीति-रिवाजों और आस्थाओं के आधार पर तरह-तरह की गुड़ियां बनानी शुरू कीं। आओ, जानते हैं दुनिया की कुछ मशहूर और अनोखी डॉल्स के बारे में-

## रूस की मैट्रियोश्का डॉल्स

इन डॉल्स को, नेस्टिंग डॉल या स्टेकिंग डॉल के नाम से भी जाना जाता है। इन्हें पहली बार बनाने का श्रेय यूलिया बेरेजनित्स्काइया को जाता है। लकड़ी की बनी ये डॉल्स सिंगल नहीं, ग्रुप्स में होती हैं। इन्हें इस तरह बनाया जाता है कि एक के भीतर एक डॉल रखी जा सके। इन्हें खोलकर भीतर से एक से छोटी दूसरी, उससे छोटी तीसरी, इसी प्रकार कई डॉल्स निकाली जा सकती हैं। इस तरह गुड़ियों का एक छोटा-सा परिवार बन जाता है। इन डॉल्स की संख्या 3 से 10 तक होती है, एक के भीतर एक। एक मैट्रियोश्का में 51 गुड़ियों का विश्व रिकॉर्ड भी बन चुका है। इन डॉल्स को 'बाबुश्का' की तरह बनाया जाता है। बच्चों, 'बाबुश्का' शब्द का मतलब है 'बूढ़ी औरत' या 'दादी'। बेहद प्यारी दिखने वाली डॉल मैट्रियोश्का की पोशाक परंपरागत रूसी कृषक महिलाओं जैसी होती है।

## ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

ऐसा कहा जाता है कि अगर कोई इंसान चिंताओं से घिरा रहता है, तो वरी डॉल उसे राहत पहुंचाती है। ग्वाटेमाला की यह गुड़िया, घर में उपलब्ध सामग्रियों से बनाई जा सकती है। इसे अकसर रद्दी कपड़ों, पतली छड़ियों, सींक, तार, धागे आदि की सहायता से बनाया जाता है। इसे बनाने का कोई निश्चित तरीका नहीं है। कई अलग-अलग तरीके से विभिन्न आकार-प्रकार की 'वरी डॉल्स' बनाई जाती हैं। यह डॉल्स प्रायः बच्चों के लिए ही बनाई जाती हैं, ताकि वे रात में आराम से सो सकें। माना जाता है कि तकिए या बिस्तर के पास इस डॉल को रखने से बच्चों को परेशान करने वाली चिंताएं और बुरे सपने गुड़िया में चले जाते हैं, जिससे बच्चों को रात में अच्छी नींद आती है। असल में बच्चों को अपने साथ किसी के होने का एहसास होता है। स्वाभाविक सी बात है, इससे बच्चे अपने आपको सिक्योर फील करते हैं।



ग्वाटेमाला की वरी डॉल्स

## जापान की कोकेशी डॉल्स

आमतौर पर जापानी गुड़िया के नाम से जानी जाने वाली कॉकेशी डॉल्स ज्यादातर लंबी होती हैं।



इसके हाथ, पैर अलग से नहीं बनाए जाते। बस ऊपर गोल सिर होता है। जापान के अलग-अलग प्रांतों में बनने और मिलने वाली कोकेशी डॉल्स के चेहरे का आकार, डिजाइन और शैली प्रांत के कल्चर के हिसाब से अलग-अलग होती है। यहां स्त्री, पुरुष और बच्चों की आकृतियों वाले कोकेशी डॉल्स मिलते हैं।

## अफ्रीका की नब्देले डॉल्स

नब्देले या नेबेले डॉल का नाम दक्षिण अफ्रीकी जनजाति के छोटे कद के लोगों से लिया गया है। ये



गुड़िया रंग-बिरंगी होती हैं, इन पर मोतियों की कारीगरी भी की जाती है। नब्देले डॉल्स अलग-अलग शैलियों में बनाई जाती हैं। प्रत्येक का एक अलग अर्थ है। कुछ का उपयोग दूसरी दुनिया की शक्तियों से सुरक्षा के लिए किया जाता है। इनमें से कुछ ऐसी डॉल्स होती हैं, जो नई दुल्हन को उपहार स्वरूप दी जाती हैं। इन्हें एक शुभ शगुन के रूप में देखा जाता है। *

### बार्बीः सबसे पॉपुलर डॉल



बच्चों, तुम सब की चहेती बार्बी डॉल का निर्माण अमेरिका की बिजनेस वूमन रूथ हैंडलर ने 1959 में किया था। उनका यही उद्देश्य था कि छोटी बच्चियां, इन्हें देखकर अपने सुंदर भविष्य की कल्पना करें। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से इंस्पायर थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच पॉपुलर होने लगी। आज बार्बी दुनिया की सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल है।

आओ जानें / कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव

# सड़क के किनारे पेड़ क्यों लगाए जाते हैं?

बच्चों, जब तुम सड़क मार्ग से यात्रा करते हो, तो तुम्हें सड़क के दोनों किनारों पर पेड़ नजर आते होंगे। राजमार्ग यानी नेशनल हाईवे से यात्रा करने के दौरान सड़क के बीचों-बीच डिवाइडर पर भी विभिन्न प्रकार के छोटे पौधे लगे दिखते हैं। क्या तुम जानते हो, सड़क के किनारे या सड़क के बीचों-बीच इस तरह से पेड़ क्यों लगाए जाते हैं? जानो, इसकी खास वजह।



**वाहनों का शोर करते हैं कंट्रोलः** वाहनों के इंजन, हॉर्न की आवाजें सबको अप्रिय लगती हैं, ये ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाती हैं। सड़क के किनारे या बीच में लगे पेड़, वाहनों की इस आवाज को अवशोषित कर लेते हैं। इस तरह शोर की मात्रा पर काफी कंट्रोल करते हैं। इसके अलावा वाहनों से निकलने वाले धुएं में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर पेड़-पौधे, ऑक्सीजन का उत्सर्जन करते हैं, जिससे हमारा वातावरण शुद्ध होता है।

**कहलाते हैं ग्रीन मफलरः** ऐसे पेड़-पौधे, जो सड़क के किनारे या बीचों-बीच लगाए जाते हैं, उनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं। 'मफलर' का अर्थ है शोर को कम करना। दरअसल, ऑटोमोबाइल वाहनों में एक ऐसा यंत्र होता है, जो इंजन द्वारा उत्पन्न ध्वनि को कम करता है, उसे मफलर कहते हैं। अब चूंकि पेड़-पौधे भी वाहनों से निकलने वाली ध्वनियों को कम करते हैं, इसलिए इनको 'ग्रीन मफलर' कहते हैं।

**यात्रियों को मिलती है छाया-शीतलताः** सड़क के किनारे लगे पेड़, यात्रियों को छाया और शीतलता भी प्रदान करते हैं। सड़क के डिवाइडर के बीच में छोटे-छोटे पौधे लगाने का भी यही कारण है। रात को जब वाहन डिपर का प्रयोग करते हैं तो ये पेड़, प्रकाश का अवशोषण कर लेते हैं और सामने से आ रहे वाहन चालक की आंखों में पड़ने वाली चमक को भी हल्का कर देते हैं। इसके अलावा खास बात यह है कि हरा रंग, हमारी आंखों को आराम देता है। इस वजह से हरियाली के कारण सड़क यात्रा के दौरान चालक और यात्रियों की थकावट कम हो जाती है और उनको आराम मिलता है। पेड़-पौधों की हरियाली से सड़कें खूबसूरत दिखती हैं। *

कविता / दिशा ग्रोवर

## खेलें छुपन-छुपाई



गोल है सूरज, चंदा गोल
एक-दूजे के बने विलोम।
भेदभाव पर कभी न करते
धरा के ये साथी अनमोल।
घमंड कभी सूरज न करता
रोशन सारे जग को करता।
धरती के मस्तक को जैसे
हर संध्या टीका है करता।
चंदा भी विनम्र बड़ा है,
पहरे पर हर रात खड़ा है।
जितनी भी दे सूर्य रोशनी
खुशी-खुशी से घटा-बढ़ा है।
चंदा-सूरज, हैं परछाई
नहीं, न करते कभी लड़ाई।
रात और दिन बांटे ऐसे,
जैसे खेलें छुपन-छुपाई।

तुम्हारे लिए नई किताब

# मीठी-मीठी सात कहानियां

बच्चों, कुछ समय पहले ही कहानियों की एक नई किताब 'कार्टून फिल्म का कमाल' छपकर आई है। इसमें कुल सात कहानियां हैं। सातों कहानियां बहुत मीठी-मीठी हैं। मीठी इसलिए क्योंकि ये मनोरंजन तो करती ही हैं, सीख भी देती हैं। 'अनूठी दोस्ती' क्रिकेट खेलने के शौकीन बच्चे अग्रिम की कहानी है, जिसे किताबें पढ़ना अच्छा नहीं लगता। लेकिन फिर अग्रिम की दीदी कैसे किताबों से उसकी दोस्ती करवा देती है, यह इस कहानी में पढ़ सकते हो। कुछ इसी तरह पढ़ने और किताबों के महत्व को बताती है, संकलन की आखिरी कहानी 'दीदी की कविता।' 'कार्टून फिल्म का कमाल' एक ही क्लास में पढ़ने वाले अनंत और संवेदन की कहानी है, जो दौड़ प्रतियोगिता में फर्स्ट आने के लिए गलत तरीका अपनाने की सोचते हैं। फिर कैसे एक कार्टून फिल्म देखकर संवेदन और उसके दोस्तों का मन बदलता है, इसे बहुत सरल ढंग से इस कहानी में बताया गया है। 'फर्स्ट आने का सीक्रेट' कहानी में तुम पढ़ सकते हो कि एग्जाम में अच्छे मार्क्स लाने के लिए हैंड राइटिंग का अच्छा होना कितना जरूरी है! फास्ट फूड खाने से क्या परेशानियां हो सकती हैं, इसे तुम 'सुधर गया अंकित' कहानी में पढ़ सकते हो। 'अलादीन का चिराग' नन्ही गुनगुन की कहानी है, जो बहुत अनोखे ढंग से अपने मम्मी-पापा की आपसी नाराजगी को दूर कर देती है। 'शैतानी का पिटारा' नटखट नीशु और उसके छोटे भाई ईशु की कहानी है। नीशु अपने भाई को प्यार तो बहुत करता है लेकिन उसे परेशान भी करता है। कैसे उसकी यह आदत छूटती है, इसे जानने के लिए तुम्हें यह कहानी पढ़नी होगी। *




-विज्ञान भूषण

**किताबः** कार्टून फिल्म का कमाल, **लेखिकाः** आरती 'आस्था'
**मूल्यः** 149 रुपए, **प्रकाशकः** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

कहानी
सिराज अहमद

घोड़े को यह बात जरा भी रास नहीं आई कि वह जहां घास चरता है, वहीं पर भैंस भी घास खाए। उसने भैंस के सामने अपनी शक्ति प्रदर्शित करनी चाही, लेकिन भैंस ने जो कर दिखाया, घोड़ा देखता रह गया। ऐसा क्या करिश्मा किया भैंस ने जो घोड़े की शक्ति फिस्स हो गई?

# घोड़ा और भैंस



जहां घोड़ा घास चरता था, आज वहां पर एक भैंस भी आ गई थी। यह देखकर घोड़ा तमतमा उठा। वह सोच रहा था कि जिस मैदान पर उसका एकछत्र राज हुआ करता था, उस पर अब इस भैंस की भी हिस्सेदारी होगी। गुस्से में घोड़े के नथुने फूल उठे। सिर गरम होने लगा। टप-टप, टप-टप चलता हुआ, भैंस के पास पहुंचकर उसने कड़क आवाज में पूछा, 'तुम यहां कैसे?'

भैंस के गले में घंटी बंधी थी। जैसे ही उसने सिर उठाया, घंटी बज उठी। घोड़े को देखकर उसे कोई आश्चर्य नहीं हुआ। उसने एक नजर घोड़े पर डाली, फिर घास चरने लगी। घास चरते हुए ही भैंस बोली, 'तुम्हारे ही मालिक ने मुझे भी खरीदा है। कल ही तो वो मुझे बाजार से लेकर आए हैं। अब मैं भी तुम्हारे साथ यह जगह साझा करूंगी।'

यह सुनकर घोड़े को थोड़ी हैरत जरूर हुई। लेकिन वह उससे क्या कहे, इस सोच में पड़ गया। अपने मालिक पर भी उसे गुस्सा आ रहा था। जब उसे कुछ समझ न आया तो वह भारी आवाज में भैंस से बोला, 'दो-दो लात कर लो, जो जीता वह यहां रहेगा।' घोड़े को पता था कि उसकी लात के आगे भैंस टिक नहीं पाएगी। पहले तो भैंस ने उसकी बातों में कोई दिलचस्पी न ली, लेकिन जब यह देखा कि वह अभी वहीं खड़ा है तो उसने अपना सिर उठाया। गले की घंटी बज उठी। इत्मीनान से उसने घोड़े को देखा। फिर ठहरकर बोली, 'दो-दो सींग करो, जो जीता वह यहां रहेगा।' भैंस की बात सुनकर घोड़ा सकते में आ गया, क्योंकि घोड़े के तो सींग ही नहीं होती। कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया। घोड़ा और भैंस एक-दूसरे को देखते रहे।

तभी वहां पर एक काला सांप आ गया। वह फन फैलाकर फुफकार रहा था। घोड़े को देखकर बोला, 'मैं दो-दो दांत करूंगा। कल मैं तुम्हारे पैरों से कुचलते-कुचलते बच गया था, अब देखो तुम मेरी ताकत।'

सांप तेजी से रेंगता हुआ घोड़े के पैरों की तरफ लपका ही था, तभी भैंस ने अपनी सींग से उसे उठाकर हवा में उछाल दिया, बहुत दूर। भैंस के गले में पड़ी घंटी जोर से बज उठी और देर तक बजती रही।


घोड़े का दिल जोर-जोर से धड़क रहा था। थोड़ी दूर तक तो सांप हवा में दिखा फिर सबकी आंखों से ओझल हो गया। घोड़ा वहां खड़ा सोचता रह गया कि आखिर भैंस ने उसे बचाया क्यों?

उधर भैंस हरी-हरी घास चरने में फिर से मस्त हो गई। दो-दो लात और दो-दो सींग की बात भी उसी सांप के साथ चली गई थी। *

कहानी
अशोक वाधवाणी

मंदिर के बाहर जब सुभाष को अपनी चप्पल नहीं मिली तो उसने किसी दूसरे व्यक्ति की चप्पल पहन कर जाने की सोची, लेकिन उसके दोस्त आलोक ने रोका, बोला कि वह ऐसा ना करे, यह तो चोरी है। क्या सुभाष ने अपने दोस्त की बात मानी, क्या उसकी खोई चप्पल मिली?

# सही-गलत



सुभाष अपने दोस्त आलोक के साथ मंदिर में भगवान के दर्शन करके जब बाहर आया तो सीढ़ियों के पास रखी उसकी चप्पल गायब थी। सुभाष ने देखा उसकी चप्पल की जगह उसी तरह की डिजाइन और सेम साइज वाली दूसरी चप्पल पड़ी थी, सिर्फ उस चप्पल का कलर अलग था। सुभाष गुस्से से बोला, 'पता नहीं किसने मेरी चप्पल चुरा ली?'

सुभाष की बात सुनकर आलोक तुरंत बोला, 'मैंने तुमसे पहले ही कहा था कि चप्पल स्टैंड पर चप्पल रखते हैं। मैंने तो रखी लेकिन तुमने दो रुपए बचाने के चक्कर में मेरी बात नहीं मानी।'

'यार, जब देखो तब तुम मेरी खिंचाई ही करते रहते हो। यह अच्छी बात नहीं है।' सुभाष खीझे स्वर में बोला।

'तुम गलत बोल रहे हो। मैं हमेशा तुम्हारे हित के लिए ही बोलता हूं।' आलोक बोला।

आलोक की बात अनसुनी करते हुए सुभाष ने अपना इरादा बताया, 'छोड़ो यार! यहां रखी चप्पल को पहन कर अब चलता हूं।'

आलोक ने सुभाष को रोका, 'ऐसा ना करो। थोड़ी देर प्रतीक्षा करते हैं। हो सकता है कोई हड़बड़ी में तुम्हारी चप्पल पहन कर चला गया हो और बदलने के लिए कुछ देर में लौट आए।'

'आलोक हर काम के लिए तुम्हारी रोक-टोक मुझे पसंद नहीं। मेरी बात मानना तुम सही नहीं समझते हो। आखिर तुम मेरे मित्र हो या शत्रु?' सुभाष के स्वर में नाराजगी थी।

आलोक ने अपने दोस्त सुभाष को फिर से समझाने की कोशिश की। उसने प्यार से समझाते हुए कहा, 'मैं तुम्हारा दोस्त हूं, शुभचिंतक हूं, इसलिए तुम्हें गलत काम करने से टोकता हूं। चलो, थोड़ी देर के लिए मान लेते हैं कि तुम्हारी चप्पल चोरी हो गई है। लेकिन उसके बदले में किसी और की चप्पल पहन कर चल देना, चोरी ही कहलाएगी।'

आलोक की इस बात के आगे सुभाष के पास कोई जवाब नहीं था। वह मन मारकर चप्पल ले जाने वाले की प्रतीक्षा करने लगा। थोड़ी देर बाद सुभाष ने देखा, एक नौजवान उसकी चप्पल पहने तेज कदमों से मंदिर की ओर आ रहा है। वहां रखी अपनी चप्पल पहचान कर खुश हुआ। वह सुभाष की चप्पल छोड़कर, अपनी चप्पल पहन कर चला गया।

आलोक ने मुस्कुराते हुए सुभाष की ओर देखा। उसके चेहरे पर शर्मिंदगी के भाव थे। *

## जीके क्विज-142

1. हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ चार हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी कौन बने हैं?
2. पिछले दिनों राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप का खिताब किसने जीता?
3. दिल्ली की नई मुख्यमंत्री कौन बनी हैं?
4. भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किस अधिनियम को 'काला बिल' कहा गया?
5. अपने देश में वर्ष का सबसे छोटा दिन कब होता है?
6. 'मालगुडी डेज' पुस्तक के राइटर कौन हैं?
7. रिकेट्स नामक रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
8. सूर्य में कौन-सी गैस सर्वाधिक मात्रा में पाई जाती है?
9. हीटर का तार किस मिश्र धातु का बना होता है?
10. भारत द्वारा प्रक्षेपित पहले कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?



बच्चों, जीके क्विज-142 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-141 का उत्तर :** 1.भारतीय जनता पार्टी, 2.रवींद्र जडेजा, 3.अर्जेंटीना, 4.बृहस्पति, 5.वर्द्धमान, 6.राजेंद्र प्रसाद, 7.हरा, 8.एंटोनी वॉन ल्यूवेनहॉक, 9.सिक्किम, 10.जय प्रकाश नारायण

**जीके क्विज-141 का सही उत्तर देने वाले :** मनीष-रायपुर, कबीर-हिसार, ज्योति-रायगढ़, मान्या-दिल्ली, रोहित-हिसार, अंजना-बिलासपुर, साकेत-महासमुंद, सृष्टि-बलोद, नवीन-दुर्ग, पीयूष-बलौदा बाजार, अंकित-रोहतक

## रंग भरो-169

रंग भरो-169 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





डिंपल, दुर्ग



दिशांत, महेंद्रगढ़



सानवी, रायपुर



प्रगति, बिलासपुर



चहक, ईमेल से



सौम्य, बालोद


इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

तेजस-रायपुर, वसनि-रायपुर, अंकित-दुर्ग, पूजा-महासमुंद, दीपक-मटियारी, कुशल-रोहतक, दीपा-गुना, छवि-करनाल, साकेत-बलौदा बाजार, कनिष्क-धमतरी, काव्या-बालोद, देवेन-भोपाल, राजन-दिल्ली, दिव्या-राजनांदगांव, कल्पित-बालोद

## रंग भरो 170



बच्चों, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में एक बच्चा ट्वॉय कार से खेल रहा है। चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## खबर संक्षेप

### मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश के शासकीय स्कूलों की हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बैंक खातों में आज फरवरी को सिंगल क्लिक के माध्यम से लैपटॉप की राशि अंतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छात्र-छात्राओं को लैपटॉप के लिए 25-25 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। लैपटॉप विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा और केरियर के अन्य लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया को जारी संदेश के माध्यम से मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### लापता ड्राइवर का पेड़ पर लटका मिला शव

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जामपाली डंपिंग एरिया के बगल में स्थित प्लांटेशन में गुरूवार की सुबह एक युवक की फांसी पर लटकती लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मृतक युवक की शिनाख्त पत्थलगांव निवासी कुलदीप एक्का पिता भुनेश्वर एक्का 28 साल के रूप में हुई। बताया जा है कि युवक ड्राइवर का काम करता था, जो कि 14 दिसंबर को जामपाली कोयला लोड करने आया था। उसके बाद से वापस घर नहीं लौटा था। इसी बीच आज सुबह डंपिंग एरिया साइड गए थे।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत

**रायपुर।** राजधानी में एक बार फिर भीषण सड़क हादसा हुआ है। हादसे में दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार, उनकी तेज रफ्तार कार खम्भे से जा टकराई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। पूरा मामला विधानसभा क्षेत्र का है। तेज रफ्तार कार खंभे से टकराने से दुर्घटना हुई है। इस घटना से दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। दोनों मृतकों की शिनाख्त भी हुई है। दोनों युवक फोटोग्राफर थे। शंकर नगर में किराये के मकान में रहते थे। युवकों की पहचान संदीप राय, पश्चिम बंगाल के निवासी और दीपक साहू, कोरबा निवासी के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार दुर्घटना का मुख्य कारण ओवरस्पीडिंग बताया जा रहा है।

### नवाचारों को मिलेगी नई ऊंचाई

**रायपुर।** नवाचारों की शक्ति को पहचानना और उन्हें सही मंच पर लाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। नवाचार और तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने वाली अग्रणी संस्था मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन 6 मार्च को मुंबई में 'इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025' के 10वें संस्करण का आयोजन करने जा रही है। मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष मारीवाला ने कहा, भारत में नवाचार की गति तेज हो रही है, और इस मंच के माध्यम से हम उन उद्यमियों का सम्मान कर रहे हैं जो समाज में बदलाव ला रहे हैं । मानद अध्यक्ष अमित चंद्रा ने कहा, यह मंच नवप्रवर्तकों को पहचान दिलाने के साथ-साथ नवाचार के प्रभाव और संभावनाओं को दिखाता है।

### अब अतिथियों शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक

**भोपाल।** दसवीं-बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा सहित अन्य कक्षाओं की मुख्य परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने अतिथि शिक्षकों को लेकर अहम फैसला लिया है। विभाग ने अतिथि शिक्षकों की सेवाएं 30 अप्रैल तक बढ़ा दी हैं। यह शिक्षक अब स्कूलों में शिक्षकों के खाली पड़े स्थानों पर सेवाएं देंगे। लोक शिक्षण संचालनालय ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि शासकीय विद्यालयों मे शैक्षणिक व्यवस्था के लिए रिक्त पदों के विरूद्ध सत्र 2024-25 में अतिथि शिक्षकों को आमंत्रित करने के निर्देश पत्रों में दिए गए थे। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में रिक्त पदों के विरूद्ध आमंत्रित अतिथि शिक्षकों की सेवाएं विद्यालय मे रिक्त पद होने की स्थिति में 30 अप्रैल तक ली जा सकेगी।

## मप्र दुग्ध संघ और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य होगा करार

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, दुग्ध उत्पादकों की आमदनी दोगुनी करने और दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने होगा अनुबंध

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में 25 फरवरी को एमपी स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) का निष्पादन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि होगी।

डॉ. यादव ने कहा कि यह अनुबंध प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। मंत्रि-परिषद द्वारा इस सहकारिता अनुबंध (कोलेबोरेशन एग्रीमेंट) पर सहमति दी जा चुकी है। इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह 25 फरवरी के कार्यक्रम में रहेंगे मौजूद



### सांची ब्रांड का नाम नहीं बदलेगा, होगा और मजबूत

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के सांची ब्रांड को और मजबूत किया जाएगा। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाकर राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जाएगा। ब्रांड के नाम में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। दुग्ध संघ के प्रबंधन एवं संचालन के लिए प्रबंधन शुल्क और नवीन प्रसंस्करण एवं अधोसंरचनाओं के विकास के लिए भी कोई परामर्श शुल्क नहीं लिया जाएगा। तकनीकी एवं प्रबंधन विशेषज्ञों को अपने पैरोल पर दुग्ध संघ में पदस्थ किया जाएगा तथा कार्यरत अमले का हित संरक्षण भी किया जाएगा। दुग्ध सहकारी समितियां से संबद्ध डेयरी किसानों की शिकायतों के निराकरण के लिए शिकायत निवारण प्रणाली भी विकसित की जाएगी।

### दुग्ध उत्पादकों की आय में होगी अप्रत्याशित वृद्धि

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि अनुबंध के तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जाएगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत ढाई हजार करोड़ रुपए के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है। इन संकल्पों को पूरा करने में यह अनुबंध महत्वपूर्ण साबित होगा।*

### दुग्ध समितियों के माध्यम से कवर होंगे 18 हजार ग्राम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में दुग्ध समितियों की संख्या 6 हजार है, जिसे बढ़ाकर 9 हजार किया जाएगा। इन दुग्ध समितियों के माध्यम से लगभग 18 हजार ग्रामों को कवर किया जा सकेगा। दुग्ध संकलन भी 10.50 लाख किलो प्रतिदिन से बढ़कर 20 लाख किलो प्रतिदिन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त एनडीडीबी द्वारा दुग्ध उत्पादक संस्थाओं (एमपीओ) के माध्यम से कवर किए गए गांवों को 1390 से बढ़ाकर 2590 किया जाएगा तथा दूध की खरीद को 1.3 लाख किलो से बढ़कर 3.7 लाख किलो प्रतिदिन किया जाएगा। साथ ही दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जाएगी। वर्तमान में डेयरी प्लांट की क्षमता 18 लाख लीटर प्रतिदिन है, जिसे बढ़ाकर 30 लाख लीटर प्रतिदिन किया जाएगा। इस तरह अगले 5 सालों में लगभग 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। दुग्ध उत्पादकों की कुल वार्षिक आय 1700 करोड़ रुपए से दोगुना कर 3500 करोड़ रुपए किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित अद्यतन तकनीकों के उपयोग पर बैठक

# ऐसा प्रबंधन करें कि श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय रहे सिंहस्थ-2028: सीएम

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय अनुभूति बनाने के उद्देश्य से आवागमन, पार्किंग, स्नान, भीड़ प्रबंधन, आवास, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा, अपशिष्ट प्रबंधन सहित सभी पहलुओं के प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए।

व्यवस्थाओं के संचालन में सूचना प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित सभी अद्यतन तकनीकों का उपयोग किया जाए। डॉ. यादव बुधवार को सिंहस्थ-2028 के प्रबंधन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस सहित अद्यतन तकनीकों के उपयोग की संभावनाओं पर विचार-विमर्श के लिए मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।



भीड़ प्रबंधन, आवास, स्वच्छ पेयजल, भोजन, चिकित्सा सुविधा पर विशेष ध्यान

### श्रद्धालुओं के आवागमन संबंधी प्रस्ताव रखा

*बैठक में आईआईटी एल्यूमिनाए कॉउंसिल के सतीश मेहता द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से संचालित सोलर गोल्फ कार्ट, इलेक्ट्रिक मिनी बसों और 9 मीटर लंबी बसों से श्रद्धालुओं के आवागमन संबंधी प्रस्ताव रखा गया। उनके प्रस्ताव अनुसार देवास, इंदौर और ओंकारेश्वर से उज्जैन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शहरी क्षेत्र में प्रायोगिक रूप से इस व्यवस्था के संचालन के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।*

### मध्यप्रदेश के सिंचाई रकबे को एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में सिंचाई के रकबे को वर्ष 2028-29 तक एक करोड़ हेक्टेयर तक ले जाने का लक्ष्य है। अतः सभी परियोजनाओं में निर्माण गतिविधियों का संचालन समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। यादव ने कहा कि सिंहस्थ - 2028 में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ओंकारेश्वर दर्शन के लिए भी जाएगी। अतः ओंकारेश्वर में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्मित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

#### सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा की

बैठक में बड़ादेव संयुक्त माईक्रो सिंचाई परियोजना अंतर्गत टेरिया नाला बांध, सानेर बांध और सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली के निर्माण कार्य, सोण्डवा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, धार उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, बहोरीबंद उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, नर्मदा-झाबुआ-पेटलावद-थांदला-सरदारपुर उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना, ढीमरखेड़ा माईक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना, बरगी व्यपवर्तन परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण, महेश्वर-जानापाव उद्वहन माईक्रो सिंचाई परियोजना की प्रगति की समीक्षा की गई।

#### परियोजना पर चर्चा

बैठक में ओंकारेश्वर और नावघाट-खेड़ी जिला खण्डवा में नर्मदा नदी के दोनों तटों पर घाट निर्माण और इंदिरा सागर ओंकारेश्वर पम्प स्टोरेज परियोजना पर भी चर्चा हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा, मोहम्मद सुलेमान सहित नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश की विकासात्मक गतिविधियों पर हुई चर्चा



# मुख्यमंत्री निवास पहुंचे हरियाणा के राज्यपाल, सीएम ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में पुष्प-गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और प्रतीक चिन्ह के रूप में राधा-कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर उनका अभिवादन किया।

राज्यपाल दत्तात्रेय ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप की प्रतिमा भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्यपाल दत्तात्रेय को प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों और जनकल्याण कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के लिए क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित इन्वेस्टर समिट और 24 एवं 25 फरवरी को होने जा रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में भी अवगत कराया।

### राज्यपाल पटेल से दत्तात्रेय ने की सौजन्य भेंट



राज्यपाल मंगुभाई पटेल से हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में बुधवार को शिष्टाचार मुलाकात की। राज्यपाल पटेल ने शॉल, श्रीफल भेंट कर राज्यपाल दत्तात्रेय का स्वागत किया। पटेल का दत्तात्रेय ने अंग वस्त्र पहनाकर अभिवादन किया। दोनों राज्यों के राज्यपालों द्वारा स्मृति प्रतीकों का पारस्परिक आदान-प्रदान किया गया। चर्चा के दौरान विकास के विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श भी हुआ।

## बाइक और लोहे के एंगल सहित अन्य सामान बरामद

# साथी सहित शातिर चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा

मानिकपुर चौकी अंतर्गत शारदा विहार आवासीय क्षेत्र के मुड़ादाई मंदिर के पास चोरी के एक मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से दोपहिया वाहन और लोहे का सामान बरामद किया है। इनमें से एक शातिर बदमाश बताया गया है।

मानिकपुर चौकी पुलिस के हत्थे चढ़े विशाल साहू और अमर नायडू दोनों सीतामणी निवासी है। पुलिस ने इसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल और भारी मात्रा में लोहे की राड बरामद की है। कोरबा की मानिकपुर पुलिस ने हाल में ही हुई चोरी की एक घटना को लेकर इन दोनों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि निर्माणाधीन मकान मुड़ा दाई मंदिर के पास बनाया जा रहा है। उनके द्वारा लोहे की रॉड और अन्य सामान की चोरी की गई थी। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। इसके बाद जांच की कार्रवाई शुरू की। मुखबिर की सूचना पर विशाल केवट और अमन नायडू दोनों को पुलिस ने पकड़ा। जहां उनसे पूछताछ शुरू की गई। पहले तो चोरी करने से इनकार किया लेकिन जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो इस दौरान उनके कब्जे से एक बाइक बरामद हुई। पुलिस को संदेह हुआ और उसने और पूछताछ की तो भारी मात्रा में लोहे के एंगल बरामद हुए।




### आरोपी पर चले रहे पुराने कई मामले

*बताया जा रहा है कि 22 वर्षीय विशाल केवट सीतामढ़ी निवासी है और शातिर अपराधी हैं। कुछ माह पहले ही रेलवे फाटक सीतामढ़ी के पास ट्रक चालकों से लूटपाट और मारपीट की घटना हुई थी। उसमें विशाल केवट आरोपी था। जहां कार्रवाई के बाद पुलिस ने जेल दाखिल किया था। कुछ दिनों पहले ही जेल से छूटकर आया हुआ है। उसके बाद अपने एक अन्य साथी के साथ चोरी की घटना को अंजाम दिया। मानिकपुर चौकी आने में पदस्थ एएसआई अमर जायसवाल ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी साथी हैं। उनसे और भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों में से एक पहले भी चोरी और लूट के मामले में जेल जा चुका है। मानिकपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।*

## 23 को पीएम मोदी करेंगे कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन

# बागेश्वर धाम में आज से 7 दिन का महाकुंभ राष्ट्रपति मुर्मू देंगी 251 जोड़ों को आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर

छतरपुर के बागेश्वर धाम में 21 से 27 फरवरी तक छठवां बुंदेलखंड महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। सभी बसों को पहाड़िया मैदान स्थित पार्किंग क्रमांक 4 में खड़ा किया जाएगा। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत फोरलेन किनारे ग्राम गढ़ा तिगैला के पास पार्किंग क्रमांक 7 और ग्राम गंज के पास पार्किंग क्रमांक 8 का उपयोग किया जाएगा।



23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 100 बेड के कैंसर अस्पताल का भूमिपूजन करेंगे। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 251 जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचेंगी।

## कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचे, निरीक्षण कर निर्देश दिए

## वीडी ने पीएम मोदी के भोपाल आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने कहा, मप्र के लिए कई सौगातें लेकर आ रहे हैं प्रधानमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भोपाल आगमन को लेकर निरीक्षण कर निर्देश दिए। इस दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यप्रदेश के दौरे पर पधार रहे हैं। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को बुंदेलखंड की धरती पर धर्म एवं आध्यात्मिक केंद्र बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ करेंगे। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में देश के साथ दुनिया के कई देशों के उद्योगपति व निवेशक शामिल हो रहे हैं। लाखों करोड़ के निवेश होने की संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी मध्यप्रदेश के लिए अनेक सौगातें लेकर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश को प्रगति के पथ पर निरंतर आगे ले जा रहे हैं।

### कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखेंगे पीएम मोदी



#### कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुंदेलखंड व भोपाल प्रवास के दौरान स्वागत करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है। हम सबके लिए बड़े गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद व विधायकों का मार्गदर्शन करेंगे। मैं मप्र भाजपा के कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर अभिनंदन करता हूं।*

### दिग्विजय सिंह हों या जीतू पटवारी, सभी डूबती नाव हो गए

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि दिग्विजय सिंह, जीतू पटवारी और उमंग सिंघार जैसे कांग्रेस नेता मध्यप्रदेश को बदनाम कर रहे हैं। कांग्रेस ने मध्यप्रदेश को बीमारू राज्य बनाया था। दिग्विजय सिंह हों या जीतू पटवारी सभी डूबती नाव हो गए हैं। खुद को सुर्खियों में बनाए रखने के लिए कांग्रेस नेता अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के जरिए निवेश से मध्यप्रदेश को स्वर्णिम और आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश का कार्य भाजपा की सरकार कर रही है। ऐसे समय में कांग्रेस नेताओं का बयान जनता जनार्दन का अपमान है।

### धर्म व संस्कृति की आभा बिखेर रहे युवा संत, कांग्रेस साधु-संत विरोधी

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री देश और दुनिया में धर्म-संस्कृति की आभा बिखेर रहे हैं। एक युवा संत धर्म के प्रति समर्पण के साथ आध्यात्मिकता की आवाज बने हुए हैं। धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री को लेकर कांग्रेस नेता जिस तरह अमर्यादित भाषा का उपयोग कर रहे हैं, इस तरह की भाषा सभ्य समाज में कोई स्वीकार नहीं करता है। कांग्रेस नेता हमेशा से साधु-संतों का विरोध करते रहे हैं।*

## एक ही इलाके में तीन घरों में की वारदात

# शातिर चोरों ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर



कोतवाली थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड में बीती रात चार से पांच चोरों ने एक ही रात में तीन घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना में कितनी लूट हुई है। इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

घटना की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। वहीं आरोपियों की फोटो सीसीटीवी फुटेज में भी आ गई है। फिलहाल, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। बताया जा रहा है कि लालबाग स्थित हाउसिंग बोर्ड में बीती रात कुछ चोरों ने तीन से चार घरों का ताला काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी सुबह परिजनों को लगी। जब वे घर पहुंचे। घर का सामान बिखरे होने के साथ ही घर से ज्वेलरी और नगदी गायब होने की बात सामने आई। घटना उसी ब्लॉक के चार घरों में हुई है, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद लाखों रुपये से अधिक की चोरी हुई है। फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए आरोपी, पुलिस कर रही पहचान के प्रयास

## चिंतन

# रेखा के सामने होंगी दिल्ली को संवारने की चुनौतियां

सीएम के चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर चौंकाया है। चर्चित नामों से हटकर रेखा गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की कमान सौंपी है। वे शालीमार बाग सीट से पहली बार विधायक जरूर बनी हैं, पर पिछले तीस वर्षों से एबीवीपी, संघ व भाजपा से जुड़ी हुई हैं और दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। पूर्व मेयर के अनुभव के साथ संघ की पृष्ठभूमि दिल्ली के शीर्ष पद तक पहुंचने में काम आई है। भाजपा के लिए दिल्ली के सीएम पद हेतु एक योग्य नाम पर मुहर लगाना आसान नहीं रहा होगा, कारण कई मजबूत नाम रेस में थे। लेकिन पार्टी ने वैश्य समाज से आने वाली अपनी महिला नेता रेखा गुप्ता को आगे बढ़ाकर एक साथ कई संदेश दिए। अरविंद केजरीवाल खुद को वैश्य समाज से बताते हैं और हरियाणा से हैं। रेखा गुप्ता महिला हैं, वैश्य समाज से आती हैं और हरियाणा से हैं। भाजपा का सामाजिक समीकरण रेखा के पक्ष में गया है। दिल्ली में सात फीसदी वैश्य हैं। वैश्य भाजपा के कोर वोटर रहे हैं। आगे बिहार, पश्चिम बंगाल व पंजाब में चुनाव हैं, यहां भी वैश्य की अच्छी आबादी है और आजकल महिलाओं को अलग से वोटबैंक के रूप में देखा जाता है, इसलिए भाजपा ने एक महिला को सीएम बनाकर राजनीतिक व्याकरण को मजबूत किया है। अभी भाजपा शासित राज्यों में ब्राह्मण, राजपूत, ओबीसी, आदिवासी समाज से सीएम हैं, इस कड़ी में वैश्य भी जुड़ गया है। रेखा के जरिये महिला मतदाताओं को सीधा संदेश दिया है। दिल्ली भाजपा के अंदर ताकतवर नेताओं के बीच संभावित गुटबाजी को साधते हुए भी राजनीतिक रूप से अनुभवी महिला का चुनाव किया है। रेखा गुप्ता ने छह मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है, प्रवेश वर्मा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। एक दिन पहले बुधवार को रेखा दिल्ली भाजपा विधायक दल की नेता चुनी गई थीं। रेखा दिल्ली की चौथी महिला सीएम बनी हैं। इससे पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी मर्लिना दिल्ली की सीएम रह चुकी हैं। सीएम के रूप में रेखा के लिए राह आसान नहीं रहने वाली है। आम आदमी पार्टी के रूप में रेखा सरकार के सामने एक मजबूत विपक्ष होगा, और उन्हें अपने मंत्रियों व पार्टी के अंदर भी संतुलन बनाए रखने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी। अभी बेशक सब सरल लग रहा हो, पर जिन नेताओं को निराशा हाथ लगी है, उनकी महत्वाकांक्षा कभी भी उग्र हो सकती है। महिला, वैश्य व हरियाणा पृष्ठभूमि के चलते अरविंद केजरीवाल व उनकी पार्टी के लिए विपक्ष के रूप में नई सीएम रेखा गुप्ता पर व्यक्तिगत राजनीतिक हमला करना कठिन होगा। 27 वर्ष बाद दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुई रेखानीत भाजपा सरकार को अपने सभी चुनावी वादे पूरे करने होंगे। पानी, सड़क, सफाई, पर्यावरण सुधार, परिवहन, यमुना की सफाई आदि मोर्चे पर काम करने होंगे। इसी के साथ भाजपा के शीर्ष नेताओं की दिल्ली को विश्व की सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय राजधानी बनाने की घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की दिशा में भी काम करना होगा। कचरा निस्तारण, खराब इन्फ्रास्ट्रक्चर व प्रदूषण दिल्ली की बड़ी समस्याएं हैं। हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना होगा। मास्टर प्लान 2050 के अनुरूप दिल्ली का विकास करना होगा। हाउसिंग सेक्टर में बहुत अनियमितताएं हैं, उस दिशा में भी समन्वय के साथ काम जरूरी है। दिल्ली को विकसित व श्रेष्ठ राजधानी बनाने की दिशा में सीएम रेखा गुप्ता की सरकार की कार्यकुशलता व सफलता पर यहां भाजपा का राजनीतिक भविष्य निर्भर करेगा।

## विश्लेषण

विवेक शुक्ला



# रजिया से रेखा, दिल्ली पर राज करतीं महिला शासक

रेखा गुप्ता ने गुरुवार को राजधानी के रामलीला मैदान पर जब दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, तब वहां से कुछ दूरी पर दिल्ली 6 की एक गली में सन्नाटा था। इसका नाम है बुलबुलीखाना। यहां चारों तरफ से घिरे हुए परिसर में चिर निद्रा में हैं रजिया सुल्तान। यहां की हालत को देखकर समझ आता है कि इधर अब शायद ही कोई उस रजिया सुल्तान की कब्र पर फूल चढ़ाने आता हो जिसने 1236-1240 के बीच दिल्ली पर राज किया था। इधर लगे एक शिलापट्ट पर बताया गया है कि रजिया सुल्तान दिल्ली सल्तनत में ग़ुलाम वंश के प्रमुख शासक इल्तुतमिश की बेटी थीं। इल्तुतमिश ने अपनी मृत्यु से पहले अपनी बेटी को अपना उतराधिकारी बना दिया था। उसे अपने किसी भी पुत्र में दिल्ली पर राज करने की कुव्वत नजर नहीं आती थी। बहरहाल, रजिया सुल्तान के राज के सात सौ साल से भी अधिक समय के बाद शीला दीक्षित 1998 में दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। उन्होंने लगातार 15 सालों तक दिल्ली पर राज किया। इतने लंबे समय तक दिल्ली पर शायद ही किसी शासक ने लगातार राज किया हो। अगर मुख्यमंत्री के रूप में शीला दीक्षित का कार्यकाल सबसे लंबा रहा तो सुषमा स्वराज का कार्यकाल दो महीने भी नहीं रहा। वो 12 अक्टूबर 1998 से लेकर 3 दिसंबर 1998 तक दिल्ली की मुख्यमंत्री रही।

जाहिर है कि इतने छोटे से कार्यकाल में वो कोई अहम कदम जनता के हित में नहीं ले सकी थीं। भाजपा आलाकमान ने साहिब सिंह वर्मा के स्थान पर सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बनाया था। अब साहिब सिंह वर्मा के पुत्र प्रवेश साहिब सिंह वर्मा दिल्ली की कैबिनेट में आ गए हैं। अगर आप दिल्ली की सियासत के गुजरे दौर के पन्ने खंगालें तो पता चलेगा कि डॉ. सुशीला नैयर को अज्ञात कारणों के चलते यहां के पहले मुख्यमंत्री की कुर्सी से दूर रखा गया था। देश के पहले लोकसभा चुनाव के साथ ही दिल्ली विधानसभा का भी चुनाव 1952 में हुआ था। उसमें कांग्रेस को अभूतपूर्व विजय मिली। सियासत और सार्वजनिक जीवन में कामकाज के लिहाज से डॉ. सुशीला नैयर के मुख्यमंत्री बनने की पूरी उम्मीद थी। पर दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बनाए गए नांगलोई के विधायक चौधरी ब्रहम प्रकाश। उन्होंने डॉ. सुशीला नैयर को अपना स्वास्थ्य मंत्री बनाया। तब बहुत लोगों को हैरानी हुई थी कि डॉ. सुशीला नैयर को क्यों मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। वो देव नगर से विधानसभा के लिए निर्वाचित हुईं थीं। डॉ. सुशीला नैयर गांधी जी की शिष्य होने के साथ-साथ उनकी निजी चिकित्सक भी थीं। वो गांधी जी के निजी सचिव प्यारे नैयर की छोटी बहन थीं। जब गांधी जी ने 12 से 18 जनवरी, 1948 को उपवास रखा तब डॉ. सुशीला नैयर उनके स्वास्थ्य पर नजर रख रही थीं। उन्होंने ही फरीदाबाद में ट्यूबरक्लोसिस सेनेटोरियम की स्थापना करवाई। उन्होंने देशभर में डॉक्टरों को ग्रामीण क्षेत्र में जाने को प्रेरित किया। उनकी शख्सियत बहुत शानदार थी। उन्होंने कभी किसी से शिकायत नहीं की कि उन्हें मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया। खैर, अरविंद केजरीवाल के अचानक से इस्तीफा देने के बाद आतिशी पिछले साल 17 सितंबर को दिल्ली की मुख्यमंत्री बनीं। अब रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी मुख्यमंत्री बनी हैं। दिल्ली यूनिवर्सिटी के दौलत राम कॉलेज की स्टूडेंट रही रेखा गुप्ता दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्र संघ की अध्यक्ष भी रही हैं। उन्हें अब दिल्ली के मसलों को हल करना होगा। रेखा गुप्ता की पहली प्राथमिकता उस यमुना को स्वच्छ करना होना चाहिए जिसे दिल्ली सदियों से जमुना जी कहती है। उसके लिए यह पूजनीय है। पुरानी दिल्ली वाले इसे प्यार से और सम्मानपूर्वक अब 'जमुना जी' ही कहते हैं। दिल्ली के लिए, यमुना सिर्फ एक नदी ही नहीं है। इसके पानी में स्नान करना एक आशीर्वाद माना जाता है, मोक्ष की ओर एक कदम। जब दिल्ली अपनी चारदीवारी वाले शहर तक ही सीमित थी, तो जमुना जी जीवन रेखा थीं। इसने पीने का पानी उपलब्ध कराया, अपने किनारों पर उगाई जाने वाली सब्जियों को पोषण दिया, पशुधन को पानी पिलाया, जीवंत तैराकी मेलों की मेजबानी की।

दिल्ली की बुजुर्ग महिलाएं नियमित रूप से सुबह जल्दी जमुना जी जाती थीं, स्नान और ध्यान के लिए। दिल्ली में एक लंबे अंतराल के बाद बीजेपी की सत्ता में वापसी के साथ, उसे यमुना को बचाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। स्थिति गंभीर है। दिल्ली में वजीराबाद से ओखला बैराज तक यमुना नदी के प्रदूषण के कई कारण हैं, जो इसे मैली बनाते हैं। रेखा गुप्ता के सामने चुनौती बड़ी है। उन्हें अपने को साबित करना होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



जन्मदिन विशेष

संदीप शर्मा

# बगिया के लाल विष्णु देव का कमाल छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन की सरकार

दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है।

छत्तीसगढ़ में इस समय ट्रिपल इंजन की सरकार है। यह संभव हो सका है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और सुशासन से। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस की नीति अपनाते हुए उन्होंने संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग का ध्यान रखकर नीतियां बनाई। परिणाम सबके सामने है। साय सरकार के 14 महीने की अल्पावधि में ही चहुंओर सांय–सांय काम हो रहा है।

छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए। नतीजतन, हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। विधानसभा, लोकसभा के बाद अब नगरीय निकायों के चुनाव में भारी सफलता ने विष्णु देव के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। निश्चय ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से अब छत्तीसगढ़ में विकास की गति तेज होगी।

दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है। वैसे तो पंच से लेकर सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनने तक का उनका राजनीतिक सफर उपलब्धियों भरा है। लेकिन, बीते 14 महीने में मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा बनाई गई जनहितैषी नीतियों से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है।

विष्णुदेव साय किसान पुत्र हैं। वे किसानों के दुख-दर्द को भलीभांति जानते और समझते हैं। अन्नदाता किसानों की चिंता करते हुए विष्णु देव साय ने सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों का दो साल का बकाया बोनस दिया। 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी सुनिश्चित की। इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। किसान अब धान की



खेती से धनवान बनने की ओर अग्रसर हैं।

कोई भी नागरिक खुले आसमान के नीचे नहीं सोएगा, सबका खुद का आशियाना होगा, इसकी चिंता करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख से अधिक जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मुख्यमंत्री बनते ही दी। यह उनकी संवेदनशीलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी तरह माता-बहनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है। हर महीने करीब 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधा एक हजार रुपए जमा होने से उनके जीवन स्तर में बहुत कुछ बदलाव आया है। माताएं-बहनें आत्मनिर्भर हो रहीं हैं।

युवाओं का विश्वास सरकारी व्यवस्था पर से उठने लगा था। पूर्ववर्ती सरकार में पीएससी में हुए बड़े पैमाने पर घोटाले की वजह से युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। युवा, किसी भी देश-राज्य के भविष्य की रीढ़ हैं। पीएससी परीक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन और पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं आयोजित होने से युवाओं का भरोसा जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं।

छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति को लोकव्यापी और सुगम बनाकर इन्वेस्टर को आकर्षित करने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं। विकासशील छत्तीसगढ़ में उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में साय सरकार की नई औद्योगिक नीति निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगी।

धर्म-कर्म-अध्यात्म, सनातन की रीढ़ हैं। चाहे राजिम कुंभ कल्प को पुर्नप्रतिष्ठित करने की बात हो, या प्रयागराज महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन बनाकर श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराने की बात अथवा श्रीराम लला अयोध्या धाम दर्शन योजना से प्रदेश के 20 हजार से अधिक नागरिकों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने की बात हो, विष्णु देव ने देवतुल्य जनता का बखूबी ख्याल रखा है।

सुशासन से समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियां जन-जन के लिए कल्याणकारी और उपयोगी साबित हुई है। लोकतंत्र में जनता के मंशानुरूप और उनके भरोसे को कायम रखकर काम करना कुशल नेतृत्व का परिचायक है। एक के बाद एक लगातार लोकसभा और नगरीय निकाय में मिला बड़ा जनादेश विष्णु देव साय की कुशल रणनीति, साफ नीयत और पारदर्शी शासन व्यवस्था का ही परिणाम है। इन दिनों हर जुबां पर एक ही चर्चा है-सुशासन के दम पर बगिया के लाल विष्णु देव ने कर दिया कमाल।

-लेखक वरिष्ठ किसान नेता और भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# हड़बड़ी न करें, धैर्य का फल मीठा होता है



संकलित

## दर्शन

किसी गुरुकुल में गुरुदेव बालकों को बाण चलाना सिखा रहे थे। एक अतिउत्साही शिष्य ने धनुष को इतनी जोर से खींचा कि उसके दो टुकड़े हो गए। गुरुदेव ने शिष्य को ज्ञान दिया कि अधीरता से योग्यता अपव्यय हो जाती है। लक्ष्य को भेदने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता है उससे अधिक या कम ऊर्जा का प्रयोग करने पर लक्ष्य को साधना असंभव है। हमारा जीवन भी एक धनुष के समान है। यदि धैर्यपूर्वक ऊर्जा को धीरे-धीरे संचित करने के बाद नियंत्रण के साथ इसे व्यय करने की कला सीख ली जाए तो लक्ष्य कितनी ही दूरी पर क्यों न हो उसे प्राप्त करना असंभव नहीं है। धैर्य का अर्थ मूक रहकर मात्र प्रतीक्षा करना नहीं है। धैर्य का अर्थ है उत्तेजनारहित होकर अपने कार्य में निरंतर संलग्न रहना। किसी कार्य के प्रति अतिउत्साह अथवा असंयम उक्त कार्य के फल को परिपक्व नहीं होने देता। चाक पर चढ़े कच्चे घड़े को यदि आतुरता में समय से पहले उतार लिया जाए तो उसका आकार विकृत हो जाता है। हमें ऐसा भ्रम हो सकता है कि जीवन में प्रगति इतनी धीमी गति से हो रही है कि कोई परिवर्तन दिखाई नहीं देता। हम परिवर्तन की चाह में धैर्य खो बैठते हैं और शीघ्र सफलता की आकांक्षा में हड़बड़ी में ऐसे निर्णय ले बैठते हैं, जिनसे हमारा भविष्य बिगड़ सकता है। युवाओं में ऊर्जा का अधिक भंडार होता है। यह ऊर्जा उन्हें कार्य को जल्द से जल्द संपादित करके फल प्राप्ति के लिए लालायित करती है। उन्हें इस ऊर्जा का सदुपयोग करना नहीं आता।

# एकाग्रता के बिना मंत्र जप नहीं हो सकता



संकलित

## प्रेरणा

एक दिन सरयू नदी के किनारे पर गोस्वामी तुलसीदास प्रवचन दे रहे थे। वे अक्सर यहां प्रवचन देते थे। इस दौरान तुलसीदास जी लोगों की समस्याओं का समाधान भी करते थे। एक दिन तुलसीदास जी आंखें बंद करके जप कर रहे थे। एक व्यक्ति ने पूछा कि आप आंखें बंद कर किसे याद कर रहे हैं? तुलसीदास जी बोले कि मेरे राम को। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि तो क्या ये जरूरी है कि भगवान के नाम का जप किया जाए? तुलसीदास जी ने कहा कि हां, ये तो बहुत जरूरी है। नाम जप करने से मन काबू में रहता है। जिन लोगों का मन काबू रहता है, वे शांत रहते हैं। उस व्यक्ति ने फिर पूछा कि जब मैं नाम जप करने बैठता हूं तो मन नहीं लगता है, मुझे क्या करना चाहिए? तुलसीदास जी बोले कि कई लोगों की ये समस्या है, जप में मन नहीं लगता। इस कारण लोग भक्ति करना ही छोड़ देते हैं। एक बात हमेशा ध्यान रखें, मन लगे या न लगे, हमें जप करते रहना चाहिए। हमारा मन एक भूमि की तरह है। भूमि में बीज बोने पर उससे पौधा जरूर उगता है, बीज उल्टा गिरे या सीधा, पौधा तो उगता ही है। ठीक इसी तरह हमें भी मन में भक्ति का बीज बोते रहना चाहिए। जप के लिए सबसे जरूरी है एकाग्रता। सभी को एकाग्रता की जरूरत है। अशांत मन एकाग्र नहीं हो सकता है। जप करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा, एकाग्रता बनी रहेगी। जप करने से देर से ही सही, लेकिन इसका सकारात्मक फल जरूर मिलता है।

## महाकुंभ



*उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान गुरुवार को एक भक्त साधुओं से आशीर्वाद लेता हुआ।*

## आज की पाती

### कुंभ में लोगों की भयावह भीड़ क्यों?

इस मानुष जीवन में इतने अधिक और भयंकर पाप करते ही क्यों हो कि इन अत्यंत ही दूभर, दुष्कर, चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी पवित्र गंगा में स्नान करने के लिए तीर्थ श्री प्रयागराज को जाना पड़े! इस तथ्य से तुरंत परिचित हो जाइए कि इस बार कोई ऐसा बहुत बड़ा या श्रेष्ठ योग नहीं बना है कि अपने या दूसरों के जान-माल को भयंकर जोखिम में डालकर सिर्फ वहीं पर गंगा स्नान किया जाए। अब कई विद्वान लोगों ने भी स्पष्ट कर दिया है कि कुछ इसी तरह का संयोग मात्र ही 144 वर्ष पहले बना था। यह कोई महानतम, सर्वश्रेष्ठ, दुर्लभ योग नहीं है महाकुंभ में स्नान ही करने के लिए। मैं शत-प्रतिशत आस्तिक और आस्था वाला सनातन व्यक्ति हूं, लेकिन सामूहिक उन्माद का कड़ा विरोधी भी। सभी को भगवान के नाम पर शांति और संयम से सोचकर ही कार्य करना चाहिए।

*- मुमुक्षु के. ठाकुर, चंबा*

## ट्रेंड

### स्थापना दिवस पर बधाई



अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई। मुझे विश्वास है कि दोनों राज्यों के लोग अपनी असाधारण प्राकृतिक विरासत व सांस्कृतिक परंपराओं को संरक्षित रखेंगे। प्रगति और उत्कृष्टता के नए अध्याय लिखेंगे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### गरीबी रेखा से ऊपर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश के अंदर उठाए गए कदमों का परिणाम है कि प्रदेश में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हर कार्य में सहयोग करेंगे



दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने पर रेखा गुप्ता को बहुत-बहुत बधाई। मैं उम्मीद करता हूँ कि दिल्ली की जनता को किए गए सारे वादे वे पूरे करेंगी। जनता के विकास और भले के हर कार्य में हम उन्हें सहयोग करेंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### स्वयं के विरुद्ध विद्रोह



जैसे एक सांस दूसरी सांस के खिलाफ विद्रोह करती है.. प्रत्येक सांस लेने और छोड़ने के बीच.. वैसे ही ब्रह्मांड लगातार अपने खिलाफ विद्रोह करता रहता है। हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका स्वयं के विरुद्ध भी निरंतर विद्रोह में है और इसलिए ब्रह्मांड के साथ सद्भाव में मौजूद है।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

# सिंगापुर ने राष्ट्रीय भोजन कार्यक्रम किया निलंबित



सिंगापुर ने स्कूल ऑफ आर्ट्स (एसओटीए) में भोजन के कारण खाद्य विषाक्तता के मामले सामने के बाद बृहस्पतिवार को दो दिन पुरानी 'राष्ट्रीय तैयारी पहल' को अस्थायी रूप से रोक दिया जिसमें तैयार भोजन परोसना शामिल है। सिंगापुर फूड एजेंसी (एसएफए), शिक्षा मंत्रालय, एजेंसी फॉर इंटीग्रेटेड केयर और खाद्य आपूर्तिकर्ता एसएटीएस ने संयुक्त बयान में कहा जब तक स्कूल ऑफ द आर्ट्स में खाद्य विषाक्तता के मामलों की जांच पूरी नहीं हो जाती तब तक सिंगापुर फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम को एहतियातन निलंबित किया जा रहा है। चैनल न्यूज एशिया ने बुधवार को पहली बार खाद्य विषाक्तता मामले की रिपोर्ट दी थी।इस भोजन को खाने के बाद 20 छात्रों में डायरिया और उल्टी जैसे लक्षण सामने आए। ये तैयार भोजन इस साल के 'फूड रेजिलिएंस प्रिपेयर्डनेस प्रोग्राम' के तहत 90 से अधिक स्कूलों के 1 लाख से अधिक छात्रों और शिक्षकों को वितरित किया जाना था। एसओटीए के छात्रों को मंगलवार को एक्सरसाइज एसजी रेडी के तहत ये भोजन प्रदान किया गया था। यह अभ्यास टोटल डिफेंस पहल के तहत बिजली कटौती और खाद्य आपूर्ति में रुकावट जैसी आपातकालीन स्थितियों में तैयार रहने के लिए किया गया था।

## ऑफ बीट

# मोटापा लोगों को गहराई तक प्रभावित करता है



ज्यादा वजन वाले लोग एक ऐसे कलंक में जी रहे होते हैं, जो व्यापक है और इन लोगों को कहीं गहराई तक प्रभावित करता है। इसे भेदभाव के अंतिम स्वीकार्य रूपों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है। कुछ शोधकर्ता सोचते हैं कि 'मोटापा' शब्द ही समस्या का हिस्सा है, और कलंक को कम करने के लिए नाम बदलने की मांग कर रहे हैं। उनका सुझाव है कि इसका नाम 'वसा-आधारित पुरानी बीमारी' रख दिया जाए। बड़े शरीर में रहने वाले 42 प्रतिशत वयस्कों को अपने वजन को लेकर शर्मिंदगी का अनुभव होता है। ऐसा तब होता है जब दूसरों की उनके प्रति नकारात्मक मान्यताएं, दृष्टिकोण, धारणाएं और निर्णय होते हैं, उन्हें गलत तरीके से आलसी समझा जाता है और यह माना जाता है कि उनमें इच्छाशक्ति या आत्म-अनुशासन की कमी होती है। बड़े शरीर वाले लोग कार्यस्थल, अंतरंग और पारिवारिक संबंधों, शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और मीडिया सहित कई क्षेत्रों में भेदभाव का अनुभव करते हैं। वजन को लेकर शर्मिंदगी महसूस करना बढ़े हुए कोर्टिसोल स्तर (शरीर में मुख्य तनाव हार्मोन), शरीर की नकारात्मक छवि और खराब मानसिक स्वास्थ्य सहित कई नुकसान से जुड़ा हुआ है।

## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## महाकुंभ मेला खत्म होने में 6 दिन और बचे, अपील का भी असर नहीं दिख रहा

# चहुंओर जाम ही जाम...पर जोश हाई... संगम के रास्तों में 10 किमी तक भीड़, अब वीकेंड पर फिर से जनसैलाब उमड़ेगा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

महाकुंभ का गुरुवार को 39वां दिन था। मेला खत्म होने में 6 दिन और बचे हैं। दोपहर 2 बजे तक 85 लाख 73 हजार श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक 56.75 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। गुरुवार को भी महाकुंभ में भीड़ रही। संगम तट पर भीड़ न हो, इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान करके वहां से हटने की अपील कर रही है। सुबह से भी संगम आने वाले सभी रास्तों पर 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। शहर के बाहर की पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा से श्रद्धालु महाकुंभ पहुंच रहे हैं।

**शहर के बाहर पार्किंग भी भरे**

**56.75** करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु गुरुवार तक कर चुके स्नान



### स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन की

भीड़ के चलते प्रयागराज में स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन लगेंगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी किया। प्रयागराज आने-जाने वाली 8 ट्रेनें 28 फरवरी तक रद्द कर दी गई हैं। 4 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं। प्रशासन का अनुमान है कि शुक्रवार से महाकुंभ में भीड़ बढ़ेगी। क्योंकि, यह महाकुंभ का आखिरी वीकेंड है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ मेला खत्म हो जाएगा।

रेलवे का इमरजेंसी प्लान खत्म

### अब सभी रास्तों से मिलेगी एंट्री

प्रयागराज में महाकुंभ पर उमड़ रही भारी भीड़ को देखते हुए पिछले चार दिनों से रेलवे ने इमरजेंसी प्लान लागू कर दिया था, जिसके कारण शहर में कई प्रमुख मार्ग बंद कर दिए गए थे। अब रेलवे का इमरजेंसी प्लान खत्म कर दिया गया है, जिसके बाद पुलिस ने इन मार्गों को फिर से खोल दिया है। जानसेनगंज से लीडर रोड और जोगीवीर चौराहे से स्टेशन जाने वाले रास्ते पूरी तरह से अवरुद्ध थे। जिसके चलते रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पहले जानसेनगंज चौराहे से श्रद्धालुओं को लीडर रोड की तरफ जाने से रोका गया था।



### कई मार्गों पर किया था बदलाव

लीडर रोड और जंक्शन के पास रहने वाले लोग भी अपने घरों में कैद हो गए थे, दूसरी ओर से भी निकलने का रास्ता बंद कर दिया गया था। बुधवार सुबह शहर के कई इलाकों में ब्लॉक हटा दिया गया। रेलवे ने आपातकालीन प्लान को बंद कर खुसरोबाग की जगह सीधे स्टेशन परिसर में एंट्री देना शुरू कर दिया है। रेलवे के इमरजेंसी प्लान के तहत खुल्दाबाद, लूकरगंज, शाहगंज,स्टेशन रोड के अलावा शहर के कई रास्ते बंद कर दिए थे।

## खबर संक्षेप

### आंध्र प्रदेश में पूर्व सीएम रेड्डी सहित 8 पर केस दर्ज



**नई दिल्ली**। आंध्र प्रदेश के गुंटूर में नल्लापाडु पुलिस स्टेशन में पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और 8 अन्य सहित वाईएसआरसीपी नेताओं के खिलाफ एमएलसी चुनावों के दौरान मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। निष्पक्ष चुनाव के लिए कुछ नियम तय किए गए हैं।

### रोज झटके पर झटके... मैं झटका पुरुष हो गया हूं



**मुंबई**। महाराष्ट्र में 'ऑपरेशन टाइगर' की चर्चा खूब चल रही है। इस खास 'ऑपरेशन' पर कहा जा रहा है कि शिवसेना के कई नेता उपमुख्यमंत्री शिंदे से हाथ मिला सकते हैं। दोनों ही 'असली शिवसेना' कहते हैं। उद्धव ने 'झटका' लगने की बात पर कहा है कि रोज झटके पर झटके लग रहे हैं। अब मैं झटका पुरुष हो गया हूं।

### पत्नी की हत्याकर फिर रेत लिया अपना गला



**कोटद्वार**। कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत मोहल्ला रतनपुर-सुखरो में पति-पत्नी के मध्य आपसी विवाद के दौरान पति ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। पत्नी के हत्या के बाद पति ने खुद के हाथों व गले की नस को काट आत्महत्या का प्रयास किया। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### कोयला खदान से सभी 9 खनिकों के शव मिले



**दीमा हसाओ**। असम के दीमा हसाओ जिले में कोयला खदान में फंसे 3और खनिकों के क्षत-विक्षत शव बरामद किए गए हैं। सभी 9 खनिकों के शव खदान से बरामद कर लिए गए हैं। अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि खदान में लापता होने के 44 दिन बाद ये शव बरामद किए गए हैं। शव बुधवार देर शाम बरामद किए गए।

## दिल्ली कैबिनेट की पहली बैठक में फैसला

# यमुना को करेंगे पुनर्जीवित कैग रिपोर्ट पटल पर रखेंगे

यमुना तट पर की पहली मीटिंग, आयुष्मान को दी स्वीकृति



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला। इसके बाद पूरी कैबिनेट के साथ सचिवालय गईं। फिर शाम को यमुना आरती में शामिल हुईं। रात को अपनी कैबिनेट के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने पहला बयान जारी कर कहा कि विकसित दिल्ली का जो मिशन है उसे पूरा करने के लिए लगातार काम किया जाएगा। इसमें एक दिन भी व्यर्थ नहीं होगा। दिल्ली से किया गया एक-एक कमिटमेंट पूरा किया जाएगा। इसके अलावा महिला योजना पर भी चर्चा हुई है, किस कैटेगरी और कहां देंगे, इस पर चर्चा होगी तब तय करेंगे। भाजपा सरकार की पहली कैबिनेट में सीएजी की रिपोर्ट को पास किया गया। अब इसे सदन के पटल पर रखा जाएगा। आम आदमी पार्टी सरकार के दौरान सीएजी की रिपोर्ट को सदन में पेश नहीं किया गया था। इस पर पीएम मोदी ने कहा भी था कि भाजपा की सरकार बनते ही सदन में सबसे पहले सीएजी रिपोर्ट पेश की जाएगी।

### बैठक में ये दो प्रस्ताव किए पास

1 आयुष्मान योजना दिल्ली में लागू होगी, 5 लाख दिल्ली सरकार और 5 लाख केंद्र सरकार की राशि होगी।

2 सीएजी की 14 रिपोर्ट पेंडिंग हैं, जो पहले हाउस में रखी जाएगी।

### मां यमुना के संकल्प को दोहराया

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि गुरुवार को मां यमुना की आरती करते हुए हमने फिर से उस संकल्प को दोहराया जो हमारी प्राथमिकता रहेगी कि मां यमुना को फिर से उनके पुराने साकार रूप में लेके आना और साफ करना। दिल्ली को युमना मां का फिर से आर्शीवाद देना। यमुना की सफाई के लिए जो संसाधन लगाने होंगे उस पर पूरे लेआउट के साथ काम किया जाएगा। शपथ के बाद कार्यभार ग्रहण करने के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि हम विकसित दिल्ली के लिए काम करेंगे और पीएम नरेंद्र मोदी के विजन को आगे बढ़ाएंगे।

## मंत्रियों के संबंध में जानें

मुख्यमंत्री रेखा कैबिनेट में इकलौती महिला

# 248 करोड़ के मालिक सिरसा सबसे अमीर और कपिल मिश्रा सबसे युवा

दिल्ली में नई सरकार का गठन हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट ने गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ली। उप राज्यपाल विनय सक्सेना ने मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री समेत 7 सदस्यीय नई कैबिनेट में मुख्यमंत्री इकलौती महिला हैं।

### सिरसा 12वीं पास और बाकी स्नातक और परास्नातक



रेखा गुप्ता सरकार के दो मंत्री परास्नातक, दो स्नातक, दो पेशेवर स्नातक हैं। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा कैबिनेट में सबसे कम पढ़े-लिखे मंत्री हैं। सिरसा 12वीं पास हैं। दो स्नातक मंत्रियों में जनकपुरी से जीते आशीष सूद और बवाना से जीते रविंद्र इंद्रराज सिंह शामिल हैं। रविंद्र इंद्रराज सिंह ने बीए किया है, वहीं आशीष सूद के पास बीकॉम की डिग्री है। पेशेवर स्नातक मंत्रियों में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विकासपुरी से जीते पंकज कुमार सिंह शामिल हैं। पेशे से डेंटिस्ट पंकज के पास बीडीएस की डिग्री है। वहीं, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मेरठ की चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय से एलएलबी की है। नई दिल्ली सीट पर केजीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा और करावल नगर से जीते कपिल मिश्रा सबसे पढ़े लिखे मंत्री हैं।

### सीएम पेशे से वकील, पंकज डेंटिस्ट



दिल्ली कैबिनेट के मंत्रियों के पेशे की बात की जाए तो खुद मुख्यमंत्री पेशे से वकील हैं। रेखा गुप्ता के छह सहयोगियो में से पांच ने चुनावी हलफनामे में अपना पेशा व्यवसाय बताया है। इन मंत्रियों में प्रवेश वर्मा, मनजिंदर सिरसा, कपिल मिश्रा, आशीष और रविंद्र इंद्रराज सिंह शामिल हैं। पंकज सिंह पेशे से डेंटिस्ट हैं। मनजिंदर सिरसा ने व्यवसाय के साथ किसानी को भी अपना पेशा बताया है। वहीं, प्रवेश वर्मा और रविंद्र इंद्रराज सिंह ने व्यवसाय के साथ समाज सेवा को भी अपना पेशा बताया है। इसी तरह पंकज सिंह डेंटिस्ट होने के साथ ही समाज सेवी भी हैं।

### वर्मा भी करोड़पति

दिल्ली की नई सरकार के सभी मंत्री करोड़पति हैं। रेखा गुप्ता कैबिनेट की औसत संपत्ति 56.03 करोड़ रुपए है। छह में दो मंत्रियों की संपत्ति 100 करोड़ से भी ज्यादा है।



इनमें प्रवेश वर्मा और मनजिंदर सिंह सिरसा शामिल हैं। मनजिंदर सिंह सिरसा कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री हैं। उनके पास 248.85 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। वहीं, प्रवेश वर्मा के पास 115.63 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। कपिल मिश्रा इस कैबिनेट में सबसे कम संपत्ति वाले मंत्री हैं। चुनावी हलफनामे में उन्होंने अपने पास कुल 1.06 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई है।

### सीएम और इंद्रराज पर कोई मामला नहीं



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ऊपर कोई भी आपराधिक मामला नहीं चल रहा है। रेखा गुप्ता कैबिनेट की बात करें तो रेखा गुप्ता और एक अन्य मंत्री को छोड़कर अन्य सभी पर कम से कम एक मामला चल रहा है। रेखा गुप्ता के साथ ही रविंद्र इंद्रराज सिंह भी ऐसे मंत्री हैं जिन पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है। प्रवेश वर्मा, आशीष सूद और पंकज कुमार सिंह पर एक-एक मामले चल रहे हैं। कपिल मिश्रा के ऊपर तीन आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं, मनजिंदर सिंह सिरसा के ऊपर पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### नई कैबिनेट में कपिल सबसे युवा



दिल्ली सरकार की औसत उम्र 50 साल से कम है। नई कैबिनेट में 44 साल के कपिल मिश्रा सबसे युवा हैं। कपिल मिश्रा के साथ ही 47 के प्रवेश वर्मा और 48 के पंकज कुमार सिंह भी ऐसे मंत्री हैं जिनकी उम्र 50 साल से कम है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और रविंद्र इंद्रराज सिंह ने चुनावी हलफनामे में अपनी उम्र 50 साल बताई है। वहीं, कैबिनेट के सबसे अमीर मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा की उम्र 52 साल है। वहीं, जनकपुरी से जीते ।

सीएम के बयान से हलचल

### केजरीवाल को देना होगा एक-एक पैसे का हिसाब



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट ने गुरुवार को रामलीला मैदान में शपथ ली। उसके बाद पूरा कैबिनेट दिल्ली सचिवालय में अपने अपने पद संभालने के लिए पहुंचा। इस सबके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला। रेखा गुप्ता ने कहा कि अरविंद केजरीवाल को एक-एक पैसा का हिसाब देना होगा।

### 8 मार्च से 2500 रु. देंगे

भाजपा ने एक ये वादा किया था कि महिलाओं को 2500 की राशि हर महीने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की महिलाओं के बैंक खाते में 8 मार्च से 2500 की राशि आने लगेगी।

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुरू किया बड़ा अभियान

# बीपी, डायबिटीज और कैंसर का पता लगाने सभी बड़े वयस्कों की मुफ्त जांच की जा रही

### बढ़ती संक्रामक बीमारियों की रोकथाम का लक्ष्य

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कैंसर जैसी गंभीर गैर-संक्रामक बीमारियों के बढ़ते मामलों पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने 20 फरवरी से 31 मार्च तक एक विशेष जांच अभियान शुरू किया है। अभियान के तहत 30 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी वयस्कों की मुफ्त जांच की जाएगी ताकि बीमारियों का समय पर पता लग सके।

### स्वास्थ्यकर्मी गांवों-शहरों में घर-घर जाकर करेंगे जांच




इसका उद्देश्य डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और मुंह का कैंसर, स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की समय रहते पहचान करना है। आशा कार्यकर्ता, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मी गांवों और शहरों में घर-घर जाकर लोगों की जांच करेंगे।

**गैर संक्रामक बीमारियां भी एक अहम कारण:** आईसीएमआर की रिपोर्ट है कि देश में 66 फीसदी मौतें गैर-संक्रामक बीमारियों के कारण हो रही हैं। हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर और श्वसन रोग जैसी बीमारियां 30 साल से अधिक उम्र के लोगों में तेजी से बढ़ रही हैं जो एक बड़ी चुनौती बन चुकी है।

### लूटे हथियारों को तुरंत लौटाएं, नहीं तो होगी कार्रवाई



**इंफाल**। मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने हिंसाग्रस्त राज्य के लोगों से सात दिनों के भीतर लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को स्वेच्छा से सौंपने का आग्रह किया है। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि इस अवधि के दौरान हथियार छोड़ने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि अवधि समाप्त होने के बाद सख्त कार्रवाई होगी।

## हाईकोर्ट के मौजूदा जजों के खिलाफ शिकायतें

केंद्र को नोटिस दिया

# लोकपाल के आदेश पर लगाई रोक, शीर्ष कोर्ट ने इसे परेशान करने वाला बताया

### न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर चिंता जाहिर की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ दिए गए लोकपाल के आदेश पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने इस नाराजगी जाहिर करते कहा कि ये बहुत परेशान करने वाली बात है। कोर्ट ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर चिंता जाहिर की। केंद्र को नोटिस जारी किया है। लोकपाल रजिस्ट्रार और न्यायाधीश की शिकायत करने वाले को भी नोटिस जारी किया है।

### न्यायाधीश के नाम का खुलासा न किया जाए



जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय ओक की पीठ ने उन न्यायाधीश के नाम का खुलासा करने पर भी रोक लगा दी है, जिनके खिलाफ शिकायत है। केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश लोकपाल और लोकायुक्त कानून 2013 के अधिकार क्षेत्र में कभी नहीं आएंगे। मामले पर 18 मार्च को सुनवाई होगी।

**यह है मामला:** 27 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाले लोकपाल ने आदेश में कहा कि लोकपाल एक्ट के तहत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इसी मामले में आरोप लगाया गया था।

## कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र पर साधा निशाना

# खतरे में देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता, चीन बसा रहा 'सीमा' पर गांव

केंद्र सरकार पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन कर रही



**नई दिल्ली**। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को मोदी सरकार पर निशाना साधा। खरगे ने कहा कि चीन अरुणाचल प्रदेश की सीमा पर 90 नए गांव बसा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार देश की राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को खतरे में डाल रही है। एक्स पर पोस्ट में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की प्राथमिकता पीआर स्टंट और झूठे विज्ञापन है, राष्ट्रीय सुरक्षा नहीं।

### राहुल के बयान पर मायावती भड़कीं

#### अब तक गठबंधन में बसपा को लाभ नहीं मिला, वोट ट्रांसफर हो गए



**लखनऊ**। बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान पर गुरुवार को पलटवार किया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बयान में कहा था कि मायावती भाजपा की बी टीम की तरह काम कर रही हैं। राहुल के इस बयान पर मायावती ने भड़कते हुए कहा कि उनकी पार्टी ने जब भी कांग्रेस जैसी 'जातिवादी' पार्टियों के साथ गबंधन कर चुनाव लड़ा है तो बीएसपी को उनका वोट ट्रांसफर नहीं हुआ है, जबकि उनके वोट गठबंधन के साथी को मिल जाते हैं।

## एयरपोर्ट की तर्ज पर रेल यात्रियों को भी सुविधा देने का भरोसा

# जी का जंजाल न बन जाए रेलवे के लिए 'होल्डिंग एरिया'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

एयरपोर्ट की तर्ज रेल यात्रियों को भी रेलवे स्टेशनों पर सहूलियतें मुहैया कराए जाने का भरोसा रेल मंत्रालय लगातार देता रहा है। मगर, एयरपोर्टस पर भगदड़ मची और यात्रियों की मौत हो गई, ऐसा तो कभी नहीं सुना। फिर सहूलियतों के दावे के बीच यात्रियों के दबाव में रेलवे का इंतजाम धरा का धरा क्यों रह जाता है? इस सवाल के जवाब कुंभ के दौरान हुए रेलवे स्टेशनों पर हुए हादसों में मिले न मिले, विशेषज्ञों ने रेलवे के आला अधिकारियों को जवाबदार माना है।

रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने एयरपोर्ट की तर्ज पर देश के ऐसे पांच दर्जन स्टेशनों की पहचान कर 'होल्डिंग एरिया' बनाने का आदेश दिया है। एयरपोर्ट पर जैसे टर्मिनल पर तभी जा सकते हैं जब फ्लाइट की घोषणा हो जाए, ठीक उसी तर्ज पर ट्रेन के समय पर ही संबंधित रेल यात्रियों को स्टेशन पर जाने की अनुमति होगी। इससे रेलमंत्री का मानना है कि क्राउड मैनेजमेंट हो सकेगा। स्टेशनों को यात्रियों के भीड के दबाव से बचाया जा सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी विशेष अवसर पर ऐसी तात्कालिक व्यवस्था तो ठीक है जैसे महाकुंभ के अवसर पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ऐसा किया जाए इसमें कोई गलत नहीं, लेकिन इसको नियम बना दिया जाएगा तो ये फार्मूला रेलवे के लिए 'कोढ़ में खाज' जैसा हो जाएगा। डॉ. रमेश सिंह वाचुस्पते ने उदाहरण देकर इस योजना को 'फालतू' करार दे दिया। उन्होंने कहा, रेलवे के होल्डिंग एरिया ने बूढ़े बुजुर्गों के लिए बैठने की व्यवस्था है, न ही वॉशरूम की व्यवस्था है। स्टेशन के बाहर एक टेंट लगाकर उसे होल्डिंग एरिया बताना न केवल यात्रियों का अपमान है बल्कि अपरिपक्व निर्णय है। उन्होंने कहा, नई दिल्ली स्टेशन पर किसी यात्री की ट्रेन मान लेते हैं दो घंटे लेट है उसको बाहर टेंट में इंतजार करना है। उसके साथ बच्चे हैं सामान हैं। ट्रेन के समय उस यात्री को सामान चेक कराना होगा। उसके जगह कई यात्री होंगे। आपाधापी मचेगी। यात्रियों का अनियंत्रित दबाव बिना वजह बढ़ेगा। रेल मंत्रालय को देखना चाहिए कि कितने यात्री ट्रेन चलने से घंटों पहले आते हैं? जब आंकड़ा देखेंगे तो ऐसे यात्रियों की संख्या बहुत कम मिलेगी। कुछ यात्रियों के चक्कर में होल्डिंग एरिया के टेंट में यात्रियों को धकेल देना जहां कोई सुविधा नहीं, उचित फैसला नहीं माना जाएगा। मगर, ये बात भी सही है कि ऐसे होल्डिंग एरिया की वजह से महाकुंभ में यात्रियों की आवाजाही को बहुत हद तक नियंत्रित किया जा रहा है।



# एआई से बैंकिंग सेक्टर को खतरा, 30 से 40 प्रतिशत नौकरियां होंगी प्रभावित

**डॉयचे बैंक के प्रमुख अधिकारी ने बेंगलुरु के एक इवेंट में कहा**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई को लेकर पहले से ही एक धारणा चली आ रही है कि भविष्य में इसकी वजह से कई लोगों की नौकरियां जाने वाली हैं। नौकरियों के साथ-साथ ऑफिसों में मौजूद कुछ पद तो पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे।

- एआई और जेन एआई जैसी टेक्नोलॉजी बैंकिंग सेक्टर में बड़े बदलाव ला रही

अब इसी डर को और बल देने के लिए डॉयचे बैंक के चीफ टेक्नोलॉजी, डेटा और इनोवेशन ऑफिसर, बेरेंड ल्यूकर्ट का एक बयान सामने आया है। उन्होंने हाल ही में एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि एआई और जेनरेटिव एआई (जेन एआई) की वजह से बैंकिंग सेक्टर में 30 से 40 फीसदी नौकरियां बदल जाएंगी और कुछ तो पूरी तरह से खत्म हो जाएंगी। यह बयान उन्होंने बेंगलुरु में आयोजित 'बैंक ऑन टेक' इवेंट के दौरान दिया।

### बैंकिंग इंडस्ट्री के लिए एआई जरूरी

बेरेंड ल्यूकर्ट ने इस इवेंट में भारत के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि डॉयचे बैंक के टेक सप्लाई चेन में भारत एक अहम कड़ी है। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद हमने फैसला किया कि हम उन जगहों पर जाएंगे जहां टैलेंट है। भारत टैलेंट का एक बड़ा स्रोत है। यही वजह है कि पिछले एक दशक में हमने टेक में 8,500 लोगों को हायर किया है।



### एआई से किसे डरने की जरूरत

कई रिसर्च का हवाला देते हुए, इकोनॉमिक सर्वे 2023-24 में एआई के नौकरियों पर प्रभाव से जुड़ी कई बातें बताई गईं। विनिर्माण सेक्टर पर एआई का कम असर होने की उम्मीद है। इसकी वजह यह है कि इंडस्ट्रियल रोबोट्स इंसानी मजदूरी की तुलना में उतने फ्लेक्सिबल और कॉस्ट-इफेक्टिव नहीं हैं। यानी, फैक्ट्रियों में अभी भी इंसानी मजदूरों की जरूरत बनी रहेगी।

*बीपीओ सेक्टर को एआई से सबसे ज्यादा खतरा : बीपीओ (बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग) सेक्टर एआई की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। जेनरेटिव एआई टूल्स, जैसे कि चैटबॉट्स, रूटीन कॉग्निटिव टास्क्स को आसानी से हैंडल कर सकते हैं। इसकी वजह से अगले एक दशक में बीपीओ सेक्टर में नौकरियों में भारी गिरावट आ सकती है।*

### एआई को अपनाने में कई चुनौतियां

इसके अलावा उन्होंने कहा कि बैंकिंग एक हाईली रेगुलेटेड सेक्टर है और एआई को लेकर अभी भी कई बहसें चल रही हैं। ल्यूकर्ट ने माना कि एआई को अपनाने में कई चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा, एआई के रिजल्ट्स हमेशा पूर्वानुमानित नहीं होते। वहीं, रेगुलेटर्स एक रूल-बेस्ड सिस्टम चाहते हैं ताकि वे आसानी से ऑडिट और ओवरसीट कर सकें। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बैंकिंग इंडस्ट्री के लिए एआई को अपनाना जरूरी है।

## खबर संक्षेप

### टॉरेंट ग्रीन एनर्जी ने किया नई ऊर्जा इकाई का गठन

torrent POWER

**नई दिल्ली।** टॉरेंट पावर की इकाई टॉरेंट ग्रीन एनर्जी ने नवीकरणीय ऊर्जा कारोबार के जिए पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी टॉरेंट ऊर्जा 30 प्राइवेट लि. का गठन किया है। टॉरेंट पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि टॉरेंट ऊर्जा 30 को 12 फरवरी, 2025 को अहमदाबाद में पंजीकृत किया गया है।

### वारी एनर्जीज को सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का मिला ठेका




**नई दिल्ली।** वारी एनर्जीज ने इंजी इंडिया की अनुषंगी कंपनी खाबा रिन्यूएबल एनर्जी से 362.5 मेगावाट सौर मॉड्यूल की आपूर्ति का ठेका मिलने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इस ठेके में उन्नत 600डब्ल्यूपी एलीट बीआईएन-08 एन-टाइप टॉपकॉन सौर मॉड्यूल की आपूर्ति शामिल है, जिसे ऊर्जा दक्षता तथा स्थिरता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है।

### जर्मनी की कंपनी क्रोन्स कर्नाटक में करेगी निवेश




**कोलार (कर्नाटक)।** जर्मनी की पैकेजिंग व बॉटलिंग मशीन विनिर्माता कंपनी क्रोन्स ने कोलार जिले के वेमागल में 315 करोड़ रुपये की लागत से बॉटलिंग मशीन विनिर्माण संयंत्र की स्थापना शुरू कर दी है। यह परियोजना हाल ही में संपन्न वैश्विक निवेशक सम्मेलन -इन्वेस्ट कर्नाटक-2025 के दौरान हस्ताक्षरित 10.27 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों का हिस्सा है। बयान में कहा गया, पाटिल ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार का ध्यान निवेश परियोजनाओं को साकार करने पर है।

## उड़ान भवन में नायडू ने ईपीएल की शुरुआत की

# भारत को आने वाले वर्षों में होगी 20,000 पायलट की जरूरत : नागर विमानन मंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक बताते हुए कहा कि देश में बढ़ती हवाई यात्रा की मांग को पूरा करने के लिए आने वाले वर्षों में कम से कम 20,000 पायलटों की जरूरत होगी।

'उड़ान भवन' में पायलटों के लिए 'इलेक्ट्रॉनिक पर्सनेल लाइसेंस' (ईपीएल) की शुरुआत करने के बाद वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि विमानन क्षेत्र हमेशा से संपर्क, आर्थिक वृद्धि और प्रौद्योगिकी की रीढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष में देश में 50 और हवाई अड्डे होंगे। पिछले 10 साल में हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी होकर 157 हो गई है।

### भारतीय बेड़े में बढ़ेंगे विमान

नायडू ने कहा, '' हम एक बहुत महत्वाकांक्षी आंकड़े की ओर बढ़ रहे हैं... यदि आप विमानन क्षेत्र को देखें, तो हमारे पास 1,700 विमान के ऑर्डर हैं जो भारतीय बेड़े में आने वाले हैं। आने वाले दिनों में हम इतनी अधिक वृद्धि देखेंगे...निकट भविष्य में कम से कम 20,000 पायलट की आवश्यकता होगी।'



- भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते विमानन बाजारों में से एक
- अगले पांच वर्ष में देश में 50 और हवाई अड्डे होंगे
- हमारे पास 1,700 विमानों के ऑर्डर अभी लंबित बने हुए है

### भारत के विमानन क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन

नायडू ने लिखा, '' यह सुरक्षा, अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने और हमें वैश्विक सर्वोत्तम व्यवहार के साथ जोड़ भारतीय विमानन के लिए एक बड़ा परिवर्तन है। नागर विमानन सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और डीजीसीए के महानिदेशक (डीजी) फैज अहमद किदवई भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### ईपीएल लागू करने वाला भारत दुनिया का दूसरा देश

ईपीएल की शुरुआत के साथ ही भारत चालक दल के सदस्यों के लिए ईपीएल लागू करने वाला दुनिया का दूसरा देश बन गया है। चीन पहले ही ऐसी सुविधा लागू कर चुका है। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा इलेक्ट्रॉनिक पर्सनेल लाइसेंस (ईपीएल) का कार्यान्वयन सरकार की कारोबार सुगमता तथा डिजिटल इंडिया पहल के अनुरूप है।

### लाइसेंस अधिक आसानी से प्राप्त कर पाएंगे

मंत्री ने कहा कि उनका मंत्रालय बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी का उपयोग कर रहा है। नायडू ने कहा, ''ईपीएल की शुरुआत के साथ, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पायलट अब अपने लाइसेंस को अधिक आसानी और दक्षता के साथ प्राप्त कर सकें। यह पहल भारत सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन के अनुरूप है, जो नागरिकों और बड़े पैमाने पर उद्योग के मुनाफे के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दृढ़ करती है।''

### पायलट के लिए ईजीसीए ऐप बना सुरक्षित

ईपीएल को अपनाने से विमानन नवोन्मेषण में भारत की अग्रणी स्थिति और मजबूत हुई है। इससे भारत ने न केवल अपने विमानन क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा किया है, बल्कि अन्य देशों के लिए अनुकरणीय मिसाल भी पेश की है। इसके बाद, मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि पायलट अब ईजीसीए ऐप के जरिये किसी भी समय अपने लाइसेंस तक सुरक्षित पहुंच कायम कर सकते हैं।

# अब निवेशकों के डीमैट और ट्रेडिंग खाते होंगे पहले से अधिक सुरक्षित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोगों के डीमैट और ट्रेडिंग खातों को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए सेबी बड़ा बदलाव करने जा रहा है। अब यूपीआई की तर्ज पर ट्रेडिंग खाते को रजिस्टर्ड मोबाइल और सिम कार्ड से लिंक करना जरूरी होगा। यह सिस्टम यूपीआई की तरह सिम बाइंडिंग पर आधारित होगी, जहां निवेशक के विशेष क्लाइंट कोड, मोबाइल के आईएमईआई नंबर और सिम का वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके बाद ही निवेशक अपने डीमैट खाते में लॉग इन कर पाएंगे और ट्रेडिंग कर सकेंगे। इससे सिम के जरिए धोखाधड़ी और डीमैट खाते में सेंधमारी तथा अनधिकृत लेनदेन को रोकने में मदद मिलेगी।

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY AL1615CNG
REG. NO. UP13CT7387-YOM-2023
2) BHARATBENZ BB1617RGC
ENG. NO. HR38AC2861-YOM-2022
3) EICHR_VECV PRO_3019
REG. NO. NL01AG1821-YOM -2022
4) ASHOK_LEY ALEA1920
REG. NO. HR55AN6820-YOM-2022
5) TATA MOTORS TATA_INTRA
REG. NO. DL1LAL6107-YOM-2023
6) ASHOK_LEY AL3118CBBK
REG.NO. UP78FN 8098- YOM- 2019
7) EICHER VE3015_PRO
REG. NO. HR55AJ4381-YOM-2021
8) TATA MOTORS TATLPT1815
REG. NO. HR38AF1170-YOM-2023
9) TATA MOTORS T_LPT2518G
REG. NO. UP20AT0276-YOM-2015
10) EICHR_VECV ECHPRO2110
REG. NO. HR38AD1700-YOM -2022
11) ASHOK_LEY AL_1109G
REG. NO. DL1MA5413-YOM-2020

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : RAMAN AHUJA
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377988238
EMAIL–raman.ahuja@kotak.com

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है–

**ई–निविदा संख्या: NER-LJN-2025-08,** कार्य का नाम: पूउरे–लखनऊ मंडल:– लखनऊ मंडल के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत पीवे ट्रैक कार्यों हेतु वेल्डिंग पोर्शन की आपूर्ति। अनुमानित लागत(रू0): ₹ 3,68,30,499.84, अग्रिम धन(रू0): ₹ 3,34,200.00, समापन अवधि: 12 माह।

**ई–निविदा संख्या: NER-LJN-2025-09,** कार्य का नाम: लखनऊ मंडल:–(1) बुकिंग और पीआरएस कार्यालय में शौचालय का सुधार/निर्माण कार्य (20 स्टेशनों पर 20 नग)। (2) प्रतीक्षालय एवं विश्राम कक्ष का सुधार कार्य (07 स्टेशन) अनुमानित लागत(रू0): ₹ 58,91,668.55, अग्रिम धन(रू0): ₹ 1,17,800.00, समापन अवधि: 09 माह।

1.उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2025-08-09 के लिये ई–निविदा दिनांक 13.03.2025 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2.उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिष्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्लू–414 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 203 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** अमेरिका के शुल्क लगाने पर अनिश्चितता के बीच स्थानीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बृहस्पतिवार को भी गिरावट जारी रही। कमजोर एशियाई बाजारों और विदेशी कोषों की निकासी से भी निवेशकों की धारणा कमजोर हुई। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 203.22 अंक या 0.27 प्रतिशत गिरकर 75,735.96 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 476.17 अंक या 0.62 प्रतिशत गिरकर 75,463.01 अंक पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 19.75 अंक या 0.09 प्रतिशत गिरकर 22,913.15 अंक पर बंद हुआ। हालांकि, व्यापक बाजारों में तेजी रही और मिडकैप तथा स्मॉलकैप सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के शेयरों में एचडीएफसी बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस में उल्लेखनीय गिरावट हुई। एनटीपीसी, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और इंडसइंड बैंक के शेयर लाभ में रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 1,881.30 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# वेदांता विभाजन को शेयरधारक ऋणदाताओं की मिली मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता लिमिटेड के कंपनी को पांच स्वतंत्र व क्षेत्र-विशिष्ट कंपनियों में विभाजित करने के प्रस्ताव को शेयरधारकों और ऋणदाताओं की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, विभाजन योजना के पक्ष में मतदान करने वाले 99.99 प्रतिशत शेयरधारकों ने इस कदम का समर्थन किया। इसके अलावा वेदांता लिमिटेड के 99.59 प्रतिशत 'सिक्योरड' ऋणदाताओं और 99.95 प्रतिशत 'अनसिक्योरड' ऋणदाताओं ने विभाजन के पक्ष में मतदान किया। खनन क्षेत्र के दिग्गज अनिल अग्रवाल ने 2020 में वेदांता को निजी क्षेत्र में शामिल करने में विफल रहने के बाद 2023 में कारोबार में आमूलचूल परिवर्तन की योजना शुरू की थी। विभाजन से बनने वाली पांच इकाइयों में वेदांता लिमिटेड भी शामिल होगी, जो कंपनी की मूल धातुओं का भंडारण करेगी। वेदांता की विभाजन योजना के अनुसार, विभाजन प्रक्रिया पूरी होने पर प्रत्येक वेदांता शेयरधारक को चार नई विभाजित कंपनियों में से प्रत्येक में एक अतिरिक्त शेयर मिलेगा।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

उप. मु. सं. एवं दू. अभि. नि./सी.डब्लू., नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निर्धारित प्रपत्र पर सील्ड सिंगल पैकेट प्रणाली निविदा फार्म एस्टब्लिशड कॉन्ट्रैक्टर्स जिनके पास सीमिलर नेचर का कार्य का अनुभव है एवं जो संतोषजनक न्यूनतम एलिजिब्लिटी क्राईटेरिआ फुल फिल करते है, निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा अमंत्रित कर रहा है।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम एवं स्थान :** "एसएंडटी उत्तर रेलवे के मोरादाबाद मंडल के रोजा जंक्शन स्टेशन (एक केंद्र रिले रूम और 4 हट्स) पर स्वचालित अग्नि शमन प्रणाली के प्रावधान के लिए काम कर रहा है।" |
| 2 | **पूरा होने की अवधि :** 06 महीना (अनुबन्ध पत्र जारी होने की तिथि से) |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 54.72 लाख (अनुमानित) |
| 4 | **धरोहर राशि :** रु. 1,09,400/- (रूपए एक लाख नौ हज़ार चार सौ केवल) (केवल ऑनलाइन जमा किया जाना है) |
| 5 | **निविदा खुलने की तारीख एवं समय :** निविदाकर्ता केवल ई–निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक 24.03.2025 को 11.30 बजे तक IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड करे। निविदा दिनांक 24.03.2025 को 11.30 बजे के बाद खोल जाएगा |
| 6 | **स्थान जहाँ से निविदा फार्म खरीदा जा सकता है :** उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिनांक 22.02.2025 से 11.30 बजे दिनांक 24.03.2025 तक IREPS की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा, दिनांक 22.02.2025 से 24.03.2025 को 11.30 बजे तक निविदा में भाग लेने के लिये निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता जो उपरोक्त वेबसाइट पर निविदा में भाग लेने के लिए इच्छुक हैं रजिस्टर होने की सलाह दी जाती है। निविदाकर्ता को आई टी अधिनियम 2000 के तहत क्लास सी.सी.ए.III डिजिट्ल प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा (अगर पहले से नहीं लिया है) उपरोक्त ई–निविदा की सभी नियम एवं शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गई हैं। विस्तृत निविदा नोटिस का विवरण उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

सं.: 178-सिग/सी. डब्ल/32/111-Pt-III दिनांक: 20.02.2025 572/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** — भवन की साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय रहेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है।

**वृष** — आय के स्रोत बनेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र की स्थिति में सुधार होगा। दिनचर्या अव्यवस्थित रहेगी।

**मिथुन** — खर्च बढ़ेंगे। शैक्षिक कार्यों में व्यवस्तता बढ़ सकती है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। तनाव में कमी आएगी।

**कर्क** — कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** — नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। कारोबार के विस्तार में भाई–बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**कन्या** — बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का सानिध्य मिलेगा।

**तुला** — नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। सेहत का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** — पिता का सानिध्य मिलेगा। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार से आय में वृद्धि होगी। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के योग हैं।

**धनु** — शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**मकर** — मित्रों का सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। मानसिक तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। यात्रा पर भी जा सकते हैं। बौद्धिक कार्यों से धनार्जन के साधन बन सकते हैं। परिश्रम की आवश्यकता रहेगी।

**मीन** — सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा–क्षणे तुष्टा की स्थिति मन में रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। आय की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

# सोना 89,450 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- सोने में वैश्विक स्तर पर मजबूती का रुख
- चांदी में 700 रुपए की तेजी

वैश्विक स्तर पर मजबूती के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 50 रुपये बढ़कर 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''बृहस्पतिवार को सोना नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीति के बारे में खबरों के कारण सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में सोने का आकर्षण बढ़ा है।''

*चांदी एक लाख किलो के पार निकली : चांदी की कीमतें भी पिछले बंद भाव 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम से 700 रुपये बढ़कर 1,00,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष-शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, ''एमसीएक्स में बढ़त के साथ सोने का कारोबार सकारात्मक रहा।* कमजोर डॉलर इंडेक्स ने सोने की तेजी को और बढ़ावा दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह अगले महीने या उससे पहले टिंबर, वाहन, सेमीकंडक्टर और फार्मास्युटिकल्स पर शुल्क लगाएंगे। ट्रंप की नीति वैश्विक व्यापार युद्ध को बढ़ावा दे सकती है, जिससे सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की कीमतों में उछाल आएगा।''

# अदाणी समूह की दोहरे अंकों में वृद्धि बरकरार

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसके पास ऋण दायित्वों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नकदी है। साथ ही उसके कारोबार ने दिसंबर, 2024 को समाप्त 12 माह की अवधि में रिकॉर्ड कर-पूर्व मुनाफा हासिल किया है।सीमेंट तथा खनन क्षेत्र में कारोबार करने वाले देश के सबसे बड़े बुनियादी ढांचा समूह की ओर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों पर बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट में कहा, अगले 28 महीनों के लिए नकदी शेष लंबी अवधि के ऋण चुकौती से अधिक है जबकि खंड स्तर पर नकदी शेष 53,024 करोड़ रुपये है। इसमें कहा गया, '' इस खंड की कंपनियों में कम से कम अगले 12 महीनों के लिए ऋण के भुगतान की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नकदी बनाए रखी गई है। नकद शेष सकल ऋण का 20.5 प्रतिशत दर्शाता है। इसमें कहा गया, '' इन बढ़ते नकदी प्रवाह ने लगातार निवेश को सक्षम किया है.. 30 सितंबर, 2024 तक पिछले 12 महीनों के लिए एफएफओ या कर के बाद नकदी 58,908 करोड़ रुपये थी। इसमें कहा गया, कैलेंडर वर्ष 2024 में कर पूर्व आय 86,789 करोड़ रुपये रही जो सालाना आधार पर 10.1 प्रतिशत की वृद्धि है।

## शब्द पहेली - 5785



**बाएँ से दाए**


1. अनाथालय-5
4. जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर-4
7. कमरा, रूम-2
8. फिजूल-3
9. अंग्रेजी शराब-2
10. अनर्गल (अंग्रेजी-4)
11. लक्ष्मी, कमला-2
13. ध्वनिहीनता, शांति-4
14. देवता, देव-2
16. प्रणाम, नमस्कार-3
18. रुधिरहीन, कमजोर-3
19. प्रस्थान करना-3,2
21. पालने वाला, ईश्वर-5
24. प्रेम, चाहना-3
26. वन, अरण्य, जंगल-3
28. विदेशी मदिरा-2
29. छिड़कना-4
30. धूल, मिट्टी-2
32. अंगीकार करना-4
33. छापा, सतत वर्षा-2
35. विरुद्ध-3
36. सुबह, प्रातःकाल-2
37. जोकर, विदूषक-4
38. संन्यासी, साधु-3,2

**ऊपर से नीचे**

1. इसके सवाल युधिष्ठर ने हल किये थे -2
2. उदारता, बड़प्पन-4
3. पत्नी का नाना-2,3
4. दसवीं राशि -3
5. बहादुर, निडर-2
6. एक मुस्लिम महीना-4
7. कहानी लेखक-5
10. नाव चलाना-2,2
12. सम्मान-2
15. मारकाट, खून खराबा-4
17. पैगंबर, जीवन रक्षक-3
18. कुकर्म, दुष्कर्म-4
20. गाड़ी, यान-3
22. इंकार करना-4
23. रचना करनेवाला, रचयिता -5
25. जीवनसाथी-5
26. कारोबार, व्यवसाय-4
27. मादा का विलोम-2
29. निर्झरणशील-4
31. ढेर, काफी सारा (उर्दू-3)
34. मजा, आनंद-2
36. भोगने वाला, कामी-2

**शब्द पहेली - 5784 का हल**





## खबर संक्षेप



### आंद्रीवा से हारकर बाहर हुईं इगा स्वियातेक

**दुबई।** दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को पहली बार 18 साल से कम उम्र की खिलाड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जब वह बृहस्पतिवार को यहां माइरा आंद्रीवा के खिलाफ शिकस्त के साथ दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। सत्रह साल की आंद्रीवा ने स्वियातेक के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की और दुबई चैंपियनशिप के 24 साल के इतिहास में सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन गईं। आंद्रीवा इससे पहले पिछले साल सिनसिनाटी में स्वियातेक के खिलाफ अपने एकमात्र मुकाबले में हार गईं थी। रूस की आंद्रीवा अगले दौर में छठी वरीय एलेना रिबाकिना और सोफिया केनिन के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी।

### एफआईएच प्रो लीग में आज भारत का मुकाबला जर्मनी से

**भुवनेश्वर।** भारतीय महिला हॉकी टीम अब तक एफआईएच प्रो लीग के चार मैच में सिर्फ एक में जीत दर्ज कर पाई है जिससे शुक्रवार को जर्मनी के खिलाफ मैच में उसकी निगाहें उलटफेर कर अपनी किस्मत बदलने की होगी। चुनौतीपूर्ण शुरुआत के बाद भारतीय महिला टीम वापसी करने और तालिका में अपनी स्थिति सुधारने के लिए महत्वपूर्ण अंक जुटाने के लिए दृढ़ संकल्प है। सलिमा टेटे की अगुवाई वाली टीम चार मैच में चार अंक लेकर आठवें स्थान पर है।



### पाक को लगा झटका, फखर चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ कुछ भी अच्छा होते हुए नजर नहीं आ रहा है। टूर्नामेंट के पहले मैच में उसे न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 60 रनों से हार मिली। अब टीम के स्टार बल्लेबाज फखर जमान चोटिल होने के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कीवी टीम के खिलाफ वह नंबर-4 पर खेलने आए थे। मैच के पहले ओवर में ही फखर को फील्डिंग करने के दौरान चोट आई थी। पाकिस्तान अपना अगला मैच भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ दुबई में खेलेगी।



### माफ करो और आगे बढ़ो, हर चीज की चिंता नहीं कर सकते

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने तनाव मुक्त जीवन जीने के अपने रहस्यों को साझा करते हुए कहा कि भले ही ऐसा करना कठिन हो लेकिन माफ करके आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्होंने साथ ही खुद को एक लापरवाह व्यक्ति बताया जो अपनी रात की नींद इस बात पर ध्यान देकर खराब नहीं करता कि अन्य लोग उनके बारे में क्या सोच रहे हैं। अपने शानदार अंतरराष्ट्रीय करियर में भारत को दो विश्व कप खिताब दिलाने वाले 43 वर्षीय पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी को खेल के महानतम खिलाड़ियों में से एक माना जाता है।



### वीनस को इंडियन वेल्स में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला

**इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया)।** वीनस विलियम्स को अगले महीने इंडियन वेल्स में होने वाले बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया है जो इस 44 वर्षीय खिलाड़ी का पिछले एक साल में पहला टूर्नामेंट होगा। सात बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन वीनस ने 19 मार्च, 2024 को मियामी ओपन के पहले दौर में हार के बाद किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। पहली बार 1994 में लिया था भाग वीनस ने पहली बार 1994 में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में भाग लिया था।



# डब्ल्यूपीएल: मुंबई के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने आज उतरेगी आरसीबी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

लगातार दो मैच में जीत से उत्साहित रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आज शुक्रवार को यहां अपने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ विजय अभियान जारी रखकर महिला प्रीमियर लीग में जीत की हैट्रिक लगाना चाहेगी। आरसीबी ने टूर्नामेंट में अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है।

उसने पहले मैच में गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ 200 से अधिक रन का लक्ष्य हासिल किया था और इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को भी आसानी से हराया था। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली टीम के चार अंक हैं और वह अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज है। आरसीबी के अलावा टूर्नामेंट में किसी भी अन्य टीम ने अभी तक अपने सभी मैच नहीं जीते हैं। आरसीबी की टीम को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दर्शकों का अपार समर्थन मिलना तय है।

### इन खिलाड़ियों पर जमीं सबकी निगाहें




*इस मैच में सभी की निगाहें मंधाना पर टिकी रहेंगी जिन्होंने दिल्ली के खिलाफ पिछले मैच में 47 गेंद पर 81 रन की तूफानी पारी खेली थी। भारतीय टीम की उपकप्तान मंधाना इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही हैं और मुंबई के गेंदबाजों को उन पर अंकुश लगाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। मंधाना के अलावा एलिसे पेरी, राघवी बिष्ट, ऋचा घोष और युवा कनिका आहूजा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। आरसीबी हालांकि अपने गेंदबाजी विभाग को लेकर थोड़ा चिंतित होगा क्योंकि उसके गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।*

### मुंबई टीम भी है बेहद मजबूत

मुंबई की टीम बेहद मजबूत है और उसे हराना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नैट साइवर-ब्रंट की बेजोड़ बल्लेबाजी (59 गेंदों में 80 रन) और हरमनप्रीत के साथ उनकी 73 रन की साझेदारी के बावजूद टीम को हार का सामना करना पड़ा था और अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगी।

**टीमें इस प्रकार हैं**

**मुंबई इंडियंस:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), नादिन डी क्लार्क, संस्कृति गुप्ता, साइका इशाक, शबनीम इस्माइल, जिन्तिमनी कलिता, जी कमलिनी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, सत्यमूर्ति कीर्तन, अमेलिया केर, अक्षिता माहेश्वरी, हेले मैथ्यूज, सजीवन सजना, नट साइवर-ब्रंट, पारुनिका सिसौदिया, क्लो ट्राईटन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** स्मृति मंधाना (कप्तान), कनिका आहूजा, एकता बिष्ट, चार्ली डीन, किम गार्थ, ऋचा घोष, हीदर ग्राहम, वीजे जोशिता, सब्बिनेनी मेघना, नुजहत परवीन, जाग्रवी पवार, एलिसे पेरी, राघवी बिस्ट, स्नेह राणा, प्रेमा रावत, रेणुका सिंह, जॉर्जिया वेयरहम, डैनी व्याट-हॉज।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025: केएल राहुल ने नाबाद 41 रन की पारी खेली

# शमी के पांच विकेट, गिल का नाबाद शतक भारत ने बांग्लादेश को छह विकेट से हराया

भाषा ▶▶ दुबई

भारत ने मोहम्मद शमी (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (नाबाद 101 रन) की परिस्थितियों के अनुकूल खेली गई संयमित शतकीय पारी की मदद से बृहस्पतिवार को यहां आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले ग्रुप ए मैच में बांग्लादेश को 21 गेंद रहते छह विकेट से शिकस्त दी। गिल का यह आईसीसी टूर्नामेंट में पहला शतक है। उन्होंने अपने इस धीमे शतक के लिए 129 गेंद का सामना किया जिसमें नौ चौके और दो छक्के जड़े थे। उनके साथ केएल राहुल (नाबाद 41 रन, 47 गेंद, एक चौका, दो छक्के) ने 87 रन की अटूट साझेदारी निभाई और छक्का जड़कर जीत दिलाई। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश के लिए मांसपेशियों में खिंचाव से जूझ रहे तौहीद हृदय ने अपना पहला वनडे शतक जड़ा लेकिन शमी (53 रन देकर पांच विकेट) की गेंदबाजी के सामने टीम 49.4 ओवर में 228 रन पर ढेर हो गई। भारत ने रोहित शर्मा (41 रन) और गिल की तेज शुरूआत के बाद जल्दी जल्दी विकेट गंवा दिए। लेकिन फिर गिल और राहुल ने मिलकर 46.3 ओवर में चार विकेट पर 231 रन बनाकर टीम को जीत तक पहुंचाया। रोहित ने तेज शुरूआत की और जल्द ही वनडे में 11,000 रन पूरे किए। पर पावरप्ले के अंतिम ओवर में तास्किन अहमद की गेंद को हवा में उठाया और रिशाद हुसैन को आसान कैच दे बैठे जिससे उनकी 36 गेंद में सात चौके जड़ित पारी का अंत हुआ। गिल और विराट कोहली ने धीमी होती पिच पर संभलकर बल्लेबाजी की जिस पर स्पिनरों को काफी मदद मिल रही थी। कोहली अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन एक बार फिर लेग स्पिन का शिकार हो गए। उन्होंने रिशाद हुसैन की लेग ब्रेक गेंद पर बैकवर्ड प्वाइंट में कट करने का प्रयास किया जहां सौम्य सरकार ने आसान कैच लेकर 38 गेंद में 22 रन की पारी का अंत किया।




### रोहित शर्मा वनडे क्रिकेट में 11,000 रन बनाने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज



**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान वनडे में 11,000 रन पूरे करके हमवतन विराट कोहली के बाद दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। रोहित 50 ओवर के प्रारूप में यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे भारतीय और कुल 10वें बल्लेबाज हैं। भारतीय कप्तान ने ग्रुप ए के मैच में 229 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चौथे ओवर में मुस्तफिजुर रहमान की गेंद पर मिड-ऑन पर चौका लगाकर यह उपलब्धि हासिल की। अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने अपने 270वें मैच में यह मुकाम हासिल किया और पारी के लिहाज से वह कोहली के बाद 11,000 रन पार करने वाले दूसरे सबसे तेज बल्लेबाज हैं। कोहली ने 222 पारियों में 11,000 रन का आंकड़ा पार किया था जबकि रोहित ने 261 पारियों में इतने रन बनाए हैं। इस सूची में उनके बाद महान सचिन तेंदुलकर (276 पारी), रिकी पोंटिंग (286) और सौरव गांगुली (288) का नंबर आता है।

**मुकाबला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 2:30 बजे से**

# अफगानिस्तान और द.अफ्रीका के बीच मैच आज, देखने मिलेगी कड़ी टक्कर



एजेंसी ▶▶ दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का तीसरा मैच अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच आज 21 फरवरी शुक्रवार को खेला जाएगा। हाल के दिनों में अफगानिस्तान ने वनडे में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ऐसे में तेम्बा बावुमा की टीम उसे हल्के में नहीं लेना चाहेगी। पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ हुई त्रिकोणीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका कुछ खास नहीं कर पाई थी। ऐसे में वह सकारात्मक शुरुआत करना चाहेगी। अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच 21 फरवरी को नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

हर बार की तरह इस बार भी अफगानिस्तान की गेंदबाजी इस टूर्नामेंट में कमाल की है। टीम के पास राशिद खान, नूर अहमद और मोहम्मद नबी जैसे शानदार स्पिन गेंदबाज हैं। तेज गेंदबाजी में फजलहक फारूकी से काफी उम्मीदें होंगी।

### संभावित एकादश

**दक्षिण अफ्रीका:** टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरज़ी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

**अफगानिस्तान की संभावित प्लेइंग इलेवन**

अफगानिस्तान: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नायब, अजमतुल्ला उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खरोती, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

# कतर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने अल्काराज़ ने बहाया पसीना

एजेंसी ▶▶ दोहा

शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने लुका नारडी को तीन सेट तक चले कड़े मुकाबले में 6-1, 4-6, 6-3 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्पेन का यह 21 वर्षीय खिलाड़ी दूसरे सेट में एक समय 4–1 से आगे था लेकिन इटली के खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार वापसी करके मैच को तीसरे और निर्णायक सेट तक खींच दिया। अल्काराज का अगला मुकाबला जिरी लेहेका से होगा।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा रहा प्रदर्शन

इस बीच दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर ने बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प को 6-4, 6-4 से हराकर पांचवीं वरीयता प्राप्त एंड्री रुबलेव के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच तय किया। चौथी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने ज़िज़ौ बर्ग्स को 6-2, 6-1 से हराया। वह अंतिम आठ में फेलिक्स ऑगर अलियासिमे से भिड़ेंगे। जैक ड्रेपर ने क्रिस्टोफर ओ'कोनेल को 6-2, 6-1 से पराजित किया। उनका अगला मुकाबला माटेओ बेरेटिनी से होगा, जिन्होंने टालोन ग्रिक्सपुर को 7-6 (4), 6-7 (6), 6-4 से हराया। बेरेटिनी ने पिछले दौर में नोवाक जोकोविच को हराया था।

### स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में भारत का 49 सदस्यीय दल

**नई दिल्ली।** भारत का 49 सदस्यीय दल इटली के तूरिन में आठ से 15 मार्च तक होने वाले स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेल 2025 में हिस्सा लेगा। भारतीय दल में 30 खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ के 19 सदस्य शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ी छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉस कंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग, स्नोबोर्डिंग और स्नोशूइंग में हिस्सा लेंगे। स्पेशल ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के 12वें सत्र में आठ खेलों का आयोजन किया जाएगा और इसमें 102 देशों के 1500 से अधिक खिलाड़ियों और 621 कोच के हिस्सा लेने की उम्मीद है। खेलों के लिए एक लाख दर्शकों के पहुंचने की संभावना है। भारत ने इन खेलों में अब तक 167 पदक जीते हैं जिसमें 73 स्वर्ण, 49 रजत और 45 कांस्य पदक शामिल हैं।

# हरियाणा 106 पदक के साथ राष्ट्रीय पैरालंपिक में बना ओवरऑल चैंपियन

भाषा ▶▶ चेन्नई

हरियाणा ने बृहस्पतिवार को संपन्न 23वीं राष्ट्रीय पैरालंपिक एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 49 स्वर्ण सहित 106 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। हरियाणा ने 49 स्वर्ण के अलावा 32 रजत और 25 कांस्य पदक भी जीते तथा पदक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए ओवरऑल चैंपियन बना। मेजबान तमिलनाडु 17 स्वर्ण, 18 रजत और 12 कांस्य के साथ दूसरे स्थान पर रहा जबकि उत्तर प्रदेश ने 14 स्वर्ण, 17 रजत और 11 कांस्य के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान और महाराष्ट्र इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में शीर्ष पांच में रहे। प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन हरियाणा ने पुरुषों की चक्का फेंक एफ 37 स्पर्धा में क्लीन स्वीप किया। भविष्य ने 44.27 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि उनके राज्य के साथी हनी 44.13 मीटर के प्रयास से दूसरे स्थान पर रहे। हरियाणा के ही अंकित ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुषों की चक्का फेंक एफ 51 स्पर्धा में हरियाणा के धरमबीर ने 10.91 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि एफ62/एफ64 स्पर्धा में सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) के प्रदीप कुमार 44.00 मीटर के थ्रो के साथ शीर्ष पर रहे। एसएससीबी के राकेश ने 49.52 मीटर के प्रयास के साथ पुरुषों की चक्का फेंक एफ42/एफ43/एफ44 स्पर्धा जीती। हरियाणा की एकता भयान ने क्लब थ्रो एफ32/एफ51 स्पर्धा में अपना दबदबा बनाए रखा और 20.14 मीटर के प्रयास से स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 200 मीटर टी35/टी36/टी37 स्पर्धा के फाइनल में दिल्ली की प्रियंका शर्मा ने 38.11 सेकेंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में 30 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 1,476 पैरा खिलाड़ियों ने 155 स्पर्धाओं में भाग लिया।



### राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद जीता खिताब

# आडवाणी ने जीता 14वां एशियाई चैम्पियनशिप खिताब

एजेंसी ▶▶ दोहा

भारतीय क्यू स्पोर्ट्स के स्टार पंकज आडवाणी ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए यहां एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप में अभूतपूर्व 14वां स्वर्ण पदक जीत लिया। आडवाणी ने इंदौर में राष्ट्रीय स्नूकर चैम्पियनशिप जीतने के कुछ ही दिन बाद यह खिताब हासिल किया जिससे एक बार फिर साबित हो गया कि वह देश के सबसे प्रतिष्ठित क्यू खिलाड़ी हैं।

इस जीत ने क्यू स्पोर्ट्स के इतिहास में उनकी जगह को और भी मजबूत कर दिया है। चूंकि वह इस साल के अंत में होने वाली विश्व स्नूकर चैंपियनशिप पर अपनी नजरें लगाए हुए हैं। हर कोई यह देखने के लिए बेताब है कि क्या वह अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल कर सकते हैं।



### पुरस्कारों की सूची में एक और हुआ इजाफा

आडवाणी की जीत से उनके पुरस्कारों की सूची में एक और इजाफा हुआ। अब उनके नाम पांच एशियाई स्नूकर खिताब (15-रेड, 6-रेड और टीम प्रारूप में) के साथ नौ एशियाई बिलियर्ड्स खिताब हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक (2006, 2010) भी जीते हैं। इस जीत से वह एक अभूतपूर्व उपलब्धि के और करीब पहुंच गए हैं जिसमें एक ही कैलेंडर वर्ष में राष्ट्रीय, एशियाई और विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप खिताब जीतना शामिल है।

### स्नूकर में भी जीते तो रच देंगे इतिहास

बिलियर्ड्स में यह उपलब्धि हासिल करने के बाद अब अगर वह स्नूकर में ऐसा कर लेंगे तो वह दोनों स्पर्धाओं में ऐसा करने वाले इतिहास के एकमात्र खिलाड़ी बन जाएंगे। ईरान के अमीर सरखोश के खिलाफ फाइनल चैम्पियन के बीच मुकाबला था। पूर्व एशियाई और विश्व आईबीएसएफ 6-रेड स्नूकर चैंपियन सरखोश ने शुरुआती बढ़त हासिल की। लेकिन दबाव में अपने संयम के लिए मशहूर आडवाणी ने शानदार तरीके से जवाब दिया। आडवाणी ने 93 और 66 के ब्रेक से मैच पर नियंत्रण कर लिया और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।

# धामने, रामकुमार, प्रज्वल को बेंगलुरु ओपन में वाइल्ड कार्ड



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारत के 17 साल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी मानस धामने, अनुभवी खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन और एसडी प्रज्वल देव को 24 फरवरी से यहां शुरू हो रहे बेंगलुरु ओपन एटीपी चैलेंजर 125 टेनिस टूर्नामेंट के एकल वर्ग के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। कृष त्यागी और निकी कलियंडा पूनाचा मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने के लिए क्वालीफाइंग दौर में वाइल्ड कार्ड के तौर पर प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### युवा प्रतिभाओं में से एक धामने

भारत की युवा प्रतिभाओं में से एक मानस धामने पिछले दो वर्षों से सर्किट पर सक्रिय हैं और हाल में उन्होंने ट्यूनीशिया के एम 15 मोनास्टिर में अपना पहला खिताब जीता है। जूनियर ऑस्ट्रेलियन ओपन में पहले दौर का मैच जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनकर उन्होंने अपना नाम इतिहास में दर्ज कराया। वह 2023 में एटीपी टूर का मुख्य ड्रॉ मैच खेलने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं।वहीं प्रज्वल देव और रामनाथन काफी अनुभवी हैं।

### रामकुमार व प्रज्वल देव काफी अनुभवी

इस टूर्नामेंट के निदेशक सुनील यजमान ने कहा मानस धामने की प्रगति भारतीय टेनिस के लिए रोमांचकारी चीज है जबकि रामकुमार और प्रज्वल देव काफी अनुभवी हैं। हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि वाइल्ड कार्ड से प्रवेश करने वाले हमारे सभी खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में कैसा प्रदर्शन करते हैं।

## खबर संक्षेप

### 6 साल से वेतन नहीं टीचर ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** केरल में एक कैथोलिक स्कूल की युवा टीचर ने कथित तौर पर पिछले छह सालों से वेतन ना मिलने की वजह से



सुसाइड कर लिया। पीड़िता की पहचान अलीना बेनी के तौर पर हुई है। वह कोझिकोड जिले के कोडेनचेरी में सेंट जोसेफ लोअर प्राइमरी स्कूल की टीचर थी। बुधवार की दोपहर वह अपने घर पर मृत पाई गईं। थामारसेरी का कैथोलिक सूबा सरकारी मदद से स्कूल चलाता है। केरल के एजुकेशन मिनिस्टर वी शिवनकुट्टी ने जांच करने को कहा है।

### माल्या की याचिका लंदन उच्च न्यायालय लौटी

**लंदन।** कारोबारी विजय माल्या पर तीन साल पहले इंग्लैंड के उच्च न्यायालय द्वारा लगाए गए दिवालियापन संबंधी आदेश को



पलटने के प्रयास के तहत दायर याचिका इस सप्ताह लंदन में अपीलीय अदालत में सुनवाई के लिए वापस आई। लंदन के 'चांसरी डिवीजन' में बुधवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एंथनी मान ने माल्या की स्थगन याचिका के खिलाफ फैसला सुनाया। माल्या अदालत में उपस्थित नहीं हुए और उनका प्रतिनिधित्व 'जैवाला एंड कंपनी' के वकीलों कार्तिक मित्तल और मार्क वाटसन-गैंडी ने किया।

### शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला, दो की मौत


**प्राग।** चेक गणराज्य के एक शॉपिंग सेंटर में चाकू से किए गए हमले में दो महिलाओं की मौत हो



गई। पुलिस ने बताया कि प्राग के पूरब में करीब 100 किलोमीटर दूर ह्राडेक क्रालोव शहर के एक स्टोर में चाकू से किए गए हमले के सिलसिले में उसने एक किशोर संदिग्ध को हिरासत में लिया है। समीप ही एक चाकू मिला। मृतक महिलाओं उनकी पहचान नहीं हो पाई है। पीएम पेट्र फियाला ने इस हमले में जान गंवाने वाली महिलाओं के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### वैष्णोदेवी में हेलीकॉप्टर एवं 'रोपवे' सेवा बंद

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमपात होने तथा जम्मू समेत मैदानी भागों में वर्षा



होने पर गुरुवार को वैष्णोदेवी धर्मस्थल पर हेलीकॉप्टर एवं 'रोपवे' सेवा अस्थायी रूप से बंद कर दी गयी। अधिकारियों ने बताया कि रियासी जिले में कटड़ा से त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर तक हेलीकॉप्टर सेवा सुबह 'खराब मौसम' के कारण निलंबित कर दी गई। लगातार बारिश के कारण एहतियात के तौर पर भवन से भैरों मंदिर तक रोपवे का संचालन भी नहीं किया गया। हालांकि तीर्थयात्रा बिना किसी व्यवधान के जारी रही।

# चंद्रमा पर उतरने के बाद 'विक्रम' ने लगाई थी 'कूद'

## चंद्रयान-3 मिशन पर अब जाकर इसरो ने किया बड़ा खुलासा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अगस्त 2023 में, चंद्रयान-3 के 'विक्रम' लैंडर ने चंद्रमा की सतह पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए यह ऐतिहासिक उपलब्धि थी। हालांकि, लैंडिंग के बाद वैज्ञानिकों ने पाया कि विक्रम में अभी भी कुछ प्रोपेलेंट बच गया था। बचे हुए प्रोपेलेंट का यूज करने या न करने पर वैज्ञानिकों के बीच मतभेद थे। कुछ वैज्ञानिकों का मानना था कि इसे यूज करना चाहिए। जबकि अन्य का सुझाव था कि मिशन पहले ही सफल हो चुका है और अतिरिक्त परीक्षण की जरूरत नहीं है। आखिरकार इसरो ने एक अप्रत्याशित फैसला किया। उन्होंने विक्रम लैंडर को 'हॉप' टेस्ट करने का निर्देश दिया। यानी 'विक्रम' ने चंद्रमा की सतह पर कूदकर दिखाया।

चंद्रयान-3 ने 2023 में चंद्रमा पर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की

विक्रम लैंडर ने चंद्रमा पर 'हॉप' टेस्ट किया, 40 सेमी. ऊपर उठा

### चंद्रमा से नमूने जुटाने में काम देगी 'हॉप' तकनीक



इसरो चीफ वी. नारायणन ने कहा कि लैंडिंग के दिन काफी तनाव था, लेकिन प्रोपेलेंट सिस्टम ने पूरी तरह से काम किया और चंद्रयान-3 सफलतापूर्वक चांद पर उतरा। यह मिशन एक बड़ी सफलता थी। बचे प्रोपेलेंट का इस्तेमाल करने को लेकर पूर्व इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ के साथ उनकी चर्चा हुई थी। उसके बाद विक्रम लैंडर को 'हॉप' टेस्ट करने का निर्देश दिया। 'हॉप' टेस्ट के जरिए इसरो ने यह साबित किया कि विक्रम लैंडर अपने इंजनों को दोबारा प्रज्वलित कर सकता है। यह क्षमता भविष्य के उन मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है, जहां चंद्रमा से नमूने जुटा कर उन्हें पृथ्वी पर लाना है। इस अप्रत्याशित 'हॉप' टेस्ट ने सभी को चौंका दिया, क्योंकि यह मूल मिशन का हिस्सा नहीं था।

### लैंडर ने इंजनों को री-इग्नाइट किया

इसरो के मुताबिक, सितंबर 2023 में, विक्रम के इंजनों को फिर से सक्रिय किया गया। फिर वह चंद्रमा की सतह से लगभग 40 सेंटीमीटर ऊपर उठा और अपने मूल लैंडिंग प्वाइंट से 30-40 सेंटीमीटर दूर फिर से लैंड किया। इस टेस्ट ने इसरो की उस क्षमता का प्रदर्शन किया कि लैंडर अपने इंजनों को री-इग्नाइट कर सकता है। यह तकनीक भविष्य में चंद्रमा से पृथ्वी पर वापसी जैसे मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है।

### हमास ने 4 इजराइली बंधकों के शव सौंपे

# इसमें 9 माह के बच्चे की भी बॉडी शनिवार को 6 बंधक रिहा करेगा

एजेंसी ▶▶ गाजा



फिलिस्तीन के उग्रवादी संगठन हमास ने गुरुवार को 4 इजराइली बंधकों के शव रेड क्रॉस एजेंसी को सौंप दिए हैं। इनमें शिरी बिबास और उनके 2 बच्चे एरियल बिबास और केफिर बिबास शामिल हैं। हमास ने बंधकों के शवों को काले ताबूत में रखकर रेड क्रॉस को सौंपा। 7 अक्टूबर 2023 को जब हमास ने इन्हें बंधक बनाया था, तब एरियल की उम्र 4 साल और केफिर की उम्र 9 महीने थे। इन बच्चों के पिता यार्डेन बिबास को इस महीने की शुरुआत में रिहा किया गया था। चौथा शव 83 साल के ओडेड लिफिशट्ज का है। उन्हें उनकी पत्नी योचेवेड के साथ किबुत्ज नीर ओज से अगवा कर लिया गया था। योचेवेड को हमान ने 24 अक्टूबर 2023 को रिहा कर दिया था।

इजराइली अधिकारी ने बताया कि मृतक बंधकों का नाम घोषित करने से पहले इजराइल में उनकी पहचान की जाएगी। इन शवों की फोरेंसिक जांच के लिए तेल अवीव के अबू कबीर इंस्टीट्यूट ऑफ फोरेंसिक मेडिसिन ले जाया जाएगा। हमास शनिवार को 6 बंधकों को रिहा करेगा। यह पहले से तय संख्या से दोगुनी है।

### केंद्रीय अंतरिक्ष मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह बोले भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ

# देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया, एक दशक में ही 396 भेजे गए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अंतरिक्ष मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत अब केवल एक अनुयायी नहीं रह गया है, बल्कि वो वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है, विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व प्रदान कर रहा है तथा नवाचारों में पहल कर रहा है।

उन्होंने हाल के वर्षों में अंतरिक्ष, जैव प्रौद्योगिकी तथा परमाणु ऊर्जा आदि के क्षेत्रों में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर रोशनी डालते हुए कहा कि देश ने खुद को विश्व मंच पर एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है। देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है, जिनमें से 396 को पिछले दशक में ही प्रक्षेपित किया गया था, जिससे 2014-2023 तक 157 मिलियन डॉलर और 260 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है, जिसमें महत्वाकांक्षी मिशनों और अंतर्राष्ट्रीय सहयोगों में वृद्धि हुई है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) भारत की प्रौद्योगिकी संबंधी प्रगति का सबूत है, जो गगनयान, चंद्रयान-4 और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, भारत के आगामी अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन सहित भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा।



### भारत उपग्रह प्रक्षेपक्ष के लिए पसंदीदा देश

*केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत उपग्रह प्रक्षेपण के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में भी उभरा है, जिसने देश को वैश्विक विश्वसनीयता अर्जित करवाई है। देश ने 433 विदेशी उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है, जिनमें से 396 को पिछले दशक में ही प्रक्षेपित किया गया था, जिससे 2014-2023 तक 157 मिलियन डॉलर और 260 मिलियन यूरो का राजस्व प्राप्त हुआ। चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता, जिसने भारत को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बना दिया, ने इसरो को चंद्र अन्वेषण में सबसे आगे खड़ा कर दिया है। नासा सहित दुनिया की प्रमुख अंतरिक्ष एजेंसियां अब चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव से भारत के निष्कर्षों की प्रतीक्षा कर रही हैं, जो एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है और ये अंतरिक्ष अनुसंधान में देश के बढ़ते प्रभुत्व को रेखांकित करता है।*

### भारतीय उपलब्धियों को वैश्विक मान्यता मिल रही

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों को वैश्विक मान्यता मिल रही है और अब हमारा देश वैज्ञानिक प्रकाशनों के मामले में विश्व में चौथे स्थान पर है। अनुमान है कि 2030 तक भारत संयुक्त राज्य अमेरिका को पीछे छोड़कर वैज्ञानिक अनुसंधान में दुनिया का शीर्ष स्थान प्राप्त कर सकता है। भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था अगले दशक में 5 से 10 गुना बढ़ने वाली है, जिससे इसका नेतृत्व और मजबूत होगा। देश की तीव्र आर्थिक उन्नति इसकी वैश्विक रैंकिंग में स्पष्ट है, जिसमें जैव-विनिर्माण में इसका 12वां स्थान और वैज्ञानिक अनुसंधान प्रकाशनों में चौथा स्थान शामिल है।

### 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य

*डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत का परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम, जिसे कभी संदेह की दृष्टि से देखा जाता था, अब अपने शांतिपूर्ण और संधारणीय महत्वाकांक्षाओं के लिए पहचाना जाता है। देश ने 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु ऊर्जा का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, जिसका उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को 50 प्रतिशत तक कम करना है, यह एक ऐसी प्रतिबद्धता है जो वैश्विक जलवायु रणनीतियों को प्रभावित कर रही है। विश्व ने अब भारत की परमाणु नीति को स्वीकार कर लिया है।*

### एअर इंडिया-लुफ्थांसा आए साथ

# कोडशेयर साझेदारी से यूरोप के शहरों में सेवा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निजी विमानन कंपनी एअर इंडिया ने गुरुवार को लुफ्थांसा समूह के साथ अपनी कोडशेयर साझेदारी के विस्तार की घोषणा की, जिसके तहत भारत के 12 शहरों और यूरोप के 26 शहरों में 60 अतिरिक्त मार्गों पर सेवाएं दी जाएंगी। एअर इंडिया ने एक बयान में कहा कि इस विस्तार के हिस्से के रूप में, उसने ऑस्ट्रियन एयरलाइंस के साथ



एक नया कोडशेयर समझौता किया है और लुफ्थांसा और स्विस इंटरनेशनल एयरलाइन्स के साथ अपने मौजूदा कोडशेयर समझौतों का विस्तार किया है।

टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी निपुण अग्रवाल ने कहा कि कंपनी अब अपने ग्राहकों को यूरोप में कुल 26 गंतव्यों और यूरोप में अपने गेटवे (फ्रैंकफर्ट, वियना और ज्यूरिख) से अलग अमेरिका में तीन गंतव्यों तक सेवाओं की पेशकश करेगी। विस्तारित समझौतों से एअर इंडिया, लुफ्थांसा और स्विस के बीच कोडशेयर मार्गों की कुल संख्या 55 से बढ़कर लगभग 100 हो जाएगी। इसके अतिरिक्त, एअर इंडिया और ऑस्ट्रियन एयरलाइंस के बीच एक नए समझौते से 26 और कोडशेयर मार्ग जुड़ गए हैं। भारत और जर्मनी या स्विट्जरलैंड के बीच उड़ानें कवर की जाएंगी।

अब पल्ला झाड़ रहा बांग्लादेश

# हिंदुओं पर हमलों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया, हमने तो मदद की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश ने हिंदुओं पर हमलों की खबरों से पल्ला झाड़ा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के ऊपर हमले होने के बारे में बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के डीजी मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की खबरों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया। उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले हमें अल्पसंख्यकों से सुरक्षा को लेकर कई कॉल्स मिलीं, वह डरे हुए थे। हमने उन्हें आश्वस्त किया कि उनके अधिकार क्षेत्र में उनसे जो भी अधिकतम मदद दी जा सकेगी, वह देंगे। बीजीबी चीफ सिद्दीकी ने यह बात नई दिल्ली में 17 से 20 फरवरी तक आयोजित की गई दोनों देशों के बॉर्डर की फोर्स के चीफ की 55वीं मीटिंग के संपन्न होने के बाद कही। इसमें बीएसएफ की तरफ से डीजी दलजीत सिंह चौधरी अपनी टीम के साथ और बांग्लादेश की तरफ से बीजीबी चीफ मेजर जनरल मोहम्मद सिद्दीकी अपनी 12 अधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ दिल्ली आए थे। साल में दो बार होने वाली यह मीटिंग अब जुलाई 2025 में ढाका में होगी।

### बीजीबी चीफ सिद्दीकी बोले

## हसीना सरकार के पतन के बाद 'घुसपैठ' में कमी आई

*बीजीबी चीफ ने कहा कि पिछले साल पांच अगस्त 2024 को बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का पतन होने के*



*बाद इंटरनेशनल बॉर्डर पर घुसपैठ में कमी आई है। मीटिंग में दोनों देशों के बीच फेंसिंग लगाए जाने से संबंधित तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। क्योंकि, बीएसएफ की तरफ से भी यह बातचीत का एक मुख्य एजेंडा था। जिसमें बीएसएफ ने अपनी तरफ से बांग्लादेश बॉर्डर पर 150 गज के दायरे में फेंसिंग लगाए जाने के मामले को समझौते के तहत उचित ठहराया। वहीं, बीजीबी चीफ ने कहा कि आने वाले समय में बॉर्डर पर फेंसिंग लगाए जाने के विवादित पाइंटस पर दोनों देशों की बॉर्डर फोर्सेज का संयुक्त सर्वे किया जाएगा।*

## चीनी सेना ने परमाणु, जैविक, रासायनिक सैन्य अभ्यास किया

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन की सेना ने यूएवी, रोबोट कुत्तों और विस्फोटक आयुध निपटान रोबोट का उपयोग करके परमाणु, जैविक और रसायनिक (एनबीसी) अभ्यास किया है। सरकार के स्वामित्व वाले सीसीटीवी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पीपुल्स




लिबरेशन आर्मी की 73वीं ग्रुप आर्मी से जुड़ी एक ब्रिगेड ने हाल में अपने व्यापक प्रशिक्षण मैदान में एनबीसी रक्षा और आपातकालीन बचाव अभ्यास किया था। ब्रिगेड के सदस्य क्वी हुआली ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अभ्यास में मानव रहित हवाई यान (यूएवी), रोबोट कुत्तों और विस्फोटक आयुध निपटान रोबोट की तैनाती की गई थी। ब्रिगेड ने प्रौद्योगिकी और नेटवर्क प्रणालियों को एकीकृत करने वाली प्रशिक्षण विधियों को अंजाम दिया।

भारतीय चुनाव में फंडिंग का मामला

# ट्रंप ने कहा- शायद बाइडेन किसी और की सरकार बनाना चाहते थे

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय चुनाव में अमेरिकी फंडिंग को लेकर पूर्व की जो बाइडेन सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ट्रंप ने एक चौंकाने वाले बयान में कहा है कि शायद वे (पूर्ववर्ती बाइडेन सरकार) भारत में किसी और की सरकार बनवाना चाहते थे। ट्रंप ने गुरुवार को मियामी में एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। बुधवार को भी ट्रंप ने भारत को फंडिंग देने के पूर्व की सरकार के फैसले पर सवाल उठाए थे। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर की फंडिंग पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 'हमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 2.1 करोड़ डॉलर देने की क्या जरूरत है?



### चुनावी प्रक्रिया में विदेशी हस्तक्षेपः भाजपा

भाजपा ने ट्रंप के दावों और बयान को हाथों हाथ लिया। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर ट्रंप के बयान का एक अंश शेयर करते हुए लिखा कि 'चुनाव और राजनीतिक प्रक्रिया सुदृढ़ीकरण के लिए संघ' को 486 मिलियन डॉलर, जिसमें मोल्दोवा में 'समावेशी और सहभागी राजनीतिक प्रक्रिया' के लिए 22 मिलियन डॉलर और भारत में मतदाता मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर शामिल हैं। मतदाता मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर? यह निश्चित रूप से भारत की चुनावी प्रक्रिया में बाहरी हस्तक्षेप है। इससे किसे लाभ होगा? निश्चित रूप से सत्तारूढ़ पार्टी को नहीं!

### बांग्लादेश को भी की है फंडिंग

एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग ने खुलासा किया है कि अमेरिका द्वारा दुनियाभर के देशों को फंडिंग देने वाली एजेंसी यूएसएआईडी के जरिए फंडिंग की गई है। अमेरिकी सरकार बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता को मजबूत करने के नाम पर 2.9 करोड़ डॉलर की भी वित्तीय मदद दे रही थी। बांग्लादेश को फंडिंग का खुलासा ऐसे वक्त हुआ है, जब बीते साल बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार का पतन हुआ और उसकी जगह मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ है। अमेरिका द्वारा बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता को मजबूत करने के नाम पर फंडिंग की गई, लेकिन फिलहाल बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल है और अमेरिका पर ये आरोप भी लगे हैं कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के गिरने के पीछे भी अमेरिका समर्थित डीप स्टेट हो सकते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109